सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल




वैशाख शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 12 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 203, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

संसेक्स 72,664.47 ▲ +260.30
डॉलर 83.553 ▼ +0.101

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 72,880

चांदी (1 किलो) 84,960

# लोकसभा चुनाव को लेकर थमा प्रचार का शोर, मतदान कल, तैयारी पूरी

■ 213 मतदान केंद्र के लिए 852 पोलिंग पार्टी रवाना : डीईओ ■ निर्वाची पदाधिकारी ने की मतदाताओं से हर हाल में वोट करने की अपील

## प्रशासन चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार : पलामू एसपी

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के प्रथम चरण का मतदान 13 मई को होना है। शनिवार को चुनाव प्रचार थम गया है। यह जानकारी पलामू उपायुक्त सह निर्वाची पदाधिकारी शशि रंजन ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 13 मई को होने वाले मतदान के लिए दूरस्थ क्षेत्र में पड़ने वाले 213 मतदान केन्द के लिए 852 पोलिंग पार्टी को रवाना कर दिया गया है। जीएलए कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर पर मतदानकर्मियों को ब्रिफिंग करने के पश्चात गतव्यं तक रवाना किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि लोकसभा में आठ ऐसे मतदान केन्द्र हैं। जहां हेलिकाप्टर से पोलिंग पर्सन जायेंगे। इन सभी कर्मियों को चियांकी हवाई अड्डा से ले जाने की व्यवस्था की गई है। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव को लेकर रूट चार्ट बना लिया गया है। माईक्रो ऑब्जर्बर की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है जो चुनाव के दिन तत्पर रहेंगे। डिस्पैच सेंटर पर मतदानकर्मियों को कोई परेशानी नहीं हो इसका ख्याल रखा जायेगा।

**पलामू में बनाये गए हैं 2427 मतदान केन्द्र :** उन्होंने बताया कि डिस्पैच सेंटर में कर्मियों को सभी मतदान सामग्री के साथ पोलिंग पर्सन को मिलानकर दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान पोलिंग पार्टी संबंधित मतदान केन्द्र

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर





### नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में अब डोर टू डोर जनसंपर्क करेंगे

मेदिनीनगर। पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार का शोर शनिवार को थम गया। अब प्रत्याशी डोर टू डोर जाकर संपर्क साध रहे हैं और समर्थन की अपील कर रहे हैं। पलामू लोकसभा सीट के लिए चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जायेंगे। प्रशासनिक स्तर पर इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। पलामू लोकसभा सीट के लिए नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भाजपा के वीडी राम, राजद की ममता भुइयां, बसपा से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, राष्ट्रीय समानता दल से ब्रजेश कुमार तुरी, शोसलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिष्ट) से महेन्द्र बैठा, बहुजन मुक्ति पार्टी से रामवचन राम, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से वृंदा राम, लोकहित अधिकार पार्टी से सनन राम एवं निर्दलीय गणेश रवि शामिल हैं।

### तीनों जिलों के पुलिस प्रशासन चुनाव कराने में जुटे हैं : डीआईजी



पलामू के डीआइजी वाइएस रमेश ने बताया कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रशासन तत्पर है। उन्होंने बताया कि चुनाव में भारी संख्या में अर्द्धसैनिक बल को लगाया गया है। जो चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में महती भूमिका निभायेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव में 12 हजार पुलिस बल लगाए गए हैं। ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र जहां नेटवर्क की समस्या रहती है। उन क्षेत्रों में विशेष परिस्थिति में सेटेलाइट फोन का भी इस्तेमाल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि तीनों जिलों के पुलिस प्रशासन चुनाव कराने में जुटे हैं।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव को लेकर अस्थायी रूप से रूट किया गया चेंज

**मेदिनीनगर।** 13 मई को लोकसभाा चुनाव के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। जिसमें रविवार 12 और 13 मई को मालवाहक ट्रक एवं पैसेंजर बस, छोटे वाहन के लिए अस्थायी रूप से रूट और पड़ाव निर्धारित किया गया है। इसके तहत लेस्लीगंज की ओर से आने वाली वाहन 12 मई को समय 07:00 बजे पूर्वाह्न से अगले आदेश तक अस्थायी रूप से चियांकी बाईपास रोड से होकर गुजरेंगी। जबकि रांची रोड से आने वाली वाहनें सदर थानान्तर्गत चियांकी-रजवाडीह बाईपास रोड में 13 मई को समय 5 बजे शाम से 12 बजे रात तक अस्थायी रूप से पड़ाव करेंगी। वहीं गढ़वा की ओर से आने वाली वाहनें चैनपुर थानान्तर्गत मंगरदाहा घाटी के पास 13 मई को समय 5 बजे शाम से 12 बजे रात तक अस्थायी रूप से पड़ाव करेंगी। जबकि राँची की ओर से आने वाली वाहनें सतबरवा थानान्तर्गत सतबरवा बाजार के पूर्व 13 मई को को समय 5 बजे शाम से 12 बजे रात तक अस्थायी रूप से पड़ाव करेंगी। जबकि औरंगाबाद बी-मोड़ की ओर से आने वाली वाहनें 13 मई को समय 5 बजे शाम से 12 बजे रात तक अस्थायी रूप से पड़वा थानान्तर्गत पाटन मोड़ के समीप पड़ाव करेंगी।

## आज के मैच

CHENNAI SUPER KINGS VS RAJASTHAN ROYALS

**समय : 12 मई, 3:30 बजे से**
**स्थान : चेन्नई**

## आज के मैच

ROYAL CHALLENGERS VS DELHI CAPITALS

**समय : 12 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : बेंगलुरु**




# शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी : नरेन्द्र मोदी

❍ तुष्टीकरण की राजनीति करने को दलित, आदिवासियों के आरक्षण पर हकमारी कर रहा इंडी गठबंधन

❍ झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर, यहां नेताओं के पीएस के नौकर के घर से भी नोटों के पहाड़ निकल रहे




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया/चतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चतरा के सिमरिया स्थित मुरवे मैदान में भाजपा के हजारीबाग प्रत्याशी मनीष जायसवाल और चतरा प्रत्याशी कालीचरन सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और झामुमो पर तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। सभा में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पीएम ने कहा कि चार जून को क्या नतीजे आएंगे वह यहां साफ दिख रहा है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि इा बार शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीटें मिलने जा रही हैं। कहा, पूरा गठबंधन सिर्फ इस बात की कोशिश कर रहा है कि उन्हें विपक्ष का दर्जा मिल जाए। इसलिए ये अब छोटे और क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस में विलय की बात करने लगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहां नेताओं के पीएस के घर से भी नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पीएस और उसके नौकर के घर में इतने पैसे निकल रहे हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उनके पास कितने पैसे होंगे। बेशर्मी देखिए इतने नोट निकलने के बाद शर्म से आंखें झुक जानी चाहिए लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। कहा, इस लूट के काले धन को सिर्फ एक ही व्यक्ति बाहर ला सकता है, जिसके ऊपर एक भी दाग नहीं हो और वह है सिर्फ आपका बेटा मोदी।

**प्रभु राम को आदिवासियों ने बनाया मर्यादा पुरुषोत्तम :** प्रधानमंत्री ने कहा कि जब प्रभु राम को 14 वर्षों का वनवास मिला तो वह आदिवासियों के ही बीच रहे। इस वर्ग के सहयोग से ही वे बाद में वह मयार्दा

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# हेमंत के विकास कार्य से घबराकर केन्द्र ने भेजवाया जेल : कल्पना सोरेन

● भाजपा लोगों को झूठे सपने दिखलाकर सत्ता में बने रहना चाहती है

● हमने बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ मांगा तो केंद्र नाराज हो गई



**मेदिनीनगर/गढ़वा।** पलामू लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कल्पना सोरेन पलामू पहुंची। इंडी गठबंधन से राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में उन्होंने गढ़वा के चिनियां और चैनपुर के हरिनामाड़ में चुनावी सभा की। कल्पना सोरेन ने चैनपुर में कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विकास की गाड़ी को देखकर केंद्र सरकार इतनी घबरा गई थी कि एक साजिश के तहत उन्हें चुनाव से पहले जेल भिजवा दिया। केंद्र सरकार को इस बात की डर थी कि कही हेमंत सोरेन बाहर रहकर पूरे झारखंड से उनका सुपड़ा ना साफ कर दें। उनके जेल में रहते हुए भी झारखंड की जनता केंद्र की भाजपा सरकार को सबक सिखाएगी और इंडी गठबंधन प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य वोट देगी। कल्पना ने यह भी कहा कि सबको हरा राशन कार्ड मिला था, लेकिन केंद्र सरकार ने उसे काट दिया, लेकिन हेमंत सोरेन ने हरा राशन कार्ड पुनः दिलवाया। इस कार्ड से लोगों को खाद्यान्न मिल रहा है। केंद्र सरकार की आवास योजना में भी झारखंड के साथ धोखा हुआ। ऐसे में अबुआ आवास योजना लेकर हमारी सरकार आई। इस योजना से तीन कमरों का पक्का मकान बन रहा है। कल्पना ने कहा कि झारखंड में भाजपा समर्थित सरकार नहीं रहने के कारण केंद्र ने हमारे साथ सौतेला व्यवहार किया है। वहीं चिनियां प्रखंड के चिरका स्थित आईटीआई के मैदान में उन्होंने कहा

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों का किया दौरा

# पीएम मोदी का कोई विकल्प नहीं : वीडी राम

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** शनिवार को पलामू के निवर्तमान सांसद और पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों पूर्वडीहा, लिधकी, पतरिया, बोकेया, कटुवल, कोशियारा, एवं पथरा आदि में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही केन्द्र सरकार के उपलब्धियों को गिनाते हुए लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान हेतु अनुरोध किया। मौके पर सांसद राम ने कहा कि मोदी सरकार किसी जाति, धर्म और समुदाय में विभेद नहीं करते उनके लिए देश के सभी जाति धर्म वर्ग समुदाय के लोग उनके परिवार है और उनके नजर में सिर्फ चार जातियां- गरीब, युवा, महिला और किसान हैं। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार हमेशा गरीबों की हितों के बारे में सोचती है। राम ने कहा कि आज भारत का मान सम्मान विश्व पटल पर मोदी सरकार ने बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यदि मोदी सरकार पुनः सत्ता में आती है तो 2029 तक भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उन्होंने कहा शहर के लोगों को जो मूलभूत सुविधा मिलती है वो सभी सुविधा ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को मिले यही मोदी सरकार की सोच है। बताया कि

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# बालू को लेकर बवाल, मामला सुलझाने पहुंचे पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** लोकतंत्र के महापर्व चुनाव को लेकर जहां प्रशासनिक महकमा सक्रिय हैं। वहीं दूसरी ओर सदर व चैनपुर थाना की पुलिस सुआ कौड़िया व बसरिया स्थित कोयल नदी बालू घाट पर मामला सुलझाते दिखे। इस को लेकर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों के अनुसार सदर थाना क्षेत्र से दर्जन भर ट्रैक्टर मुखिया से चालान लेने के बाद नदी से बालू उठा रहे थे। तभी चैनपुर थाना प्रभारी वहां पहुंचे और बालू उठाने से मना कर दिया। इसके बाद काफी तू-तू , मैं-मैं की स्थिति उत्पन्न हो गई। फिर सदर थाना प्रभारी भी वहां पहुंच गए। फिर मामले का किसी तरह अंत कर दिया गया। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलने पर वे वहां पहुंचे। तब पता चला कि सीमांकन को लेकर विवाद हो रहा है। दोनों तरफ के मुखिया जहां से बालू निकाला जा रहा है। उसे अपने क्षेत्र के अधीन मान रहे थे। इसके बाद चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि सुआ कौड़िया वाला

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

एनएचएआई के कर्मियों ने मारपीट करने का मामला दर्ज कराया

# एनएचएआईकर्मी लोगों को धमकाकर जमीन का कागज ले रहे हैं : ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एनएचएआई के कर्मियों ने सतबरवा थाना में शनिवार को दो लोगों पर नामजद व बीस - पच्चीस अज्ञात लोगों पर मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला दर्ज करवाया है। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने इसकी पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि एनएचएआई के द्वारा अधिग्रहित भूमि का बहला फुसलाकर एलपीसी बनाने के लिए कुछ रैयत से जमीन का जबरन कागजात ले रहे थे और उपर से रैयतों को मारपीट करने की धमकी दे रहे हैं। इसकी जानकारी होंने पर रैयतों ने तुंबागड़ा के पास एनएच कर्मी को घेर कर इसका विरोध किया । इसी बीच एनएचआई कर्मी व रैयतों के बीच तू - तू ,मैं- मैं हो गई। रैयतों का नेतृत्व कर रहे सुभाष चन्द्र बोस ने मार-पीट, गाली-गलौज करने के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि शनिवार को सतबरवा ब्रह्मदेव स्थान पर सुबह

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**इंडिया**

# मोदी सरकार बनी तो होंगे चार ऐतिहासिक कार्य जिन्हें याद किया जाएगा



सुनील बादल

**इस** बार चुनाव में सामानों की तरह वारंटी और गारंटी की चर्चा जोरों पर है और आरोपों प्रत्यारोपों या अफवाहों के बीच कुछ खास है जिसकी चर्चा चुनाव परिणाम के बाद हो सकती है और यदि ऐसा हुआ जिसकी अधिक संभावना है तो भारत का इतिहास इसे लंबे समय तक याद रखेगा। यह मामला मोदी की गारंटी से जुड़ा है। लोग जानते हैं कि मोदी कोई काम चोरी छिपे नहीं करते और उनके सार्वजनिक बयानों में उनकी भविष्य की योजनाओं की खुली घोषणा होती है। ऐसा निश्चित रूप से होगा यह भी नहीं कहा जा सकता पर मोदी जी के ट्रैक रिकॉर्ड से इसका पक्का अनुमान जरुर लगाया जा सकता है। 4 जून के बाद यदि उन्हें पूर्ण बहुमत मिल जाता है तो वे बंगाल के संदेशखाली की महिलाओं को न्याय दिलाने का वायदा पूरा करेंगे। चूंकि वहां उनकी सरकार नहीं है तो इसके लिए वहां की अराजक स्थिति को आधार बनाकर सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू कर ही ऐसा किया जा सकेगा। मोदी जी संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं को इसी तरह न्याय दिला पाएंगे।इसी तरह दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल गिरफ्तार होने के बाद इस्तीफा नहीं देने पर अड़े हैं इडी के सम्मन को दस बार नकार कर अपना केस वे खुद खराब कर चुके हैं और जेल के अंदर से तकनीकी रूप से सरकार नहीं चल सकती ऐसे में उनकी सरकार भी बर्खास्त होगी जिससे एक कड़ा संदेश जाएगा। केजरीवाल जी को पूरी उम्मीद थी कि उनकी ईमानदारी और गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली की जनता सड़कों पर उतरेगी पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। दूसरी तरफ निचली से शीर्ष अदालतों तक में बड़े से बड़े वकील उन्हें जमानत नहीं दिलवा पा रहे जिससे उनके विरुद्ध कार्रवाई की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है इंतजार है चुनाव के समाप्त होने और नई सरकार के बनने का। इसी तरह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को औपचारिक रूप से भारत के अभिन्न अंग के रूप में शामिल करने की बात मोदी जी सहित रक्षा मंत्री राजनाथ और अन्य मंत्री सार्वजनिक मंचों पर कहते रहे हैं। यह भी 370 हटने की तरह पूरी तैयारी के साथ होगा जिसके लिए बहुत दिनों से रणनीति बनाई जा रही है इंतजार चुनाव के समाप्त होने का है ताकि विरोधी चुनाव प्रक्रिया को बाधित न कर पाएं। चौथा ऐतिहासिक काम होगा भ्रष्टाचार पर प्रहार का। संभावना है कि सभी लेनदेन ऑनलाइन कर दिए जाएं और सेवाओं की समयावधि तय की जाए। अभी बड़े भ्रष्टाचारियों पर चल रही इडी,आयकर विभाग और सीबीआई की कार्रवाई को तेज कर पूरी व्यवस्था को सुधारने के लिए तकनीक की मदद ली जाएगी और अदालतों में होने वाली देरी को कम करने के लिए नया मैकेनिज्म विकसित किया जा सकता है ताकि छोटे मामलों से अदालतों का समय बर्बाद न हो ।इन सभी की गारंटी मोदी जी दे चुके हैं और पहले उन्होंने अपना कहा हुआ पूरा कर दिखाया भी जिससे इसकी पूरी संभावना बनती है ।पर सब कुछ चुनाव के परिणामों पर निर्भर करता है जिसपर अनुमान ही लगाया जा सकता है जबकि भाजपा जीत के प्रति आश्वस्त होकर पूरे आत्मविश्वास के साथ इसके इसकी तैयारी में लगी है जबकि विपक्ष उन्हें हर मोर्चे पर विफल बता रहा है ।पीएम मोदी ने कहा कि 'जब सभी से उम्मीद खत्म हो जाती है, तब 'मोदी की गारंटी' शुरू होती है।' मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के उनके संकल्प के केंद्र में छोटे शहरों का विकास है। 'राहुल गांधी जैसे नेताओं ने खुलेआम आरोप लगाए हैं कि भाजपा की योजना संविधान बदलने और लोकतंत्र के मूल स्वरूप में परिवर्तन करने की है। उन्होंने ऐसे किसी संभावित 'दुस्साहस' के परिणाम भुगतने और सड़कों पर उतरकर उसके विरोध की धमकी भी दी है। ऐसे उकसावे और संकेतों से मोदी विरोधियों ने वैश्विक समुदाय के समक्ष यही संदेश देने का प्रयास किया है यदि मोदी सत्ता में लौटते हैं तो इससे भारतीय लोकतंत्र के समक्ष जोखिम बढ़ सकते हैं।



ऐसी मनगढ़ंत बातों को अंतरराष्ट्रीय मीडिया के एक हिस्से द्वारा लपक लिया जाता है। वह लोकतांत्रिक संस्थानों पर आरएसएस के कब्जे, मीडिया पर नियंत्रण, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और चुनावी बांड के जरिये भ्रष्टाचार से जुड़े विपक्ष के आरोपों में अपना सुर मिलाने लगता है। कुछ लोग तो न्यायपालिका तक को नहीं बख्शते कि उसकी भी सरकार से मिलीभगत है। कुछ को ईवीएम में खोट नजर आता है कि उसके जरिये चुनाव प्रभावित किया जा सकता है। इन सबके बीच मोदी बेफिक्र होकर अपने लक्ष्य की पूर्ति में जुटे हुए हैं।मोदी कई मंचों पर कह चुके हैं कि तीसरे कार्यकाल की उनकी कार्ययोजना तैयार है। आचार संहिता लागू होने से पहले ही उन्होंने सत्ता में वापसी के बाद शुरूआती सौ दिनों का एजेंडा भी पेश किया। भाजपा ने संकल्प पत्र के नाम से अपने घोषणा पत्र में भविष्य को लेकर अपनी योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया है, जिसमें कई नीतियों में निरंतरता रखने का उल्लेख है।

## धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम में शनिवार को डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से बच्चों को डैम से बाहर निकालने की कोशिश कर रही है। डूबे हुए बच्चों में आलोक कुमार (15) और बंटू कुमार शामिल है। दोनों बच्चें शर्मा कॉलोनी धुर्वा के रहने वाले हैं। नहाने के दौरान दोनों बच्चे डैम में बने खतरे के निशान को पार कर गए। इसी दौरान दोनों बच्चे डूब गए। नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया नहाने के दौरान दो बच्चे डूबे है। एनडीआरएफ टीम को भी सूचना दी गयी है।

## एक नजर

### जिला पार्षद ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क, लोगों से मांगा वोट

**विश्रामपुर।** जिला पार्षद सह युवा भाजपा नेता विजय रविदास ने शनिवार को विश्रामपुर प्रखंड के कई इलाकों में पार्टी कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क चलाया। इस दौरान रविदास ने लोगों से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों के समक्ष मोदी सरकार की उपलब्धियां रखी। इसके अलावा निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों से भी लोगों को अवगत कराया। विजय रविदास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत 2047 तक हर क्षेत्र में महाशक्ति बन जायेगा। यह मोदी की गारंटी भी है। मोदी की गारंटी पर तो पूरा देश विश्वाश करता है। रविदास ने दावा किया कि पलामू लोस सीट फिर से भाजपा भारी अंतर के साथ जीतेगी। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### एनपीयू के लापरवाही से हजारों छात्र पीजी नामांकन से वंचित : एनएसयूआई

**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि एनपीयू के परीक्षा विभाग के लापरवाही और समय पर स्नातक का रिजल्ट घोषित नहीं होने के कारण पीजी सत्र 2023-25 में हजारों विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि स्नातक सत्र 2020-23 फाईनल सेमेस्टर का रिजल्ट मार्च के अंतिम सप्ताह में जारी की गई है,परंतु कुछ रिजल्ट इंटरर्नल मार्क्स और प्रैक्टिकल मार्क्स की वजह से पेडिंग छोड़ दिया गया और सत्र 2018-2021,2019-2022,2020- 2023 के सेमेस्टर 1 का परीक्षाफल प्रकाशित नहीं किया गया जिसकी परीक्षा फाइनल परीक्षा से चार माह पूर्व ही ले ली गई थी।

### शराब बनाने के लिए लाया जा रहा था स्प्रिट की बड़ी खेप पकड़ायी

# एक अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार, अन्य फरार

**एक टैंकर, हाइवा, पिकअप, मारुति ब्रेजा कार जब्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली थी कि छतरपुर थाना अंतर्गत नेवरीबार रूपचंदडीह स्थित सुदेश्वर भुइयां के घर के पास अवैध स्प्रीट की बड़ी खेप को टैंकर से प्लास्टिक के जार में भरा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया। दल ने उक्त स्थान पर जाकर देखा तो नेवरीबार रूपचंदडीह स्थित सुदेश्वर भुइयां के घर के समीप पहुंचे। वहां एक टैंकर, हाइवा पिकअप वाहन सवार लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। लेकिन पुलिस उसमें से एक को दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछने पर पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम भीम सिंह बताया और वह पंजाब के मोहाली जिला के थाना डेराबासी का रहने वाला था। वहीं स्प्रिट से भरा हुआ टैंकर वाहन नंबर पीबी 65 एए 9213, पिक अप वाहन संख्या जेएच 03एएन 5609 जिसमें 25 जार स्प्रिट भरा हुआ। हाइवा वाहन संख्या जेएच 02एवी 5415 जिसमें 150 जार स्प्रिट भरा हुआ तथा कारोबार में संलिप्त मारुति ब्रेजा कार संख्या जेएच 02 बीएफ 4676 को जब्त कर छतरपुर थाना लाया गया। मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उक्त छापेमारी दल में छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, इंस्पेक्टर द्वारिका राम, छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन, नौडिहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, एसआई राहुल कुमार, एस आई अनिल कुमार रजक समेत कई जवान शामिल थे।



### बरामद स्प्रिट का बाजार मूल्य करीब 64 लाख रुपए है : एसपी



एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि बरामद स्प्रिट का बाजार मूल्य करीब 64 लाख रुपए है और इसे आसनसोल से लाकर बिहार ले जाने की तैयारी थी। एसपी ने बताया कि पुलिस लगातार नजर बनाये हुए है। कहीं भी सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवायी कर रही है।






### विधायक पुष्पा देवी ने की कई गावों में पथ सभा

# प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पलामू लोकसभा चुनाव मतदान के नजदीक पहुंची। प्रत्याशी चुनाव में अंतिम दम तक प्रचार में लगे हुए है। पलामू भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में पाटन छतरपुर विधानसभा के विधायक पुष्पा देवी ने पड़वा प्रखंड के बटसारा गांव में पथ सभा का आयोजन कर भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस सभा में विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहीं की राजनीतिक पार्टी एक साथ गठबंधन बनाकर जनता को ठगने का काम कर रही है। आप लोग तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी मतों से विजई बनाएं। पंडवा के विभिन्न गांव में जाकर विधायक ने 13 मई को मतदान करने का अपील किया। मौके पर पड़वा मंडल अध्यक्ष जमुना सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य भोला सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, अरुण दुबे राकेश पांडे, वशिष्ठ मेहता, सत्येंद्र मेहता, नागेश्वर सिंह, उपेंद्रनाथ सिंह रीना देवी, उषा देवी, पूजा देवी, शोभा पासवान, सविता देवी, अंजली देवी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जनता की अपार जनसमर्थन भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है : अविनाश





**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद चुनाव बीस प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र से जनता के अपार जनसमर्थन मिल रहा है। वे हुसैनाबाद भाजपा कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती व सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र की जनता ने पुनः एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए गौरव की बात है कि हमारे सांसद प्रत्याशी एक पढ़े लिखे है, जो एक आईएएस अफसर भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि गत दिनों मेदिनीनगर में आयोजित पीएम की जनसभा के उपरांत यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने वीडी राम को देश की जरूरत बताया है। इससे स्पष्ट होता है कि पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के अपार जन समर्थन से वीडी राम इस बार केंद्रीय मंत्री बनकर क्षेत्र का सम्मान बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने क्षेत्र वासियों से देश मे मजबूत व सशक्त सरकार के लिए लोकतंत्र के महापर्व में 13 मई को मतदान करने की अपील की है। इस मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ,रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह,अशोक कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, संतोष सिंह, रामेश्वर राम, उदय विश्वकर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पोंची पंचायत के हलुमाड़ गांव में सांसद प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में की गई सभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** पलामू लोकसभा सतबरवा प्रखंड अंतर्गत पोंची पंचायत के हलुमाड़ गांव में शक्ति केन्द्र पर सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में सभा की गई। इसमें सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया तथा सभी ने संकल्प लिया कि कमल फूल छाप पर बटन दबाकर विष्णु दयाल राम को भारी मत से विजयी बनाएंगे एवं विकसित भारत के तहत 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र बनाएंगे। वहीं लगातार सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की पक्ष में गांव-गांव व घर-घर जाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। ताकि विष्णु दयाल राम की जीत हो तथा प्रधानमंत्री मोदी 400 पार का नारा पुरा हो। मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष सीटू गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष विजय पाठक, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, प्रखंड संयोजक महेश्वर सिंह, बैजनाथ प्रसाद आर्य, केशर सिंह, विजय बैठा, मनोज मेहता, लीलू सिंह, दिलीप शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, विजय मांझी, शीला देवी, अनीता देवी, सरस्वती देवी, लालती देवी, प्रिया श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह, कमल यादव, महरंग यादव, अनिल सिंह, तिलकधारी सिंह, रामश्रय सिंह, समेत एक सौ की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।



# इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पलामू संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में राजद द्वारा हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में वोट करने की अपील किया गया। इमामगंज विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी रौशन मांझी, राजद के वरिष्ठ नेता जनार्धन राय, डुमरिया के पूर्व ज़िला पार्षद कृष्णा दास, विकास मांझी, कार्यालय प्रभारी बुधन सिंह यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव ने आने वाली 13 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव में देशहित में महागठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुइयां को वोट देकर विजय बनाने की अपील किया। इस बार लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए आने वाली 13 मई को अपने-अपने घरों से निकल कर राजद प्रत्याशी को जिताने के लिए लालटेन छाप पर वोट करे। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, बुधन सिंह यादव, विकास यादव, आनंद यदुवंशी, दीपक यादव, इंजीनियर संजय यादव, अशोक यादव, रामप्रवेश यादव, राजकुमार गुप्ता, महेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, मिथिलेश यादव, जितेंद्र पासवान, पवन यादव, राजेन्द्र यादव, सुनील यादव, शिवलाल यादव, उपेन्द्र यादव, योगेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व लोग मौजूद थे।

### पलामू में बदलाव की बयार, गठबंधन प्रत्यासी ममता भुइंया की जीत तय : ऋषि

**विश्रामपुर।** नगर कांग्रेस अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि पलामू लोस क्षेत्र में पिछले दस वर्षों से विकास ठहर गया है। क्षेत्र के विकास हेतु राजनीतिक परिवर्तन बेहद जरूरी हो गया है। इस बात को जनमानस भी समझ चुका है। इस बार पलामू में बदलाव की बयार चल रही है। और यह बयार इंडिया गठबंधन की ओर है। पलामू की जनता ने गठबंधन प्रत्यासी ममता भुइंया को अपना समर्थन दे दिया है। जिससे उनकी जीत तय है। पांडेय बी मोड़ पर नगर कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। इससे पहले कांग्रेसी नेताओं ने गोदरमा, सबौना, रक्साहा, भोलाटांड, लरंगाहा, डंडीला, रेहला सहित कई गांवों में जाकर गठबंधन प्रत्यासी ममता भुइंया के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। मौके पर इंटक नेता मनोज शुक्ला, प्रमोद पांडेय, डॉ शैफुल हक, निजाम अंसारी, विक्की मेहता, आमिर हुसैन, मनसुख अंसारी सहित कई कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हुसैनाबाद प्रखंड के झरगाड़ा गांव में भाजपा ने किया पथ सभा

# देशहित में मोदी सरकार हैं जरूरी : कर्नल संजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** उर्दवार मंडल अन्तर्गत शक्ति केंद्र झरगाड़ा गांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पथ सभा का आयोजन कर भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष वोट करने की अपील किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता तथा संचालन रंजीत गुप्ता ने किया। कार्यक्रम प्रभारी के रूप भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को पुनः मोदी सरकार की जरूरत है। मोदी ने गारंटी दिया है कि आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों का आरक्षण उनके जिंदा रहते कोई खत्म नहीं कर सकता, उनके जिंदा रहते कोई देश के संविधान को नहीं बदल सकता इंडिया गठबंधन के भ्रष्टाचार और घोटाले में लिप्त हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी को भारी संख्या में वोट देकर मोदी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर मुखिया अशोक चौधरी, कपिल देव यादव, बिरबली यादव, अबरार हुसैन पिन्टु शर्मा, अजय साव, सुभग सिंह, राम प्रवेश सिंह, संतोष चौधरी, सुभाष लाल यादव, रामपुजन प्रसाद, सुदेश सिंह, सुशील माली सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।







## सुप्रभात पलामू



### पलामू वासियों को नमस्कार।

लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में देश के सभी नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। 13 मई को अपने नजदीकी के मतदान केन्द्रों पर जाकर शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें।

**प्रिया सिंह, समाजसेवी, मुकुन्दपुर केतार, गढ़वा।**

### अक्षय तृतीया से शुरू हुआ श्रीरामजानकी मंदिर में रागभोग

**मेदिनीनगर।** नगर निगम अंतर्गत बारालोटा मोहल्ला के पांकी रोड में स्थित जनकपुरी के श्री रामजानकी मंदिर न्यास समिति ने अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में शुक्रवार से भगवान को छप्पन भोग लगाने के कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

### लू से सावधानी बचाये सबकी जान : विपिन शुक्ला

**मेदिनीनगर।** प्रदेशवासियों अपील है कि आप लू के प्रभाव को गंभीरता से लें। इससे हेतु आवश्यक सावधानी रखें और सुरक्षित रहें। **बचाव के लिए क्या करें :-** घर से बाहर निलकलने से पहले भर पेट पानी आवश्य पीयें। सूती एवं ढीले व आरामदायक कपडें अवश्य पहनें। धूप में अपना सिर ढक कर अवश्य रखें। टोपी कपड़ा या छतरी का उपयोग करें।

# 320 आर्म्स शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस रद्द

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर । लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के वैसे शस्त्र लाइसेंसधारी जिन्होंने अपने शस्त्र का भौतिक सत्यापन नहीं कराया, शस्त्र को स्थानीय थाने में जमा भी नहीं कराया और ना ही जमा से विमुक्ति हेतु स्क्रीनिंग समिति के बैठक में आवेदन किया। वैसे कुल 320 आर्म्स लाइसेंसधारियों का लाइसेंस जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने रद्द कर दिया है। इस बाबत सभी संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को जिला शस्त्र शाखा से आदेश पत्र जारी किया गया है। उन्होंने कह कि कानून के नजर में सभी एक समान हैं।

### कई नामचीनों के नाम हैं शामिल

पलामू उपायुक्त सह निर्वाची अधिकारी द्वारा जिन 320 लोगों का शस्त्र का लाइसेंस रद्द किया गया है। उनमें कई नामचीन नेताओं के अलावा कई आला अधिकारियों के भी नाम शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व विधायक इंदर सिंह नामधारी के पुत्र दीलिप सिंह नामधारी, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, पुलिस उपाधीक्षक गिरिश पांडेय, भाजपा नेता दिवाकर पांडेय, फिल्ड डाइरेक्टर प्रोजेक्ट टाईगर मेदिनीनगर, प्रमोद कुमार सिंह थाना प्रभारी चैनपुर सहित कई प्रसिद्ध व्यवसायियों के भी नाम हैं।




### बसपा प्रत्याशी बैठा ने बाजार क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

**मेदिनीनगर।** लोकसभा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने बाजार क्षेत्र में सैकड़ो कार्यकताओं के साथ जन संपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान कामेश्वर बैठा ने लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। लोगों ने भी भरोसा दिलाया कि हाथी छाप पर ही मतदान करेंगे और कामेश्वर बैठा को विजई बनाएंगे।

## एक नजर

### वोट डालने की रील या वीडियो न बनाएं: प्रशासन

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने वोट डालने की रील या वीडियो न बनाएं, क्योंकि इससे मतदान केंद्र पर वोट डालने की गोपनीयता भंग होती है। सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी और कार्मिक कोषांग के नोडल अधिकारी कुंदन कुमार ने मतदाताओं से अपील किया कि जब वह मतदान केंद्र जाए तो उनको किसी भी स्थिति में वह अपने मतदान करने का फोटो , विडियो, रील नहीं बनाया मतदान की पवित्रता को रखें मतदान की गोपनीयता भंग नहीं होने दें। कार्मिक कोषांग के नोडल अधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि प्रत्येक मतदाता वोट और मतदान की पवित्रता का सम्मान करने के लिए पर्याप्त समझदार होंगे कोई बेईमानी नहीं होनी चाहिए। यह लोकतंत्र की पवित्र भावनाओं के खिलाफ है। मतदान केंद्र के गर्भगृह में रील या वीडियो बनाना सबसे अवांछनीय है, जिसकी हर मतदाता को निंदा करनी चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि शॉट लेना सबसे अतार्किक और अप्रासंगिक है।

### मतदान सामग्री लेकर डिस्पैच सेंटर से रवाना हुए मतदान कर्मी, दिखा उत्साह

# शांतिपूर्ण तरीके से करायें मतदान, प्रशासन आपके साथ: डीईओ





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों को शनिवार को मतदान सामग्री उपलब्ध कराया गया। इसके लिये जिला मुख्यालय स्थित गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के परिसर में विधानसभा वार अलग-अलग काउंटर लगाये गये थे । जहां संबंधित बूथों के कर्मियों को मतदान सामग्री उपलब्ध कराया गया। इसके बाद उसका मिलान किया गया। प्रतिनियुक्ति कर्मी सुबह 7 बजे से ही केंद्र पर पहुंच गये थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन,पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन चारों विधानसभा के सहायक निवार्ची पदाधिकारी के देख-रेख में वितरण कार्य शुरू हुआ।

### कुल 213 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी हुई रवाना

चारों विधानसभा हेतु अलग-अलग काउंटर बनाये गये थे जहां कई तरह के कागजी प्रक्रिया के पश्चात उन्हें मतदान सामग्री देकर अपने-अपने बूथों के लिये रवाना कर दिया गया।पोलिंग पार्टी के साथ सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस बल को भी टैग किया गया था।आज डालटनगंज विधानसभा के 47,विश्रामपुर के 12,छत्तरपुर के 97 व हुसैनाबाद के 57 बूथों के लिये पोलिंग पार्ट को रवाना किया गया। इसी तरह आज कुल 852 मतदानकर्मी अपने-अपने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये रवाना हुए। जीएलए कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर में मतदानकर्मियों के रवानगी के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उन्हें कई बिंदुओं पर ब्रीफ किया।



### एनडीए प्रत्याशी बीडी राम भारी मतों से विजय की ओर: सतीश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि 13 मई को हमारे कार्यकर्ता हर गांव से जनता को मतदान करने के लिये अभी से प्रेरित करें। पलामू जनता ने लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बीडी राम भारी मतों से विजयी बनाने का जनता ने मन बना लिया है। झारखंड में इन्डिया गठबन्धन को तो वोट मांगने का नैतिक अधिकार भी नहीं है। जब लाखो झारखण्डी अलग राज्य के आन्दोलन मे अपनी सब कुछ न्योछावर कर रहे थे तो राष्ट्रीय जनता दल के महामहिम लालू यादव अपने लाश पर झारखण्ड राज्य का निर्माण करा रहे थे। इन्हें झारखण्डी जनता से मतलब न उस समय था और न आज है। उनकी गिद्ध दृष्टि झारखण्ड के प्राकृतिक सम्पदा, वन सम्पदा और खदानों पर लगी थी। झारखंड आंदोलन को बेचने वाले झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और खरीदने वाले कांग्रेस के नरसिंह राव सरकार और अन्त में शिबू सोरेन को भ्रष्टाचार के मुकदमा मे फसाने वाले यही कांग्रेसी है। कल तक सडक पर जय श्री राम चिल्लाने वाली मोदी भक्त ममता भुइयां को टिकट नहीं मिला तो राजद में शामिल होकर सांसद बनने की सपना देखने लगी। जनता सब जानती है जात पात की राजनीति करने वालों को नकार चुकी हैं। इन्डिया गठबन्धन के सभी दल झारखण्ड मे 5 साल राज्य में सरकार बना कर प्राकृतिक सम्पदा का दोहन किया । अब मुखिया हेमंत सोरेन जेल में है इनके और भी मंत्री का जेल का फाटक इन्तजार कर रहा है। सांसद बीडी राम का 10 बर्ष का कार्यकाल कांग्रेसियों के 70 बर्ष के कार्यकाल पर भारी है। एन डीएनए झारखण्ड के 14 लोक सभा में भारी मतों से जितेगी।

### ममता भुइयां ने की अपने पक्ष में वोट देने की अपील

**मेदिनीनगर।** पड़वा में ममता भुइयां ने गुरुवार को कजरी, गाड़ी खास, बड़का भीठा, सूद, कोकरसा, मुरमा, कजरमा, मंझीगांव, चेछौरी, पतरा, मनआहार में लोगों से मिल कर अपने पक्ष में वोटिंग की अपील की गई। मौके पर पांडवा राजद अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार मेहता, मुख्यालय देवी,आकाश भुइयां आदि शामिल थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया



**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर टीओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने आईआरबी और टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ अपने क्षेत्र में शनिवार को फ्लैग मार्च किया।फ्लैग मार्च कर लोगों को भय मुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील किया।वही टीओपी प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के आदेश के आलोक में टीओपी 3 थाना क्षेत्र के विभिन्न बूथ का निरीक्षण एवं फ्लैग मार्च किया जा रहा है। ताकि लोग भय मुक्त माहौल में मतदान कर सके।वही मौके पर उपस्थित धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिले में सुरक्षा बलों की कोई कमी नहीं है, जो भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह चुनाव में बाधा डालने या फिर मतदाताओं को डराने व धमकाने का प्रयास करेगा। पुलिस प्रशासन उसके साथ सख्ती से पेश आएगा।उन्होंने मतदाताओं से कहा की सभी मतदाता 13 मई को अपने सभी आवश्यक कार्य छोड़ कर सबसे पहले अपने पोलिंग बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उसके बाद कोई दूसरा काम करें। मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान, आरिफ खान, सरवन कुमार सहित अन्य पुलिस के जवान फ्लैग मार्च में शामिल थे।

### हाइवा के धक्के से मौत

**मेदिनीनगर।** सड़क दुर्घटना में शनिवार की सुबह लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र के कुटमु गांव निवासी 60 वर्षीय व्यक्ति रामनाथ साव की मौत हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि शनिवार की सुबह रामनाथ साव अपने घर से किसी काम के लिए मेदिनीनगर आए थे। इसी बीच शहर के छह मुहान के पास हाइवा वाहन ने उन्हें पीछे से धक्का मार दिया। हाइवा के धक्के से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान, टाइगर मोबाइल के जवान हवलदार विनोद यादव घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल रामनाथ साव को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में चिकित्सको द्वारा इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।

### आपका प्रत्याशी आपके द्वार' कार्यक्रम में वीडी राम ने कहा-

# 10 वर्षों में यथा संभव अपने क्षेत्र के लिए कई बड़े काम किया हूं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को जय भवानी संघ चौक के समीप पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में 'आपका प्रत्याशी आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद स झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अजय मारु, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पलामू लोकसभा प्रभारी विनय लाल , युवा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, नगर अध्यक्ष छोटू सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष रूपा सिंह, महिला जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता, पलामू भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे एवं चैंबर के कृष्णा अग्रवाल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद बीडी राम ने कहा कि मैं 10 वर्षों में यथा संभव अपने क्षेत्र के लिए कई बड़े काम किया हूं। जिसमें कई ट्रेनों का परिचालन, मेडिकल, इंजीनियरिंग, सेंट्रल स्कूल खुलवाना, मंडल के लिए पैसा झारखंड सरकार को दिलवाना, चिरमिरी लाइन का अंबिकापुर की तरफ से काम शुरू करवाना, रांची-औरंगाबाद फोरलेन निर्माण शुरू करना, डाल्टनगंज कोयल नदी पर दूसरा पुल का निर्माण जो जल्द शुरू होगा और मेदिनी नगर शहरी जलापूर्ति फेस टू के लिए 172 करोड़ फंड उपलब्ध कराना मुख्य है। उन्होंने प्रथम महापौर अरुणा शंकर को शहर की भीषण समस्या शहरी जलापूर्ति योजना के लिए समय-समय पर अपनी सहभागिता एवं पहल करने हेतु धन्यवाद दिया। अजय मारु ने शहर में वोट प्रतिशत बढ़ाने की अपील की और कहा कि हर व्यवसायी वोट के दिन अपने कर्मियों को छुट्टी दें। प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने कहा मैं जब क्षेत्र में जाती हूं तो लोग कहते हैं सांसद जी कम बोलते हैं ,लेकिन हम फक्र से कहते हैं कि वे काम ज्यादा करते हैं। तभी बड़ी-बड़ी योजनाएं हमारे क्षेत्र के धरातल पर नजर आ रही है। प्रथम महापौर ने वीडी राम को एक बार फिर अपार मतों से जीताने की अपील की। सभा की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि हमारा शहर इस बार वोट देने के मामले में गंभीर है। हम अपार मतों से अपने प्रत्याशी को विजय दिलाएंगे। 'हमें लालटेन युग समाप्त कर सोलर युग में जाना है ' बैठक में चेंबर के सदस्यों के अलावा ब्राह्मण समाज से अजय तिवारी, मारवाड़ी समाज से दीपू सिंघानिया, जैन समाज से सरस जैन अशोक जैन, शौडिंक समाज से शशि लाल ,रौनियार समाज से कमल गुप्ता, बाजार क्षेत्र के वार्ड पार्षद लाल बाबू, चंद्रवंशी समाज से विक्की चंद्रवंशी, विश्वकर्मा समाज से मनोज विश्वकर्मा, बंगाली समाज से चंचल मित्रा, महान क्लब चैनपुर से अमित सोनी, महावीर नवयुवक दल से चंदू गुप्ता, हलवाई समाज से प्रभात कुमार गुप्ता एवं मनोहर लाली को मंच पर बैठकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। कार्यक्रम में रिंकू दुबे, राकेश सोनी, पुनीत सिंह, नीरज सिंहा, राजदेव उपाध्याय, बाबूजी एवं साथियों ने सभी को बुके देकर सम्मानित किया।





### कल्पना सोरेन ने ममता भुइयां के पक्ष में की जनसभा, कहा-

# पलामू से इंडिया गठबंधन का सांसद मिल चुका है, इंतजार कीजिए चार जून का

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू मुख्यालय से पच्चीस किलोमीटर दूर चैनपुर के हरिनामाड़ हाई स्कूल मैदान में कल्पना सोरेन के मंच पर आते ही नीलांबर-पीतांबर की लड़ाई में सम्मिलित चैनपुर की धरती को प्रणाम जोहार कर लोगों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष मे वोट करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को रोकने का प्रयास किया, लेकिन हेमंत झुका नहीं और नहीं झारखंड झुकेगा। इस बार 13 मई को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां को जितना है और गठबंधन के हाथ को मजबूत करना है। उन्होंने आगे कहा कि आप अपने आप अपने बच्चों को जो बाहर गए हैं। उन्हें अपने गांव एक दिन बुलाकर वोट देने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि वे हमारे देश के भविष्य हैं। वे अगर हमारी स्थिति को नहीं समझेंगे तो हम अपने झारखंड को नहीं बचा पायेंगे। श्रीमती सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में भाजपा की भी सरकार रही है, लेकिन उसने केन्द्र से झारखंड का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपया जो बकाया है, उसे नहीं मांगा। ताकि उन पैसों से विकास का कार्य कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा और उनके गठबंधन की नजर झारखंड की जमीन के अंदर छिपे खनिजों पर है, जिसे वे लूट कर ले जाना चाहते हैं। साथ श्रीमती सोरेन ने आगे कहा कि झारखंड गरीब राज्य नहीं है, यहां के लोगों को गरीब बनाने का काम भाजपा सरकार ने किया है।

### डिग्री कॉलेज में संचालित इंटरमीडिएट के लिए एक भी नियमित शिक्षक नहीं

**मेदिनीनगर।** पलामू के डिग्री कॉलेजों में संचालित इंटरमीडिएट में एक भी नियमित शिक्षक नहीं है। पलामू जिले में दो डिग्री कॉलेज योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज और जेएस कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई करायी जाती है। योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में इंटर में साइंस और कला की पढ़ाई करायी जाती है। जेएस कॉलेज में कला, विज्ञान और वाणिज्य की पढ़ाई करायी जाती है।

### मानसिक तनाव में आकर युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी धर्मटोला निवासी मनोज कुमार की पुत्री काजल कुमारी उम्र 20 वर्ष शुक्रवार की रात मानसिक तनाव में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी सदर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना के एएसआई टीपी रजक घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से आत्महत्या से संबंधित घटना के बारे में पूछताछ कर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद से पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई हैं। परिजनों ने बताया कि उसे दिन पहले ही काजल कुमारी का विवाह जपला में एक लड़के से तय हुआ था। कुछ महीने बाद काजल की शादी भी होने वाली थी। इस घटना के बाद से परिजनों का सदर अस्पताल में रो-रो कर बुरा हाल था।

## स्वरोजगार

### जन भागीदारी कार्यक्रम में प्रशिक्षण के बाद ग्रामीणों ने

# पुटुस की झाड़ियों से बना डाली कुर्सी, टेबल, टोकरी, स्टैंड और सुन्दर आकृतियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल में जन भागीदारी कार्यक्रम में एक बेकार पुटुस की झाड़ी को एक अत्यंत उपयोगी झाड़ी का रूप दे दिया है। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी और मंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि दो सप्ताह से इस पुटूस पर काम किया गया। इस झाड़ी को काट और छिल कर कुर्सी, टेबल, टोकरी, स्टैंड और दीवार में लटकाने वाली खूबसूरत आकृतियां बना डाली है। नागपुर के विशेषज्ञ संदीप कुमार ने इस प्रशिक्षण को दिया। 25 अप्रैल को ही बेतला में एक दिवसीय पुटूस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें रांची से वन्य विभाग की एक महिला अधिकारी ने भाग लिया था। बेतला और उसके आसपास के गांव आठ लोग इस कला को पूरी तरह सीख चुके हैं। उन्होंने बताया कि यह सारे कार्यक्रम जन भागीदारी के तहत हुआ है । जैना ने आगे बताया कि इस जन भागीदारी से जहां पलामू टाइगर रिजर्व के अन्य प्राणियों की रक्षा सुरक्षा बढ़ेगी वहीं पलामू टाइगर रिजल्ट के आसपास के रहने वाले ग्रामीण लोगों इस तरह के हैंडीक्राफ्ट से रोजगार के नए-नए अवसर पैदा होंगे। इस समय जो कुर्सियां, टेबल, टोकरी , स्टैंड और दीवार में लटकने वाली खूबसूरत आकृतियां बनी हैं, उन्हें इसे बेचा नहीं जाएगा, बल्कि वह पर्यटकों के लिए रखा जाएगा ताकि वह यह देखे समझे कि एक बेकार सी झाड़ी से इतनी खूबसूरत चीज बनाई जा सकती है और बनी है।




### छात्रों की समस्याओं को लेकर छात्र नेताओं ने ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को छात्र नेताओं ने ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप नारायण से मुलाकात की। इस दौरान छात्र नेताओं के द्वारा स्कूल की व्यवस्था और छात्र-छात्राओं से जुड़ी समस्याओं के बारे में चर्चा की। स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप नारायण ने छात्र नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं से जुड़ी समस्याएं का समाधान हर हाल में किया जायेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक हमारे स्कूल में किसी तरह की समस्या नहीं आई है। हम किसी भी समस्या को होने नहीं देंगे। मौके पर मौजूद जिला अध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा ,विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज, हिमांशु, विपिन शुक्ला, मुकेश पासवान, राहुल तिवारी तथा अन्य छात्र नेता मौजूद थे।



### कौशल ने अपने पुत्र के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित केपीजे कंपलेक्स के पीछे पर्यावरण भवन के उपरी तल के अकाश बाग मे पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपने बड़े पुत्र अरुण कुमार जायसवाल के जन्मदिन व अपनी शादी की सालगिरह को यादगार बनाने के लिए पर्यावरण धर्म के तहत थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा लगाया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाई। जयसवाल ने जलवायु परिवर्तन पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर जलवायु परिवर्तन रोकने की दिशा में ठोस व कारगर कदम नहीं उठाए गए तो लोगों को जल संकट के साथ ऑक्सीजन की समस्या से भी जूझना होगा। उन्होंने कहा कि अगर इस पर काबू पाने के लिए सामुहिक प्रयास नहीं किया गया तो यहां सब कुछ अनियंत्रित हो जाएगा जिससे ब्रह्मांड के 84 लाख योनि जीवों पर खतरा बढ़ जाएगा।

# तानाशाह ताकतों को उखाड़ फेंके : मिथिलेश

## लोकतंत्र एवं संविधान का अपमान करने वालों को सिखाएं सबक



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां (गढ़वा)।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि तानाशाही ताकतों को उखाड़ फेंके। लोकतंत्र एवं संविधान का अपमान करने वालों को सबक सिखायें। यह लड़ाई झारखंड की आन, बान और शान की लड़ाई है। राज्य की स्मिता बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां को वोट देकर दिल्ली पहुंचायें। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन घर परिवार को संभालने वाली महिला थी। केंद्र सरकार ने झारखंड की आवाज को दबाने के लिए हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया, तब ये झारखंड की आवाज बनकर राज्य की स्मिता बचाने के लिए सामने आयीं।

तीन महीने से भी कम समय में केंद्र सरकार की अन्याय के खिलाफ पूरे देश में छा गई। पलामू की बेटी ममता भुईयां को आशीर्वाद देकर अपने हक, अधिकार की आवाज को बुलंद करें। मौके पर प्रत्याशी ममता भुईयां, डॉ यासिन अंसारी, जेपी मिंज, शंभु राम, राजकिशोर यादव, सत्यनारायण यादव, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष फरीद खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, दीपमाला आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, माले नेत्री सुषमा मेहता, जिप अध्यक्ष शांति देवी, चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, करीब अंसारी, गुलाब सिंह, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**कल्पना सोरेन का हुआ जोरदार स्वागत** कल्पना सोरेन का हेलीकॉप्टर से उतरते ही महिलाओं ने फूल वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। झारखंडी परंपरा के अनुसार सरहुल फूल की टोपी उन्हें भेंट की गई। मौके पर गठबंधन के आप पार्टी के धर्मेंद्र सिंह, कांग्रेस के ओबेदुल्ला अंसारी राजद के सूरज सिंह मोहम्मद फरीद, चेयरमैन शांति देवी, झामुमो की रेखा चौबे, समाजसेवी डॉक्टर यासीन अंसारी, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, प्रमुख सुनैना देवी, राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, राम सागर यादव, सहित इंडिया गठबंधन के सभी नेता कार्यकर्ता तथा हजारों महिला पुरुष मौजूद थे।

## एक नजर

### महंगाई और बेरोजगारी को ध्यान में रखकर मतदान करेंगे प्रखंड के मतदाता

**डंडाई ।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से हो रहे राजनीतिक प्रचार प्रसार का दौर शनिवार को थम गया। विभिन्न पार्टी के राजनीतिक कार्यालयों पर बज रहे लाउडस्पीकर पूरी तरह बंद हो गए । इस बीच पार्टी से जुड़े समर्थक व कार्यकताओं ने अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जी तोड़ प्रचार और प्रसार करने का काम किया । इस दौरान मतदान से पहले मत के बारे में क्षेत्र के कई लोगों से संपर्क कर उनसे जानकारी हासिल की गई । सभी लोगों ने इस बार के संसदीय चुनाव को अलग तरह से चुनाव होने की बात बताई । लोगों ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए एक बड़ी समस्या बन कर रह गई है । बेरोजगारी दूर करने के लिए अभी तक न तो एक भी कल कारखाना लग पाया है और न ही उद्योग धंधों के लिए ही किसी भी तरह की पहल की गई है । उन्होंने कहा कि जनता के लिए अगर जनप्रतिनिधि सक्रिय होते तो यह समस्या नहीं रहती । प्रत्येक वर्ष बाहर जाने के बजाय स्थानीय लोग अपने क्षेत्र की भूमि पर स्थापित कल कारखानों में मजदूरी करते रहते ।

### लोकसभा चुनाव के लिए केतार में बने छह सेक्टर

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रशासन ने तैयारी पुरी कर ली है। इसको लेकर केतार प्रखंड क्षेत्र को छह सेक्टर में बांटा गया है। इसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में राजीव कुमार, नागेन्द्र पाठक, प्रकाश कुमार, नवल किशोर यादव, आनंद कुमार, और आदित्य कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस बार लोकसभा चुनाव में केतार प्रखंड में कुल 41566 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगें। इसमें 21855 पुरूष मतदाता और 19711 महिला मतदाता मतदान करेगी। इस बार 318 नये मतदाता हैं जो पहली बार मतदान करेंगे।

## भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के बंशीधर नगर में मोटरसाइकिल जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** आगामी 13 मई को होनी वाली लोकसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन के के कार्यकताओं ने शनिवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में इंडि गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली राजद कार्यालय से शुरू होकर टाउनशिप, सिंदुरिया, अरसली, बनखेता, कैलान, पंडरिया, चपरी, मकरी, बनसानी पहुंची। इस दौरान मोटरसाईकिल रैली में शामिल युवको ने गांव में जन संपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कहा कि आदिवासी विरोधी भाजपा को इस चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। कहा पलामू सीट से महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां भारी मतों से चुनाव जीतेगी। उन्होने इंडी गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी ममता भुंइया के चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताने की अपील की। बाईक रैली में राजद के प्रखंड युवा के नेता उपेंद्र यदुवंशी, भर्दुल यादव, पहलवान यादव, मुकेश यादव, संजय कुमार, राकेश यादव, शिवकुमार यादव, आशीष यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्यकर्मी 12 मई को ही अपना योगदान सुनिश्चित करें : डॉ असजद

### लोस चुनाव को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों की हुई बैठक, ड्यूटी की जानकारी दी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** लोकसभा चुनाव को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंका में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी की अध्यक्षता में चिकित्सक एवं स्वास्थकर्मी के साथ बैठक संपन्न हुई। लोकसभा चुनाव को लेकर 5 दिवसीय बैठक अलग अलग स्वास्थकर्मियो के साथ किया गया। जिसमें चिकित्सक, एएनएम, सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, सहिया, बीटीटी, सहिया साथी, एलटी फार्मासिस्ट, एसटीएस, ममता वाहन एवं 108 एंबुलेंस चालकों के साथ बैठक की गई। मौके पर उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने कहा कि जिन स्वास्थकर्मियो का ड्यूटी मतदान केंद्र में लगाया गया है वे सभी 12 मई को ही अपना योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा की 13 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान अवधि के दौरान स्वस्थ सुविधा बहाल करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर स्वास्थ्य संबंधी किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए स्वास्थ्य व्यवस्था किया गया है उन्होंने कहा कि जहां फर्स्ट एड की व्यवस्था रहेगी उन्होंने कहा कि वैसा मामला जहां स्थिति गंभीर है तत्काल एंबुलेंस की सूचना करेंगे और वरीय पदाधिकारी को सूचना देंगे ताकि समुचित इलाज किया जा सके सभी स्वास्थ्य कर्मी मतदान केंद्र में बेहतर सुविधा देने का हर संभव प्रयास करेंगे साथ ही किसी लोगों को कोई परेशानी नहीं हो इसका ख्याल रखेंगे। बैठक में डॉ अशोक बाखला, डॉ गोरखनाथ पांडे, डॉ प्रीति तिवारी, बीपीएम सुधीर कुमार ,डॉ भानु, डॉ इश्तियाक, डॉ नायला और कई चिकित्सक, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ, बीटीटी, सहिया साथी, सहिया, स्वास्थकर्मी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## साक्षरता कर्मियों ने कैंडल जलाकर मतदाताओं को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में बीएलओ,साक्षरता कर्मियों, जेएसपीएल के दीदियों,स्वयं सहायता समूह आदि लोगों ने कैंडल जलाकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया।. इस दौरान साक्षरता कर्मियों के द्वारा मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने के लिए शपथ दिलायी गयी। आसन्न लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की गयी।मौके पर उपस्थित प्रखंड समन्वयक रंजु गुप्ता ने कहा की लोकतंत्र को जीवित व जागृत बनाये रखने में मतदान अति आवश्यक है। प्रखंड में 13 मई को मतदान होना है, इस दिन सभी मतदाताओं को अपने सभी काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना है। साथ ही मतदान के लिए दूसरों को भी प्रेरित कर बूथों तक ले जाना है। गांव में एक भी मतदाता वोट डालने से नहीं चुके इस पर भी ध्यान रखने की जरूरत है।

## लोस चुनाव में पूर्व और वर्तमान विधायक की प्रतिष्ठा दांव पर

### अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए कार्यकर्ता खूब बहा रहे पसीना







**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए पलामु लोकसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर तैयारी अंतिम चरण में हैं। 13 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए पक्ष व विपक्ष के नेता लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए खूब पसीना बहा रहे है। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में अपने उम्मीदवार को वोट का बढ़त दिलाने को लेकर विधायक भानू प्रताप शाही, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और पूर्व प्रत्याशी व झामुमो नेता ताहिर अंसारी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। तीनों नेताओ ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए एड़ी चोटी एक किए हुए हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार बीडी राम को विधानसभा क्षेत्र से डेढ़ लाख मत प्राप्त हुए थे। तब उस समय बीडी राम के साथ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव का साथ क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप शाही ने भारी बढ़त दिलाने में साथ निभाया था। लेकिन 2024 के चुनाव में भानु प्रताप शाही जहां भाजपा के शामिल होकर मेहनत कर रहे हैं वही पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव इस बार भाजपा की जगह इडिया गठबंधन उम्मीदवार के लिए चुनाव प्रचार में दिन रात एक किए हुए हैं। पूर्व विधायक अनंत के साथ पूर्व प्रत्याशी झामुमो नेता ताहिर अंसारी भी छोटे भाई के रूप में मिलकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइयां को बढ़त दिलाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। उधर विधायक भानु प्रताप शाही भी पूर्व सांसद घुरन राम के साथ मिलकर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में तीसरी बार बढ़त दिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक भानु प्रताप शाही और अनंत प्रताप देव अपने-अपने पार्टी के प्रत्याशी को बढ़त दिलाने में कितना कारगर साबित होते हैं। इसके लिए आगामी 4 जून तक इंतजार करना होगा।

## न्यूज बॉक्स

### खरौंधी प्रखंड की लाइफलाइन तीनों नदियां सूखीं, किसानों की खेती पर असर

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के तीनो लाइफलाइन नदी पंडा नदी, डोमनी नदी तथा ढाढरा नदी पुनः सूख गया। जिससे क्षेत्र में जल संकट गहरा गया है। प्रखंड के अन्य नदी तलाब, आहर, पोखरा, कुआं, चापानल लगभग जबाब दे दिए है। पानी की किल्लत से स्थिति भयावह हो गयी है। वही कही पानी उपलब्ध भी है तो क्षेत्र में बिजली आपूर्ति न के बराबर होने से लोगों को पीने का पानी भी किल्लत से उपलब्ध हो पा रहा है। गरमा फसल किसानों का सुख गया है। कई किसानों ने अपने खेतों में मूंग, टमाटर, भिंडी, लौकी, नेनुआ, मिर्च आदि सब्जी का फसल लगाया गया था लेकिन पानी के आभव में सभी सब्जियां सुख गयी जिससे किसानों का कमर टूट गया है। प्रखंड के अधिकांश किसान खेती पर निर्भर है। प्रखंड के 80 प्रतिशत लोग खेती से ही जीवकोपार्जन चलते है। सबसे ज्यादा खेती इन तीनो नदियों की किनारे बसने वाले लोगो करते है। इन तीनो नदियों से किसानों के लगभग 5 हजार एकड़ खेत सींचित होती थी। लेकिन प्रखंड में तीनो नदिया जनवरी में ही सुख गई। जिससे किसानों को खेत सिंचाई करने में काफी परेशानी हो रही है। नियमित सिंचाई नही होने से उनके खेत में लगे फसल लगभग सूखने के कगार पर है या सुख भी गए हैं। राजी के किसान भगवान दत्त मेहता, बसंत लाल श्रीवास्तव, सुरेंद्र गुप्ता, बीरेंद्र गुप्ता,शशि पासवान,शिवनाथ यादव, सहित आसपास के दर्जनों किसानों ने बताया प्रखंड में तीन लाइफलाइन नदी है। इन नदियों में कभी पानी नहीं सूखती थी। लेकिन विगत कई सालो से प्रखंड में नियमित बारिश नही होने से तीनो नदी सुखने लगी है। इस वर्ष तो तीनो नदी जनवरी माह में ही सुख गई थी। बरसात की पहली वारिश में तीनो नदी में पानी का बहाव चालू हुआ था। लेकिन इधर कई माह पहले से पंडा नदी के साथ साथ उक्त नदियां भी पुनः सुख गई है। इन नदियों से ही किसानों के हजारों एकड़ खेत सिंचित होते थे। लेकिन नदी के सुख जाने से किसानों को परेशानी हो गई है। खरौंधी का डोमनी बराज भी अधर में लटक गया है अगर डोमनी बराज बांध दिया जाता तो हमारे क्षेत्र में जलस्तर ऊपर हो जाता साथ ही डोमनी बराज से हजारों एकड़ खेत सिंचित हो जाते लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधियों ने इस पर ध्यान नही दिया।

### ग्राम संगठन की महिलाओं के साथ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया



श्री बंशीधर नगर-प्रखंड के हुलहुलाखुर्द पंचायत अंतर्गत नरखोरिया आजीविका महिला ग्राम संगठन की बैठक पंचायत के मुखिया सुशीला देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में मुखिया ने ग्राम संगठन के सदस्यों को मतदान के प्रति जागरूक किया उन्होंने कहा कि एक एक वोट महत्वपूर्ण है ।उन्होंने कहा कि आप सभी मिलकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें एसआरपी वाजदा खातून व सीसी सत्येंद्र कुमार ने ग्राम संगठन की महिलाओं के साथ जागरूकता रैली का आयोजन किया जागरूकता रैली में शामिल ग्राम संगठन की महिलाएं मतदाताओं को जागरूक करने के लिये-सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो,वोट देने जाना है-अपना फर्ज निभाना है, घर घर मे संदेश दो-वोट दो-वोट दो आदि नारे लगा रहे थे ।मौके पर मुखिया सुशीला देवी, सीसी सत्येंद्र कुमार,एसआरपी वाजदा खातून, अध्यक्ष पार्वती देवी, सचिव रीना देवी, कोषाध्यक्ष रूबी देवी,सीआरपी शशिप्रभा गुप्ता, बैंक सखी प्रीति देवी,एडब्लयू खुशबू देवी, अंजू देवी, एपीएस अंचला देवी सहित ग्राम संगठन के सभी सदस्य, वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में मेराल प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की



**मेराल।** राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 झारखंड रांची द्वारा जारी परीक्षा फल में मेराल प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी के दो विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है जिससे विद्यालय प्रखंड एवं जिले का नाम रोशन हुआ है ब्लॉक कॉलोनी विद्यालय से आशिया ने जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं प्रभाकर प्रसाद कुशवाहा ने जिले में 14वां स्थान प्राप्त किया है दोनों विद्यार्थियों की राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता पर विद्यालय परिवार गौरवान्वित है विद्यालय के प्रधानाध्यापक गंगेश पांडे ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि इन बच्चों को परीक्षा फल में सफलता पर मेरे विद्यालय का नाम रोशन हुआ है ऐसी सफलताओं से अन्य बच्चे भी प्रेरित होते हैं तथा विद्यालय में उचित शैक्षणिक माहौल का भी विकास होता है इससे पहले भी मेरे विद्यालय से मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 6 विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है इस प्रवेश परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों में मिसांजलि कुमारी, गार्गी कुमारी, रुपाली कुमारी, गुलनाज खातून इत्यादि का नाम शामिल है विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुर्गावती कुमारी सहित शिक्षक एवं शिक्षिका राम आशीष प्रसाद जुनेद आलम अंसारी प्रकाश राम शोभा कुमारी रीना देवी पूजा देवी ने बच्चो के सफलता के लिए उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### महिला नेता कबूतरी देवी ने की इंडी गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने की अपील



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर आदिवासी मूलवासी संगठन की महिला नेत्री कबूतरी देवी ने शुक्रवार को पलास मार्ट के प्रांगण में प्रेस वार्ता कर लोगों से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइंया के पक्ष में वोट करने के लिए अपील किया। कहा की ममता नाम की ही नही ममता सही मायने में पढ़ी लिखी पलामू क्षेत्र की समस्या से पूर्व से अवगत है, अगर विजयी होती है, तो सरकार में प्रमुखता से समस्या उठाएंगी और पलामू का विकास होगा। उन्होंने कहा की पहले देश है, इसके बाद आपसी मामले आज देश खतरे में है। संविधान के साथ छेड़छाड़ कर आरक्षण को खत्म करने की तयारी भाजपा के सरकार के द्वारा किया जा रहा है। पूर्व में सांसद बीड़ी राम जी को यहां की जनता ने एक हरिजन के पढ़ें लिखे पूर्व पुलिस के आला अधिकारी को चुना था, ताकि पलामू का विकास होगा परंतु दस वर्षो में पलामू के लोगों का विकास नही हो सका, इससे जनता के बीच पार्टी के प्रति काफी असंतोष है, अब पहुना जाएं बेटी विकास करेगी। कहा की विधायक भानु प्रताप शाही अपने नुक्कड़ सभा में मंच से हमारे गठबंधन के नेता मंत्री मिथलेस ठाकुर, राजा राजेंद्र प्रताप देव को एक जाति विशेष से संबोधित कर रहे है, और ताहिर अंसारी को उग्रवादी की दर्जा दे रहे है, जो प्रतिष्ठा के साथ साथ एक जाति को भी अपमानित करता है। हमलोग एक पार्टी के नीति और सिद्धांत से कार्य कर रहे है न की व्यक्ति विशेष के लिए। जनता इनके सभी कारगुजारी से परिचित है और ममता भुइंया अपर मतों से विजयी होगी। प्रेस वार्ता में मनोज यादव, संजय ठाकुर, जगदीश राम, सलाहुदीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## समस्या

## केतार प्रखंड में नहीं है कोई डिग्री कॉलेज

# बीच में ही पढ़ाई छोड़ देती हैं बेटियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं रहने से यहां के छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड के छात्रों को प्रखंड मुख्यालय केतार से 15 किलोमीटर दूर भवनाथपुर या 40 किलोमीटर दूर अनुमंडल मुख्यालय नगर उंटारी स्थिति कॉलेजो में डिग्री की शिक्षा ग्रहण के लिए जाना पड़ता है। सम्पन्न परिवार अपने बच्चों को बड़े शहरों में रखकर उच्च डिग्री की शिक्षा दिला देते हैं। लेकिन गरीब परिवार के छात्रों को डिग्री की शिक्षा हासिल करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर छात्राओं को और परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं सुरक्षा कारणों से उनकी पढ़ाई अधुरी रह जाती है। यहां के लोगों का कहना है की प्रतिदिन भवनाथपुर,नगर उंटारी भेजने में डेढ़ सौ से दो सौ रुपए प्रतिदिन खर्च होता है। ऐसे में आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं रहने के कारण छात्र- छात्राओं की पढ़ाई इंटर के बाद अवरूद्ध हो जाती है। सुरक्षा की दृष्टीकोण से भी लड़कीयों को अकेले भेजना संभव नहीं हो पाता है।

### प्रतिवर्ष लगभग चार-पांच सौ बच्चे पास करते हैं इंटर

केतार प्रखंड में दो 10+2 उच्च विद्यालय है। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय छाताकुड़ को 10+2 का दर्जा इस वर्ष मार्च 2024 में मिला है। लेकिन शिक्षक कि प्रतिनियुक्ति नहीं हुई है, सत्र 2024-26 का एडमिशन इस वर्ष से होंगा। जबकि 10+2 उच्च विद्यालय परसोडीह में लगभग तीन सौ छात्र इंटर की परीक्षा पास होते हैं। गरीब घराने के बच्चे किसी तरह अपने प्रखंड के परसोडीह, भवनाथपुर और नगर उंटारी के कालेजों में इंटर की पढ़ाई कर बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं।

प्रखंड में डिग्री कॉलेज नहीं होने से मैट्रिक, इंटर के बाद बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। जबकि डिग्री कॉलेज दुर रहने की वजह से लडकीयां बीच में ही पढ़ाई छोड़ देती है।
**सुदेश्वर चौधरी**
**परती कूशवानी**



केतार में इंटरमीडिएट और डिग्री कॉलेज की आवश्यकता है, यह मुद्दा हमेशा उठते रहता है। प्रखंड में डिग्री कॉलेज होने से शिक्षा का स्तर पढ़ेगा तो दुसरी तरफ बेटियों को सुरक्षा कारणों से पढ़ाई छोड़ना नहीं पड़ेगा।
**प्रिया सिंह,**
**समाजसेवी मुकुन्दपुर**



केतार प्रखंड में डिग्री कॉलेज होना बहुत जरूरी है। यहां के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों (सासंद , विधायक)को सरकारी डिग्री कॉलेज खुलवाने के लिए प्रयास करना चाहिए। डिग्री कॉलेज नहीं रहने से बच्चे शिक्षा से दुरी बना रहे हैं।
**रामाकांत भारती,लोहरगाड़ा**



केतार जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में डिग्री कॉलेज का नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। डिग्री कॉलेज नहीं रहने से बच्चे आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते और पलायन कर जाते हैं। इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देते हैं।
**मनीष कुमार, बलीगढ़**



### लोस चुनाव को लेकर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में तैयारियां पूरी

**श्री बंशीधर नगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। 13 मई को वोट डाले जायेंगे। जिसमें 228921 पुरूष एवं 210760 महिला मतदाता शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खरौंधी प्रखंड से 23194 पुरूष एवं 21030 कुल 44224, केतार से 21860 पुरूष एवं 19716 महिला कुल 41576, भवनाथपुर से 25214 पुरूष एवं 23362 महिला कुल 48576, कांडी से 9195 पुरूष एवं 8360 महिला कुल 17555, नगर ऊंटारी से 42907 पुरूष एवं 39606 महिला कुल 82513, विशनपुरा से 13218 पुरूष एवं 12064 महिला कुल 25282, रमना से 30059 पुरूष एवं 27830 महिला कुल 57889, सगमा से 13039 पुरूष एवं 11962 महिला कुल 25001, धुरकी से 23428 पुरूष एवं 22234 महिला कुल 45662 एवं डंडई से 26807 पुरूष एवं 24596 कुल 51403 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# चतरा में कालीचरण व हजारीबाग में मनीष को दें अपना आशीर्वाद : पीएम

- कांग्रेस का पंजा दलितों, ओबीसी, एसटी व एससी का आरक्षण छीनने में लगी है
- संविधान और सुप्रीम कोर्ट भी धर्म के आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करता




**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया (चतरा)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिमरिया प्रखंड के मुरब्बे मैदान में शनिवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए चतरा से कालीचरण सिंह व हजारीबाग से मनीष जायसवाल को आशीर्वाद दे विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि देश बचाने के लिए है। अपने बच्चों के भविष्य बनाने के लिए है।

आगे उन्होंने अपनी संबोधन में कहा कि झामुमो, कांग्रेस का पंजा दलितों, ओबीसी, एसटी व एससी का आरक्षण छीनने पर लगी है। उन्होंने धर्म के नाम पर आरक्षण का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी धर्म के आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करता है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आज कल नया फॉमूर्ला लेकर आ रहे हैं। वे आपकी संपत्ति की जांच कराएंगे। कितनी जमीन है, इसकी भी जांच की जाएगी। वे ऐसा कानून लाने वाले हैं। जिसमें आपकी संपत्ति कितनी है इसकी जांच कर आपकी संपत्ति को छीन लेंगे। राष्ट्रपति के अपमान को लेकर विपक्ष पर बरसे और कहा कि आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति आपके वोटों ने बनाया, पूरे देश को इसका अभिमान है। आदिवासियों ने राजकुमार राम को मयार्दा पुरुषोत्तम बना दिया था। पीएम मोदी ने कहा कि हर घर जल पहुंचाने के लिए नल-जल योजना शुरू की गयी है, लेकिन झारखंड सरकार इसे रोकने में लगी है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस का एक ही एजेंडा है। न काम करेंगे और न करने देंगे। भ्रष्टाचार ही इनका मुख्य काम है। मंच पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास, चतरा लोकसभा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह सहित अन्य लोगों ने भी सभा को संबोधित किया। सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजामपीएम नरेंद्र मोदी का शनिवार को चतरा के सिमरिया में आयोजित चुनावी सभा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा में 12 आईपीएस, दो दर्जन से अधिक डीएसपी व करीब डेढ़ हजार पुलिस कर्मी सुरक्षा में लगे थे। जन सभा स्थल पर बनाए गए प्रवेश द्वारा पर पुलिस द्वारा जांच के उपरांत लोगों को प्रवेश दिया जा रहा था।

## आपकी संपत्ति पर कांग्रेस की है नजर : मोदी

**सिमरिया(चतरा)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने जन सभा में कहा कि कांग्रेस के युवराज आजकल नया फॉमूर्ला लेकर आए हैं। वे सरकार में आने पर आपके संपत्ति की जांच कराने और मुस्लिमों में बांटने का काम करेंगे। मतलब आपकी अपनी कमाई संपति को भी वे अपने ही संतान को पूरी तरह नहीं देने देंगे। गांव और शहर में आपका एक एक घर है तो एक घर ले लेंगे। ये दलित, आदिवासी, ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। आंध्रप्रदेश, कर्नाटक में यह होने भी लगा है। जंगलराज के प्रतीक और चारा घोटाले के बड़े गुनहगार भी मुस्लिमों को पूरा आरक्षण लाभ देने की बात कर चुके हैं। झारखण्ड में बाहर से आकर, घुसपैठ कर यहां के आदिवासी बहनों से शादी की जा रही, उनकी जमीन लूटी जा रही. ऐसे घुसपैठिए और दल झारखंड और भारत की पहचान को ही बदल देना चाहते हैं।

## एक नजर

### चकला में वज्रपात से 4 बकरियों की मौत



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत नगर ग्राम के परहिया टोला में गुरुवार दोपहर हुई वज्रपात की घटना में चार बकरियों की मौत हो गई। उक्त बकरियां परहिया टोला निवासी रिंकी परहिया पति संजय परहिया के थे। उन्होंने बताया कि बकरियां घर से कुछ ही दूरी पर घास चर रही थीं, इसी दौरान बारिश और वज्रपात शुरू हो गई। वज्रपात की चपेट में आने से चारों बकरियों की मौत हो गई। बता दे कि संजय परहिया अत्यंत की निर्धन परिवार से है। ये मजदूरी और बकरियां चरा कर अपना जीवन यापन करते हैं। इन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### इंडी गठबंधन ने परहाटोली पंचायत में बैठक कर प्रत्याशी के पक्ष में मांगा वोट



**महुआडांड़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की ओर से महुआडांड़ प्रखंड के परहाटोली पंचायत क्षेत्र का दौरा कांग्रेस एसटी सेल जिला अध्यक्ष अजीत पाल कुजूर के नेतृत्व में यह जनसंपर्क अभियान चलाया गया, इस दौरान बैठक कर कांग्रेस के संकल्प पत्र के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी. इंडिया गठबंधन सरकार बनने पर 30 लाख युवाओं को नौकरी, गरीब परिवार की महिला को प्रति वर्ष एक लाख रुपए किसानों का कर्ज माफी किये जाने की घोषणा के बारे में अवगत कराया गया. अजीत पाल कुजूर ने सभी से अपील किया, इस बार कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को वोट देकर इंडिया गठबंधन को विजयी दिलायें। वही लोगो ने संकल्प लिया कि केएन त्रिपाठी को वोट देकर इंडिया गठबंधन को विजयी बनायेंगे।मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधी, इस्तेखार अहमद, जेएमएम प्रदेश प्रतिनिधी मुस्तकीम अहमद, रामनरेश ठाकुर, उप प्रमुख अभय मिंज, पंसस निर्मला, मुखिया रेणु तिग्गा, रिता खलखो, रानू खान, बसारत अली, सतार अंसारी, समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### पोस्टल बैलेट से अब तक किए गए 61 मतदान

**बालूमाथ।** लोकसभा चुनाव को लेकर बालूमाथ स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय में बनाए गए मतदाता सुविधा केंद्र में आज दूसरे दिन भी पोस्टल बैलेट मतदान प्रक्रिया जारी रही ' जिसके तहत आज चित्र लोकसभा क्षेत्र की 31 एवं अन्य लोकसभा क्षेत्र के 12 मतदाताओं ने अपनी मताधिकार का प्रयोग किया ' इसकी जानकारी देते हुए बालूमाथ अंचलाधिकारी सह मतदाता सुविधा केंद्र के प्रभारी तृप्ति विजय कुजूर ने बताया कि प्रथम दिन चतरा लोकसभा क्षेत्र के 7 मतदाता एवं अन्य लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदाताओ ने भाग लिया ' इस प्रकार बालूमाथ में बनाए गए मतदाता सुविधा केंद्र में अब तक चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 38 एवं अन्य लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर चुके हैं।' बालूमाथ में बनाए गए मतदाता सुविधा केंद्र में एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र के विभिन्न पदों पर स्थापित पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी कमी के साथ-साथ लोकसभा निर्वाचन कार्य में जुड़े लोग इस पोस्टल बैलेट मतदान में भाग ले रहे हैं। पोस्टल बैलेट मतदान को लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है जहां पर काफी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी तैनात किए गया है।

## महुआडांड़ वासी बिजली की आंख मिचौली से परेशान

**महुआडांड़।** प्रखंड में गर्मी की तपिश झेल रहे प्रखंड के लोगों को बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान होना पड़ रहा है।बताते चलें कि बिजली सिर्फ कुछ देर के लिए आती है और चली जा रही है। बिजली गायब रहने से कई काम काज ठप पड़े हैं। ग्रामीणों के अनुसार बिजली सप्लाई बिना कोई सूचना के ही कटौती की जा रही है। बिजली की सप्लाई न मिलने से कई व्यापारी व कई बिजली उपभोक्ता परेशान है। लाइन जाते ही लोगों को गर्मी से परेशानी बढ़ जाती है।क्षेत्र में होने वाली कटौती की शिकायत का निराकरण करने के लिए परेशान ग्रामीण कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन विभाग के अधिकारियों ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। इससे नाराज ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने समस्या हल न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञात हो कि 24 घंटे में मात्र चार घंटे सिर्फ रात के 11 बजे बाद लाइन सप्लाई कि जाती है। सुबह होते ही लाइन सप्लाई बंद हो जाती है।सुबह से लेकर शाम तक कभी-कभार एक घंटे के लिए बीच-बीच बिजली सप्लाई की जाती है। वही इस संबंध में बिजली विभाग के जेई दुगार्शंकर सिंह को फोन लगाने पर फोन नहीं उठाया गया।वही बिजली उपभोक्ता दिलिप प्रसाद, मोहन यादव, ह्यूम अंसारी,ख्वामुदिन, प्रदीप,संजय,संजू आदि ने कहा की बिजली सप्लाई में सुधार नहीं हुआ तो सर्वधर्म एकता मंच द्वारा बिजली विभाग के खिलाफ बंद का आह्वान करने की बात कही।

### जलमीनार के खराब मोटर व चापाकल की मरम्मत शुरू

**महुआडांड़।** प्रखंड के ग्राम परहाटोली में नौ जलमीनार में खराब पड़े मोटर व चापाकल की मरम्मति का कार्य शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। परहाटोली गांव में पिछले एक माह से कई जलमीनार के मोटर व लगाये गये चापाकल खराब थे। जिससे कारण ग्रामीणों को चुआड़ी से पानी लाकर पीना पड़ रहा था। वही पानी की भारी दिक्कत को लेकर गांव की महिलाओं ने गत दिनों प्रशासन और विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसके बाद विभाग ने इसे संज्ञान में लेकर विभाग के जेई को निर्देशित कर गांव का दौरा पर भेजा था। जहां जेई के पाया कि उक्त ग्राम में नौ जलमीनार व चापाकल खराब पड़े हैं।



## वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त ने बरवाडीह आरपीएफ पोस्ट का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त अनुराग मीणा ने बरवाडीह आरपीएफ पोस्ट का कैजुअल इंस्पेक्शन किया। वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल अनुराग मीणा अपने अधीनस्थ अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बरवाडीह आरपीएफ पोस्ट पहुंचे जहां पर सर्वप्रथम आरपीएफ पोस्ट की इंस्पेक्टर डॉ राकेश रंजन ने उनका बुके देकर स्वागत किया. इसके बाद वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त ने रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बरवाडीह का कैजुअल इंस्पेक्शन किया गया । जिसमें रेसुब पोस्ट कार्यालय, मालखाना, स्टोरआदि का निरीक्षण करते हुई कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद आरपीएफ पोस्ट अंतर्गत बनाए गए सुरक्षा बल के जवानों के विश्राम गृह एवं मेश का भी निरीक्षण किया. इसके साथ ही मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री मीणा द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बरवाडीह क्षेत्राधिकार के अंतर्गत अन्य स्टेशनों एवम वहां होने वाले अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया।इस अवसर पर रेल अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाने हेतु कई निर्देश दिए। इसके साथ ही सुरक्षा बल के सभी जवानों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने एवं अपने ड्यूटी के प्रति सत्य निष्ठा एवम ईमानदारी से कार्य करने हेतु हिदायत दिया गया। इस दौरान डा. राकेश रंजन इंस्पेक्टर इंचार्ज , सचिन कुमार सब इंस्पेक्टर सुभाष यादव असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर,अरुण कुमार पाण्डे, संजय कुमार सिंह, सुरेश सिंह यादव सभी हेड कांस्टेबल,रंजित कुमार सिंह, निखिल कुमार, राजेश राम, बिनोद शंकर सिंह, श्रवण कुमार, रमेश कुमार, अशोक कुमार सभी जवान मौजूद थे।

**केएन त्रिपाठी के पक्ष में जेएमएम एवं कांग्रेस नेताओं ने किया विभिन्न क्षेत्रों का दौरा**

## देश की धर्मनिरपेक्षता, संविधान एवं आरक्षण को बचाना है : दीपू कुमार सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टियों के नेता ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर वोटरों को अपने पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को चतरा लोकसभा के महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में जेएमएम एवं कांग्रेस नेताओं ने चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत के तुपी एवं चकला पंचायत के पूर्णा टोली,नवाटोली आदि गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया एवं सभा की। सभा को संबोधित करते हुए झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि देश की धर्मनिरपेक्षता संविधान एवं आरक्षण को बचाना है तो भाजपा को हराना और भगाना ही होगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शीतमोहन मुंडा ने कहा कि भाजपा सिर्फ दिखावे के लिए आदिवासियों के हित एवं हक अधिकार की बात करती है। आदिवासियों का अपमान करना बेइज्जत करना एवं उनकी जमीनों को लूटना ही भाजपा का एकमात्र उद्देश्य है। कांग्रेस नेता संजय कुमार दुबे ने कहा कि भाजपा ने देश को तो कॉपोरेंट एवं पूंजीपतियों के हाथ बेच ही दिया, हानिकारक कोरोना वैक्सीन लगवा कर करोड़ों देशवासियों के जान का भी सौदा कर डाला। जेएमएम के चंदवा प्रखंड सचिव मोहम्मद इजहार ने कहा कि देश की एकता अखंडता एवं धर्मनिरपेक्षता को अछुन्न रखना है तो महागठबंधन के प्रत्याशियों को जिताना ही पड़ेगा। नेताओं को सुनने के लिए उक्त गांवो में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुये थे। नेताओं ने एक स्वर में महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को हाथ छाप पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजय बनाने का आग्रह ग्रामीणों से किया है। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, कामेश्वर गंझू ,धीरज जायसवाल उर्फ धीरू, शुकर्मनी देवी, संजय उरांव,सुनीता देवी समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, दो गंभीर

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को टंडवा थाना क्षेत्र के सराढू बगीचा के पास दो मोटरसाइकिलों की हुई आपसी टक्कर में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय मृतक महेश गंझू बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा का रहने वाला बताया गया। वहीं घायलों में पवन भुईयां पिता बासुदेव भुईयां ग्राम राहम के बडकी टांड व मुकेश भुईयां ग्राम काशीयातु सिमरिया निवासी है। लोगों की मानें तो बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने की लापरवाही मृतक महेश को भारी पड़ी। उसके सर में गंभीर रूप से चोट लगने के कारण घटनास्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सभी घायलों को आम्रपाली परियोजना में मौजूद एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## पीएम की रैली कैमरे की नजर में

### पीएम की चुनावी सभा को लेकर सिमरिया में थे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**सिमरिया(चतरा)।** पीएम नरेंद्र मोदी का शनिवार को चतरा के सिमरिया में आयोजित चुनावी सभा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा में 12 आईपीएस, दो दर्जन से अधिक डीएसपी व करीब डेढ़ हजार पुलिस कर्मी सुरक्षा में लगे थे। जन सभा स्थल पर बनाए गए प्रवेश द्वारा पर पुलिस द्वारा जांच के उपरांत लोगों को प्रवेश दिया जा रहा था।






### टंडवा में वज्रपात से युवक की हुई मौत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के किसुनपुर में शनिवार दोपहर में वज्रपात के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर हीं हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग दो बजे मृतक 30 वर्षीय बजरंगी महतो किसुनपुर मेलाटांड के तरफ शौच के लिये जंगल की ओर जा रहा था, इसी दरम्यान वज्रपात के चपेट में आ गया। मृतक के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। वहीं आकस्मिक घटना से परिजनों व ग्रामीणों में भारी शोक व्याप्त है। सूचना पाकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल उरांव के निर्देश पर घटनास्थल में पहुंचे एसआइ अघनु भगत के साथ चौकीदार मकशूद अंसारी ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने सदर अस्पताल ले गए।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के आलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित है। गढ़वा जिला का सम्पूर्ण भाग 13–पलामू (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आता है।

Criminal Procedure Code, 1973 (CrPC) की धारा 144 के तहत् मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व यानि दिनांक 11.05.2024 को अपराह्न 5:00 बजे के बाद से दिनांक 14.05.2024 तक के लिए गढ़वा जिला अंतर्गत किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभा/बैठक आयोजित करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। उक्त अवधि के दौरान 5 से अधिक व्यक्तियों के एक साथ इकट्ठा होने/आने–जाने की अनुमति नहीं होगी। यद्यपि घर–घर प्रचार के सिलसिले में मतदान समाप्ति के नियत समय से पूर्व 48 घंटे के दौरान घर–घर प्रचार–प्रसार पर प्रतिबंध नहीं रहेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.324690Election(24-25):D

**कार्यालय-जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार (वाहन कोषांग)**

**आवश्यक सूचना**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के 04 चतरा संसदीय क्षेत्र (74–लातेहार एवं 73–मनिका) का मतदान की तिथि दिनांक–20.05.2024 को निर्धारित है। वाहन कोषांग, लातेहार के द्वारा निर्वाचन कार्य में उपयोग होने वाले वाहनों का अधिग्रहण दिनांक–13.05.2024 से किया जाना है। इस क्रम में Vehicle Management System (VMS) में प्रविष्टि करते हुए वाहनों के अधिग्रहण हेतु वाहन स्वामियों को अधियाचना पत्र का तामिला कराया गया है। ससमय वाहन जमा नहीं होने से चुनाव कार्य प्रभावित होगा।

अतएव बस एवं छोटे वाहन (यथा–बोलेरो, सवारी, कमाण्डर आदि) के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि जिला खेल स्टेडियम, लातेहार अवस्थित वाहन कोषांग, लातेहार में वाहन दिनांक–13.05.2024 को जमा करना सुनिश्चित करें। ससमय वाहन जमा नहीं किये जाने पर यह समझा जायेगा कि निर्वाचन कार्य में आपके द्वारा सहयोग नहीं किया जा राह है। ऐसी स्थिति में ऐसे वाहन स्वामियों पर The Representation of People Act, 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

इसे अत्यंत आवश्यक समझें।

जिला परिवहन पदाधिकारी
–सह–प्रभारी पदाधिकारी,
वाहन कोषांग, लातेहार

PR 324688 Election(24-25).D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।**
(प्रेस विज्ञप्ति)

मतदाताओं से अपील

प्रिय मतदाताओं !

लोकसभा आम चुनाव के महात्यौहार के मौके पर आगामी 13 मई 2024 को आपकी वृहद सहभागिता अत्यावश्यक है, अन्यथा लोकतंत्र जिन सिद्धान्तों के आधार पर परिपक्व होता है, उसकी परिपूर्ति होना सम्भव नहीं है।

हमे उम्मीद है कि आप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाये रखते हुए निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन अवश्य जायें। मुझे पूर्ण भरोसा है कि आप हमारी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे एवं इस नारे को सार्थक करायेंगे।

लोकतंत्र की सफलता, गतिशीलता एवं समावेशी–समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने हेतु मैं शशि रंजन, जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में 13 मई 2024 को सुबह 07:00 बजे से 05:00 बजे शाम तक आपको अपने मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए आमंत्रित कर रहा हूँ।

"इस बार दिन भर मतदान"

ह0/–
निवेदक
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, पलामू।

PR 324679 Palamu(24-25)D

**कार्यालय, प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल**

**–: आवश्यक सूचना :–**

**भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 17.05.2024 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03/2024 | 30.04.2024 | अजय रंजन कुमार | Truck Reg. No. JH-01CF-4775 | कोयला लगभग 25.190 टन |
| 02 | 04/2024 | 30.04.2024 | नन्दलाल यादव, संजय साव | Truck Reg. No. NL-01K-7714 | कोयला लगभग 24.995 टन |
| 03 | 05/2024 | 30.04.2024 | विनोद कुमार यादव | Truck Reg. No. JH-02W-5941<br>Truck Reg. No. JH-02X-9841 | कोयला लगभग 25.480 टन, कोयला 25.340 टन |
| 04 | 06/2024 | 07.05.2024 | राजदेव उरांव, साधु उरांव | - | सखुआ बल्ली 16 पीस |
| 05 | 07/2024 | 07.05.2024 | शंकर भुईयां | - | साल चौकठ चिरान 26 पीस |
| 06 | 08/2024 | 07.05.2024 | रामानंद पाण्डेय, शहरोज अहमद, इस्तेकार आमिर | Truck Reg. No. UP-21BN-5060<br>Hydra Engine No. A50HTCMBD0001397 | लकड़ी |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.05.2024 को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

PR.NO.324710Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

## एक नजर

### बाइक सहित पुल से नीचे गिरने पर एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** जिला अंतर्गत बसिया थाना स्थित दक्षिणी कोयल नदी पुल के उपर से बाइक सहित दो बाइक सवार व्यक्ति उक्त पुल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए , दोनों व्यक्ति एक बाइक में सवार होकर बसिया कुनबीर के तरफ से आ रहे थे , इसी क्रम में उक्त बाइक अनियंत्रित होकर उक्त पुल से नीचे गिर गया और उक्त दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें आनन-फानन में इलाज के लिये , रेफरल अस्पताल बसिया ले जाया गया , जहां कुसुम टोली निवासी सुजीत खड़िया को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया, जहां रांची रिम्स में इलाज के क्रम में सुजीत खड़िया की मौत होने की खबर बताई जा रही हैं, जबकि पारसनाथ उरांव को बेहतर इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया हैं जहां डॉक्टरों के देखरेख में पारसनाथ उरांव का इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा हैं।

### अज्ञात हत्यारों ने पीट पीटकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना स्थित बिन्दे तेतर टोली निवासी सिकंदर लोहार को अज्ञात हत्यारों ने लाठी डंडे से पीट पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उक्त शव को जंगल में फेंक दिया गया था , इस संबंध में नवा टोली के ग्रामीणों ने बिशुनपुर थाना प्रभारी बुद्धेश्वर पांडेय को सूचना दी थी, उक्त सूचना मिलते ही बिशुनपुर थाना प्रभारी विदेश्वर पांडेय, अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जंगल में पहुंचकर आसपास के क्षेत्रों का मुआयना किया और उक्त शव को कब्जे में लेकर उक्त शव की पहचानी कराईं गई।

# मतदान के पूर्व 48 घंटे कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण : डीसी

## निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं एसपी ने की प्रेस कांफ्रेंस

**'इस बार दिन भर मतदान'**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** 12-लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत 13 मई को निर्धारित मतदान दिवस के पूर्व के अंतिम 48 घंटे के अंदर जिला अंतर्गत होने वाली तैयारियों एवं राजनैतिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से आज शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं जिला पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 12-लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 5 विधानसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान है. मतदान पूर्व अंतिम 48 घंटे कानून व्यवस्था तथा अनुकूल वातावरण निर्माण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, जो आज संध्या 5 बजे से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के तहत मतदान के समापन के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि में प्रचार अभियान समाप्त हो जाएगा. सार्वजनिक बैठक, जुलूस, सभा आदि पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू किया जाएगा. कहा कि चुनाव कार्य से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी नियमों का सख्ती से अनुपालन करेंगे.उन्होंने कहा कि निर्वाचन अभियान अवधि के समापन के पश्चात कोई अभियान नहीं होगा. राजनीतिक कार्यकर्ता, पार्टी कार्यकर्ता, अभियान कार्यकर्ता, जो निर्वाचन क्षेत्र से बाहर से लाए गए हैं और क्षेत्र के मतदाता नहीं है, उन्हें अभियान अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद क्षेत्र को छोड़ देना है.

48 घंटे की अवधि के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी. उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी मीडिया कर्मी को मतदान केंद्र के अंदर जाकर कवरेज करने की अनुमति नहीं होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि किसी अभियार्थी, उनके एजेंट द्वारा मतदान केंद्रों व मतदाताओं को निःशुल्क वाहन प्रदान करना आदर्श आचार संहिता के नियम के विरुद्ध होगा. मतदाता स्वयं अथवा परिवार के सदस्यों के निजी वाहनों से मतदान करने मतदान केंद्र तक जा सकते हैं अथवा सरकार द्वारा सहयोग के लिए संचालित वाहनों का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी की मतदान केंद्रों के 100 मीटर की दूरी में किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधि पर निषेद है, एवं 200 मीटर के दूरी के अंदर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी राजनैतिक बूथों को नहीं लगाया जाना है, एवं उसके बाहर यदि किसी राजनैतिक पार्टी के द्वारा बूथ लगाया जाएगा तो नियमानुसार व्यवस्था की जानी है, वहां पार्टी का प्रचार एवं पार्टी चिन्ह/प्रतिनिधियों के नाम के पोस्टर्स/पर्ची का वितरण पूर्ण रूप से निषेद रहेगा ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि आज संध्या 5 बजे के बाद से जिले में चुनाव के पूर्ण होने तक ड्राई डे की घोषणा की जाती है, इस दिन किसी भी प्रकार की लीकर की खरीद एवं बिक्री नहीं होगी। जिला पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि मतदान दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन की पूरी तैयारी भी पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों एवं मतदान पदाधिकारियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन तैनात रहेगी। अंतर्राज्य सीमाओं पर कड़े रूप से चेकिंग अभियान अभियान चलाए जा रहे है इसी के साथ सभी होटल एवं लॉज का भी औचक निरीक्षण किया जा रहा है ताकि दूसरे राज्य के लोग जो यहां के मतदाता नहीं हैं एवं राजनैतिक गतिविधि कर रहें हो पर कड़ी नजर रखी जा रही है साथ ही इल्लीगल एक्सपेंडिचर पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

**इस बार दिन भर मतदान**

# वोट बहिष्कार छोड़ कर अब हाड़ूप ग्राम निवासी भी करेंगे मतदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमाल जिले के बिशुनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित हाडूप ग्राम अंतर्गत पिछले दिनों विवाद का माहौल देखने को मिला था, ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का नारा लगाते हुए मतदान नहीं करने की बात कही थी। जिसके पश्चात जिला प्रशासन की टीम के द्वारा उक्त क्षेत्र में जाकर लगातार विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, एवं मतदाताओं को वोट देने की विशेषताओं को समझाते हुए उन्हें वोट करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही उक्त ग्राम वासियों के बीच शत प्रतिशत घरों में वोटर स्लिप का वितरण करते हुए उन्हें मतदान के इस महापर्व में शामिल होने का संदेश दिया गया। परिणामस्वरूप हाडूप ग्राम वासियों ने अपने अपने वोटर स्लिप को दिखाते हुए कहा कि वे भी इस बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे एवं अपने गांव के विकास के लिए एक बेहतर नेता चुनेंगे तथा अपने लोकतंत्र के अधिकार का उपयोग करेंगे।

# 14 पोलिंग पार्टियां मतदान के लिए रवाना





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत 13 मई 2024 को होनेवाले मतदान के लिए (सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक) लोहरदगा जिला के दुर्गम व सुदूरवर्ती क्षेत्र के कुल 14 मतदान केंद्रों के लिए 14 पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। रवाना होने से पूर्व सुबह में पोलिंग पार्टियों को उनके ईवीएम के साथ मिलान कर सुरक्षा बलों मिलान किया गया और मतदान सामग्री उपलब्ध करायी गयी। कुल 14 मतदान केंद्रों में से 03 मतदान केंद्रों के लिए 03 पोलिंग पार्टियों को बीएस कॉलेज स्टेडियम से हेलिकॉप्टर के माध्यम से उनके बूथ तक पहुंचाया गया। बाकी के मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रविवार 12 मई को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से निर्धारित वाहनों में रवाना होंगी।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, झारखण्ड, राँची

मतदाताओं के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत लोकसभा आम चुनाव, 2024 एवं 31–गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव, 2024 हेतु, सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तदनुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे:–

1 निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)
वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज:–
2 आधार कार्ड,
3 मनरेगा जॉब कार्ड,
4 बैकों/डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक,
5 श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
6 ड्राइविंग लाइसेंस,
7 पैन कार्ड,
8 एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
9 भारतीय पासपोर्ट,
10 फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
11 केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र,
12 सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और
13 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य सभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

मतदाता सूचना पर्ची (Voter Information Slip) को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाए।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

**झारखण्ड राज्य अन्तर्गत लोकसभा आम चुनाव, 2024 एवं 31–गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव में सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्भिक एवं स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।**

PR 324681 Election (24-25)_D "सभी मतदाता बने : सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक" मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड, राँची

# विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 44 गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई।** विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने शनिवार को लोकसभा क्षेत्र के पोटरो, डोम्बा, अंबवा, जलका,असरो, समल, दीगदोईन, निजमा, साहिजना, लरंगों, पुसो सहित 44 गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को मतदान के लिए प्रेरित किया. इस दौरान कार्यकर्ताओ ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए सभी मतदाता से मतदान सुनिश्चित करने की अपील किया. जिला सह मंत्री मनीष बाबू ने कहा लोकतंत्र में मतदान हम सबो का मौलिक अधिकार है, हमारे एक वोट से देश की दिशा व दशा तय होती है. उन्होंने सभी मतदाताओं से बिना लोभ, भय और निर्भीक होकर आने विवेक से मतदान करने की अपील किया है।

# गुमला के सभी व्यापारियों से कल प्रतिष्ठान बंद रखने का आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स, गुमला आप सभी गुमला के व्यापारी बंधुओ से अपील करती है कि आगामी 13 मई 2024 दिन सोमवार को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए अपने-अपने प्रतिष्ठान को बंद रखें। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने-अपने बूथों में जाएं और अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। एक बेहतर देश और एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए जरूर मतदान करें। आपका मत आपका अधिकार है। वोट करें और देश गढ़े। अपने बच्चों और परिवार के भविष्य को सवारने के लिए अपने अपने घरों से बाहर निकल कर बूथ तक जाएँ। अपने गली मोहल्ले के लोगों के साथ मिलकर मतदान स्थल पर जाएँ। और सभी को मतदान करने के लिए जागरूक करें।

# कैरो प्रखंड में आज भी नहीं हैं बुनियादी सुविधाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** राजनीतिक दल और उनके नेता लोगों को बरगलाना अच्छी तरह जानते हैं। वे झूठ को सच और सच को झूठ बनाकर बेच भी सकते हैं, क्योंकि यही उनका पेशा है। जो आम जनता को समझ नहीं आता है। पूर्व के चुनावों में गरीबी, बेरोजगारी, मंहगाई आदि कई तरह के मुद्दे चुनाव के दौरान उठाए जाते थे और इन्हीं मुद्दों पर सरकारें बनती और गिरती थीं। लेकिन राजनीति के चतुर खिलाड़ियों ने इन असली मुद्दों को गायब कर दिया है चुनाव मैदान से भी और जनता के मन से भी। जनता अगर मुद्दों के आधार पर मतदान करते तो आज सभी पार्टियों के नेताओं से सवाल करते की विकास के तमाम दावों के बीच आज भी मूलभूत सुविधाओं से नदारत है कैरो प्रखण्ड के आम जनता। लेकिन आम जनता भी इस मामले मे मुँह मोडे हुए हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार

आम सूचना

लातेहार जिला के सभी मतदातागण, कृपया ध्यान दें:–

लोक सभा आम चुनाव 2024 के निमित लातेहार जिला अंतर्गत मतदान की तिथि दिनांक 20.05.2044 को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या 3/4/आई0डी0/2024 /एसडीआर – खण्ड–1 दिनांक 19.03.2024 द्वारा प्राप्त आदेशानुसार सभी मतदाता, जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए यह निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा :–

1. आधार कार्ड
2. मनरेगा जॉब कार्ड पासपोर्ट
3. बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त पासबुक
4. श्रम मंत्रालय की योजना द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्टकार्ड
5. ड्राइविंग लाइसेंस
6. पैन कार्ड
7. एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड
8. भारतीय पासपोर्ट
9. फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज
10. केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र
11. सांसदो/विधायकों/विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचार पत्र और
12. यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

PR 324694 Latehar(24-25).D जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार

# एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया में बाल संसद का हुआ गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में शनिवार को बाल संसद का गठन किया गया। चयन मतदान बिधि से सम्पन्न हुआ। जिसके लिए उम्मीदवारों के नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद सभी छात्रों ने बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उम्मीदवार को चुनने के लिए विद्यालय के 254 छात्रों ने मतदान किया।मतदान पूर्ण होने पर मत पेटियों को खोलकर मतों की गिनती की गई।इस चुनाव में 103 मतों के साथ कक्षा 10 के छात्र नवल उराँव ने प्रधानमंत्री तथा 59 मतों से कक्षा 9 के छात्र निखिल मुंडा ने उपप्रधानमंत्री का चुनाव जीता। प्रधानमंत्री पद के लिए कुँवरधन कुजूर,उमेश मुंडा,अभिषेक उराँव, जेम्स पीटर उराँव, राहुल उराँव, हरि मुंडा,नवल उराँव तथा सुधीर खेरवार चुनावी मैदान में थे।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)

(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

आम–सूचना

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2965 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा 13–पलामू (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत गढ़वा जिला के प्रशासनिक क्षेत्र में अवस्थित 76–डाल्टनगंज (पार्ट भण्डरिया एवं बड़गड़ प्रखण्ड) के 04 मतदान केन्द्रों के Relocation संबंधी इस कार्यालय के पत्रांक 1125 दिनांक 03.05.2024 द्वारा प्रेशित प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा सहमति प्रदान किये जाने की सूचना संसूचित की गई है।

अनुमोदित Relocated मतदान केन्द्रों की विवरणी निम्नवत् है:–

| क0 | विधानसभा क्षेत्र | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | मतदान केन्द्र का नाम जहॉं Relocate किया गया है |
|---|---|---|---|
| 1 | 076–डाल्टनगंज (पार्ट भण्डरिया एवं बड़गड़ प्रखण्ड | 372. उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हरता | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिजका |
| 2 | | 421. रा0 प्रा0 वि0 तुरेर | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |
| 3 | | 425. उत्क्रमित प्रा0 वि0, कुटकू | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |
| 4 | | 426. उत्क्रमित प्रा0 वि0 खटाई टोला, सनेया | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |

एतद् द्वारा उक्त क्षेत्र के सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि मतदान दिवस दिनांक 13.05.2024 को प्रात: 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे के बीच Relocated मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

PR 324687Election(24-25)#D जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
कार्यालय:– जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू

कार्यालय आदेश

पलामू लोक सभा क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक– 13.05.2024 को आयोजित लोक सभा आम चुनाव, 2024 का मतदान कार्य में चिकित्सा संबंधी सहयोग हेतू जिला स्तर पर एवं प्रखण्ड स्तर पर निम्न रूप से कट्रोल रूम का गठन किया जाता है जो निम्नांकित है :–

| क्र0 सं0 | कंट्रोल रूम का विवरणी | कंट्रोल रूम में कार्यरत पदाधिकारियों/कर्मियों का नाम एवं मोबाईल नं0 | अभियुक्ति। |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला स्तर पर | डॉ0 अनिल कुमार, सिविल सर्जन, पलामू– 9431138224 | पूर्वाहन 07:00 बजे से मतदान कार्य के समाप्ति तक गोलघर, एम0एम0सी0एच0, पलामू में उपस्थित रहेंगे। |
| | | डॉ0 प्रेमचद्र कुमार, डी0पी0सी0,पलामू– 9006028924 | |
| | | श्री दीपक कुमार गुप्ता, डी0पी0एम,पलामू– 7903080976 | |
| | | श्री सुनीत श्रीवास्तव, एच0एम0, सदर अस्पताल, 7004339050 | |
| | | श्री आलोक कुमार, डी0पी0एम0 समन्वयक, 9608306042 | |
| | | श्री सुरेद्र कुमार रवि, डी0पी0एम0 समन्वयक, 8294024949 | |
| | | श्री नवीन कुमार सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर, 9534040665 | |
| 2 | सदर प्रखण्ड | डॉ0 प्रवीण कुमार, MOIC , 9123486037 | पूर्वाहन 07:00 बजे से मतदान कार्य सम्माति तक अपने–अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित रहेंगे। |
| | | श्रीमती तदाशा श्रीमाली, BPM , 7004805632 | |
| | | श्री राजीव रंजन सिह , BAM, 9431665247 | |
| | | श्री सुबोध कु0 सिंह, BDM , 7004606243 | |
| 3 | चैनपुर | डॉ0 चमन भारद्वाज ,MOIC , 9199692277 | पूर्वाहन 07:00 बजे से मतदान कार्य सम्माति तक अपने–अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित रहेंगे। |
| | | श्रीमती सुनीता कुमारी ,BPM, 7004084920 | |
| | | श्री धीरज सिन्हा, BAM , 9430163345 | |
| | | संजीव कु0 सिंह ,BDM , 9334386472 | |
| 4 | पाटन | डॉ उमेश प्रसाद, MOIC, 9905303995 | पूर्वाहन 07:00 बजे से मतदान कार्य सम्माति तक अपने–अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित रहेंगे। |
| | | श्री शशि कुमार BPM ,8210843774 | |
| | | श्री जितेन्द्र कुमार BAM , 9525131336 | |
| | | श्रीमती सरीता कुमारी BDM , 8757241661 | |
| 5 | हरिहरगंज | डॉ0 राजेश कु0 कुशवाहा ,MOIC, 6200060719 | पूर्वाहन 07:00 बजे से मतदान कार्य सम्माति तक अपने–अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित रहेंगे। |
| | | श्री संजय कु0 सिंह ,BPM ,8797129633 | |
| | | श्री राजकुमार सिंह BAM ,9431921305 | |
| | | श्री सत्यनारायण पासवान ,BDM ,7488031257 | |
| 6 | छत्तरपुर | डॉ0 राजेश अग्रवाल ,MOIC, 8294543575 | पूर्वाहन 07:00 बजे से मतदान कार्य सम्माति तक अपने–अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित रहेंगे। |
| | | श्री अमित कु0 सिंह BPM ,7979727062 | |
| | | श्री उमाकॉन्त सहाय BAM, 7007805664 | |
| | | श्री अमित कु0 सिंह BDM ,7979727062 | |
| 7 | हुसैनाबाद | डॉ0 दीपक कु0 सिन्हा MOIC ,9708000609 | पूर्वाहन 07:00 बजे से मतदान कार्य सम्माति तक अपने–अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित रहेंगे। |
| | | श्री विभूति कुमार BPM ,9304193854 | |
| | | श्री राजीव रंजन कुमार BAM ,9471313168 | |
| | | श्री रणजीत कु0 मेहता BDM ,8210306833 | |
| 8 | विश्रामपुर | डॉ0 राजेश कुमार MOIC ,8271255158 | पूर्वाहन 07:00 बजे से मतदान कार्य सम्माति तक अपने–अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित रहेंगे। |
| | | श्री पंकज कुमार पाण्डे BPM, 7250130979 | |
| | | श्री पंकज सिंह ,BAM ,7250939036 | |
| | | श्री रविरंजन कुमार BDM 8825219436 | |

नोट:– सभी प्रभारी (लेस्लीगंज, पांकी एवं मनातु को छोड़कर) दिनांक:–13.05.2024 को लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान की तिथि को आपके प्रखण्ड अन्तर्गत सभी एम्बुलेंस, चिकित्सक, पाराकर्मी को आवश्यक दवाईयों के साथ तैयार रखेंगे ताकि ससमय चिकित्सीय सुविधाएं दी जा सके।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 324722Palamu(24-25)#D

## न्यूज बॉक्स

### एनटीटीएफ आरडी टाटा टेक्निकल सेंटर के 5 छात्रों को टार्क रोबोटिस ने 2.80 लाख के पैकेज पर किया लॉक



**जमशेदपुर**(एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आरडी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों पुणे स्थित टार्क रोबोटिक्स कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमे सर्वप्रथान लिखित परीक्षा,छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा,तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया।जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौवांगित किया।पुणे स्थित टार्क रोबोटिक्स कंपनी द्वारा एनटीटीएफ के 05 छात्रों को 02.80 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया।सभी छात्रों ने तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनाई। सभी चयनित छात्र एनटीटीएफ के फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन मेकेट्रोनिक्स इंजीनियरिंग एंड डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के है। तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रोसेस के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स(04)से टियासा डे मेकेट्रोनिक्स(15)से प्रेम कुमार दत्ता,नितिन कुमार,निखिल कुमार,राहुल प्रसाद को चुना गया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जादूगोड़ा में मतदाता पर्ची का वितरण तेज



**जादूगोड़ा।** लोकसभा चुनाव को लेकर जादूगोड़ा में मतदाता पर्ची का वितरण तेज हो गया है. इधर क्षेत्र की महिला बीएलओ ने सरस्वती टुडू ने यूसील कॉलोनी अंतर्गत जादूगोड़ा सामुदायिक केंद्र की ब३थ संख्या 198 के कुल वोटर 1157 मतदाता को पर्ची बांटने में जुटी है. इसको लेकर शनिवार को गांधी मार्केट में कैंप लगाकर ईंटा भट्ठा, इंचड़ा, धर्मडीह के लोगों की मतदाता पर्ची का वितरण किया.उन्होंने लोगों से भारी संख्या में वोट देने मतदान केन्द्र तक आने की अपील की. बीएलओ सरस्वती टुडू कहती है. इस बात 80 प्रतिशत वोटिंग करने का लक्ष्य हर बूथ पर रखी गई है. इसकी वजह से घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाई जा रही है. यह अभियान बीते 8 मई से चलाई जा रही है, जो लगातार चलाई जा रही है.

### भाजपा प्रत्याशी को 3 लाख मतों के अंतर से करेंगे पराजित : विधायक



**घाटशिला।** कॉलेज रोड स्थित विभूति मंच परिसर में शनिवार को महगठबंधन की बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में झामुमो, कांग्रेस, सीपीआई सहित महागठबंधन के विभिन्न दालों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे. कार्यकताओं को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि इस बार भाजपा प्रत्याशी को तीन लाख मतों से पराजित करना है. वर्ष 2019 में पूरे जिले में उनके विधायक थे. इस बार पूरे कोल्हान से भाजपा साफ है. ऐसे में सबको मिलकर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा को साफ करना है. उन्होंने कहा कि भाजपा के स्टार प्रचारक से यह सवाल करना है कि उन्होंने इन 10 वर्षों के कार्यकाल में ऐसा एक भी काम किया हो जो बताएं अन्यथा यहां से वापस जाएं.इसके अलावा उन्होंने महा गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए कई दिशा निर्देश दिए।

### महिला कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**चाईबासा।** महिला कॉलेज चाईबासा में मतदाता जागरूकता एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें महिला कॉलेज चाईबासा के प्रभारी प्राचार्या, सभी शैक्षणिक और गैर- शैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्राओं ने भाग लिया. प्रभारी प्राचार्या डॉ अंजू बाला खाखा ने मतदान के महत्व को बताया और सभी को विवेक से मतदान करने के लिए कहा. डॉ ओनिमा मानकी ने सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया. डॉ अंजना सिंह ने भी सभी को मतदान के महत्व को बताया. डॉ प्रशांत खरे ने मतदान की आवश्यकता पर महत्व दिया. मिथिलेश सिंह ने भी सभी लोगों को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया. डॉ अर्पित सुमन टोप्पो ने मतदान के प्रति जागरूक होने को कहा. ललिता सवैयां ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए. महिला कॉलेज चाईबासा के चुनाव नोडल पदाधिकारी सितेंद्र रंजन सिंह ने भी सभी लोगों को प्रत्याशी को अच्छे से जानकर मतदान करने पर बल दिया।

### कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का बलियापुर में जनसंपर्क अभियान

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शनिवार को बलियापुर प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान वह समर्थकों के साथ बरमुड़ी, शीतलपुर, बीरसिंहपुर, घड़बड़, बेलियाबाद समेत दर्जनों गांवों में गांवों में गईं और लोगों से समर्थन मांगा. कहा कि चुनाव में जनता का झुकाव कांग्रेस की ओर है और उन्हें अपार जनसमर्थन मिल रहा है. यदि वह जीत गईं, तो बलियापुर प्रखंड में व्याप्त पानी-बिजली जैसी समस्याओं का निदान करेंगी. दौरे में प्रखंड अध्यक्ष ईदू अंसारी, महिला प्रखंड अध्यक्ष सुनीता निषाद, पूर्व मुखिया खगेन महतो, आशू महतो, सुबल मल्लिक, शेख तालीम, समीरन विद, अकबर अंसारी, नसीम खान, उमाशंकर रजवार, हारून रशीद, इकलाख अंसारी, भोलानाथ भंडारी, इसराइल खान, प्रदीप पाल आदि मौजूद शामिल थे।

# 399 जिलेटिन, पिस्तौल, मैगजीन और गोली के साथ एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल** चांडिल अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह थाना क्षेत्र के गुंडा गांव के टोला डीटांड के एक घर से पुलिस ने प्लास्टिक के बोरे में भरकर रखे गए विस्फोटक पदार्थ, एक लोडेड देशी पिस्तौल, मैगजीन में 7.65 एमएम के चार जिंदा गोली बरामद किया है. इसके साथ ही पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. शनिवार को आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इस संबंध में नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान ने बताया कि सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक को नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गुंडा गांव के डीटांड टोला निवासी बासुदेव महतो के घर पर विस्फोटक पदार्थ व अवैध हथियार रखा रहने की जानकारी मिथी थी. उक्त सूचना के आलोक में नीमडीह थाना की पुलिस टीम ने गुंडा के डीटांड टोला में छापामारी किया.वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार की गई कार्रवाई में पुलिस को गुंडा गांव के डीटांड टोला में बासुदेव महतो के घर पर छापा मारा। छापामारी अभियान में पुलिस को उसके घर से एक प्लास्टिक के बोरे में भरे 399 पीस जिलेटिन (विस्फोटक पदार्थ) मिला. इसके साथ ही तलाशी के दौरान उसके घर से एक देशी पिस्तौल, जिसके मैगजीन में 7.65 एमएम के चार जिंदा गोली लोडेड बरामद हुआ।

## डीपीएस में इंटर हाउस बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह गिरिडीह।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में शनिवार से आयोजित तीन दिवसीय इंटर हाउस बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरूआत शनिवार को हुई। स्कूल के डायरेक्टर सरदार तिरलोचन सिंह सलूजा ने विधिवत रूप से टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस दौरान टूर्नामेंट को सिंगल और डबल समूह में बांट कर कराया जा रहा है। टूर्नामेंट के पहले दिन गर्ल्स ग्रुप में प्रिया कुमारी जहां पहले स्थान पर जीत दर्ज कराने में सफल रही। वहीं तृषा कुमारी दूसरे व आरुषि तीसरे स्थान पर रही। जबकि बॉयज ग्रुप में अभिजीत कुमार पहले स्थान तो दूसरे और तीसरे स्थान पर तन्मय और राहुल यादव रहे। मौके पर स्कूल के चेयरमैन ऋषि सलूजा ने विनर प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


## कार्यालय जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू
## (जिला शस्त्र शाखा)

दूरभाष सं0–06562–224033 (का)/224044 (आ) Email Id: dc-pal@nic.in

### आदेश

पुलिस अधीक्षक, पलामू के पत्रांक–1633 एवं 1634/गो0, दिनांक–11.04.2024, पत्रांक–1910 एवं 1913/गो0, दिनांक–28.04.2024, पत्रांक–1977 एवं 1978/गो0, दिनांक– 02.05.2024, पत्राक–1993 एवं 1994/गो0, दिनांक–03.05.2024, पत्रांक–1940/गो0, दिनांक– 30.04.2024, पत्रांक–2023, 2024, 2025, 2026, 2027, 2028, 2029, 2030 एवं 2031/गो0, दिनांक–06.05.2024 तथा थाना प्रभारी, पाटन के ज्ञापांक–820/2024, दिनांक–27.04.2024, थाना प्रभारी, छत्तरपुर के ज्ञापांक–466, 467, 468, 469, 465/2024, दिनांक–03.04.2024 के द्वारा जिन शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अपने शस्त्रों की भौतिक सत्यापन थाना में नहीं कराया गया है तथा शस्त्र संबंधित थाने में जमा नहीं कराया गया है और न ही जमा से विमुक्ति हेतु स्क्रीनिंग समिति की बैठकों में आवेदन दिया गया है, उक्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की अनुज्ञप्ति रद्द करने हेतु प्रतिवेदित किया गया है।

अतः आसन्न लोकसभा आम चुनाव, 2024 के सफल, निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सार्वजनिक शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस अधीक्षक, पलामू एवं संबंधित थाना प्रभारी के उपरोक्त प्रतिवेदन/अनुशंसा के आलोक में शस्त्र अधिनियम, 1959 के नियम 17 (b) के आलोक में तथा शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 63 तथा आर्म्स रूल्स 1962 की कंडिका 30 एवं 31 के उल्लंघन किये जाने के आरोप में निम्नांकित शस्त्र अनुज्ञप्तिधरियों की शस्त्र अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है।

| क्रं0 सं0 | अनुज्ञप्तिधारी का नाम | पिता/पति का नाम | पता | अनुज्ञप्ति संख्या | धारित शस्त्र का प्रकार | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | अमन सिंह | नागेन्द्र सिंह | एस0पी0 कोठी रोड, आबादगंज, थाना–शहर, जिला–पलामू | 672/3493//14 | Rifle-076106542 | |
| 2 | सुरेन्द्र सिंह | रामलखन सिंह | पोखराहा, थाना–छत्तरपुर, जिला–पलामू | 276/1983 | Rifle-836023 | |
| 3 | कामेश्वर सिंह | स्व0 इन्द्रदेव प्रसाद | नौडीहा बाजार, थाना–छत्तरपुर, जिला–पलामू | 113/1969 | DBBL-E27728 | |
| 4 | सेराजुद्दीन अंसारी | उस्मान अंसारी | मुनकेरी, थाना– छत्तरपुर, जिला– पलामू | 234/1983 | DBBL-8203842 | |
| 5 | अशोक कुमार सिंह अनुमण्डल पदाधिकारी | तुलसी सिंह | अमरोरा | 265/1983 | Rifle-98625 | |
| 6 | मो0 शमीम | निजामुद्दीन | हरिहरगंज, थाना–छत्तरपुर, जिला–पलामू | 130/1973 | DBBL-2152 | |
| 7 | मो0 जैहरूदीन | जिनामुद्दीन | हरिहरगंज, थाना–छत्तरपुर, जिला–पलामू | 131/1973 | Rifle-1387 | |
| 8 | कुमार पारसदेव सिंह | नौरंग देव सिंह | भिखही, थाना–छत्तरपुर, जिला–पलामू | 97/1966 | DBBL-2678 | |
| 9 | कमला प्रसाद सिंह | स्व0 राम प्रसाद सिंह | उदयगढ़, थाना–छत्तरपुर, जिला–पलामू | 219/1982 | Rifle-155964 | |
| 10 | गया प्रसाद सिंह | ईश्वरी प्रसाद सिंह | पगार, उड़ीहा, थाना– पिपराटांड़, जिला– पलामू | 68/1971 | DBBL-71793 | |
| 11 | विनोद बिहारी सिंह | राम सेवक सिंह | पगार, थाना– पिपराटांड़, जिला– पलामू | 97/1976 | DBBL-1852 | |
| 12 | रामदुलार सिंह | अम्बिका प्रसाद सिंह | उलगाड़ा, थाना–पांकी, जिला–पलामू | 135/1983 | Rifle-821008 | |
| 13 | सत्येन्द्र कुमार सिंह | जगनारायण सिंह | होटाई, थाना–पांकी, जिला– पलामू | 170/1990 | DBBL-49593 | |
| 14 | युगल किशोर सिंह | सरयु सिंह | रामपुर, थाना– चैनपुर, जिला पलामू | 95/1982 | Rifle-810207 | |
| 15 | कामेश्वर कुमार | कंचन कुमार | सेमोरा, थाना– हरिहरगंज, जिला– पलामू | 46/1970 | DBBL-168758 | |
| 16 | सुरेन्द्र सिंह | शत्रुध्न सिंह | सरसोत, थाना– हरिहरगंज, जिला– पलामू | 138/1982 | Rifle-AB8311367 | |
| 17 | मंतुला | सहजल हुसैन | रेहला, पलामू | 217/1975 | DBBL-8003263 | |
| 18 | कमला देवी | मुंशी लाल गुप्ता | रेहला, पलामू | 316/1983 | Rifle-8301009 | |
| 19 | बुद्धिनारायण जयसवाल | शिव शंकर प्रसाद | रेहला, पलामू | 324/1983 | Rifle-AB830877 | |
| 20 | गोपाल प्रसाद जयसवाल | सूर्यदेव साव | रेहला, पलामू | 346/1983 | SBBL-A6314 | |
| 21 | ओम प्रकाश गुप्ता | वंशी साव | रेहला, पलामू | 407/1983 | Rifle-831769 | |
| 22 | रिता देवी | राजमुनी राम | कुटमू, पलामू | 13/2008 | Rifle-AB-0709384 | |
| 23 | महेन्द्र राम | भजन राम | | 14/2008 | Rifle-AB0711369 | |
| 24 | मुन्द्रिका प्रसाद सिंह | रामकिशुन सिंह | डालाखुर्द, पलामू | 171/1982 | DBBL-8760/81 | |
| 25 | विश्वनाथ राम | स्व0 गौरी राम | हुटार, पलामू | 21/1972 | DBBL-20590 | |
| 26 | मुन्द्रिका राम | केश्वर राम | हुटार, पलामू | 73/1980 | DBBL-9874 | |
| 27 | युगल किशोर सिंह | सरयु सिंह | रामपुर, पलामू | 95/1982 | Rifle-810207 | |
| 28 | देव नन्दन सिंह | इन्द्रदेव सिंह | लोहरसिमी, पलामू | 139/1983 | SBBL-6396C/4 | |
| 29 | मो0 फारूख | सलामत हुसैन | रामगढ़, पलामू | 152/1983 | Rifle-AB0601772 | |
| 30 | विनोद साव | रूपनारायण सिंह | सलतुआ, पलामू | 178/1990 | DBBL-11898 | |
| 31 | अखिलेश्वर कुमार तिवारी | रामनाथ तिवारी | ओरनार, पलामू | 189/2002 | Rifle-AB028741 | |
| 32 | प्रमोद कुमार सिंह (थाना प्रभारी) | | चैनपुर, पलामू | 192/2004 | Rifle-820483 | |
| 33 | मनोज कुमार जयसवाल | जगेश्वर जयसवाल | कोकाड़, चैनपुर, पलामू | 214/2015 | Rifle-0761-07918 | |
| 34 | शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक | | कटुअल कला, चैनपुर, पलामू | 222/2016 | DBBL- | |
| 35 | ठकुराई राज मणि प्र0 सिंह | ठकुराई लखन प्र0 सिंह | चैनपुर, मेदिनीनगर | 866/1963 | DBBL-82 | |
| 36 | सुरजदेव प्रताप सिंह | महेन्द्र नारायण सिंह | चैनपुर, मेदिनीनगर | 874/1963 | DBBL-2976 | |
| 37 | बिहारी प्रसाद सिंह | बेनी माधव प्रसाद सिंह | राजहारा, चैनपुर, मेदिनीनगर | 1064/1965 | Rifle-8555 | |
| 38 | उमाकान्त दूबे | स्व0 कृमणदत्त दूब | पूर्वडीहा, चैनपुर | 2098/1983 | Rifle-830396AB | |
| 39 | मो0 अनवर हुसैन | मो0 मुस्ताक | शाहपुर, चैनपुर | 2218/1983 | DBBL-1307583 | |
| 40 | खुरशीद अहमद खा | स्व0 मोमिन अहमद खान | शाहपुर, मेदिनीनगर | 2453/1983 | DBBL-24534 | |
| 41 | अब्दुल मोईद | अब्दुल मजीद | सबनवा, मोहम्मदगंज | 499/1982 | DBBL-2582 | |
| 42 | दशरथ सिंह | विश्वनाथ सिंह | मोहम्मदगंज, पलामू | 394/1981 | Rifle-28875 | |
| 43 | बीरकेश्वर प्रसाद सिंह | यदुनन्दन प्रसाद सिंह | मोहम्मदगंज, पलामू | 315/1976 | SBBL-77GR | |
| 44 | रामप्रवेश सिंह | जगदेव सिंह | नावाडीह, हुसैनाबाद | 332/1977 | Rifle-0915 | |
| 45 | अब्दुल हासीद | स्व0 एस0के0 मिया | झरहा, हुसैनाबाद | 339/1977 | DBBL-78025886 | |
| 46 | मुस्ताक अहमद खान | अब्दुल जफर खान | ककोईया पछियारा टोला, हुसैनाबाद | 359/1979 | DBBL-108826 | |
| 47 | रामबिलास सिंह | डोमन सिंह | पोल्डीह जगदीशपुर, हुसैनाबाद | 364/1979 | DBBL-7900174 | |
| 48 | मदन प्रसाद सिंह | स्व0 राजेन्द्र प्रसाद | हुसैनाबाद, पलामू | 370/1979 | DBBL-4084/D/6 | |
| 49 | रामस्वरूप सिंह | सोनी सिंह | सोनी सिंह | 471/1983 | Rifle | |
| 50 | कलामुदीन खान | सुभान खान | कररिया हुसैनाबाद | 474A/1983 | DBBL-8203114 | |
| 51 | राजाराम सिंह | चन्द्रशेखर सिंह | पोल्डीह जगदीशपुर, हुसैनाबाद | 526/1983 | Rifle-821160 | |
| 52 | रामकृष्ण राम | दफदार राम | हुसैनाबाद, पलामू | 2458/1983 | DBBL-7902713 | |
| 53 | राजेश सिंह | सुकन सिंह | सैदाबाद, हुसैनाबाद | 502/1983 | Rifle-AB862470 | |
| 54 | रामाधार सिंह | चन्द्रदीप सिंह | जपला, हुसैनाबाद | 507/1983 | Rifle-831760 | |
| 55 | ब्रजनन्दन सिंह | स्व0 इन्द्रदेव सिंह | सिन्दुरिया, हुसैनाबाद | 533/1983 | | |
| 56 | अवधेश सिंह | विद्यासागर सिंह | बिश्रामपुर, हुसैनाबाद | 466/1983 | Rifle-AB830672 | |
| 57 | दशरथ कुमार सिंह | रामसेवक सिंह | बुलन्द बिगहा, हुसैनाबाद | 587/1992 | Rifle-21989 | |
| 58 | दशरथ कुमार सिंह | रामसेवक सिंह | बुलन्द बिगहा, हुसैनाबाद | 591/1994 | Revolver-A-2039 | |
| 59 | मीना देवी | अंजनी कुमार सिंह | बुलन्द बिगहा, हुसैनाबाद | 611/2008 | Rifle-E14954 | |
| 60 | मौजी महतो | राम सुन्दर महतो | सैयद बिगहा, हुसैनाबाद | 328/1977 | DBBL-7600027 | |
| 61 | अरविन्द कुमार सिंह | ललन सिंह | जमुआ, हुसैनाबाद | 399/1983 | Rifle-803606 | |
| 62 | मो0 आरिफ | अमीरूदीन | बेल बिगहा, हुसैनाबाद | 409/1983 | DBBL-4983 | |
| 63 | अजय कुमार सिंह | नन्द किशोर सिंह | दरूआ, हुसैनाबाद | 487/1983 | Rifle-AB832888 | |
| 64 | मोहम्मद उमैर | मो0 मनूसर | बुधुवा, हुसैनाबाद | 495/1983 | Rifle-10AB00464 | |
| 65 | जनार्दन मेहता | रामचरित्र मेहता | लपेया, हैदरनगर | 362/1979 | DBBL-4670C/4 | |
| 66 | रामचन्द्र साहु | नवरंग साहु | रानी देवा, हैदरनगर | 366/1979 | DBBL-843 | |
| 67 | राम सिंह | लल्लु सिंह | सोबा, हैदरनगर | 530/1983 | Rifle-AB810238 | |
| 68 | विनोद कुमार सिंह | स्व0 कामेश्वर सिंह | पंशा, हैदरनगर | 379/1980 | DBBL-155041 | |
| 69 | रामेश्वर प्रसाद | चन्द्रिका साव | पण्डवा, पलामू | 215/1987 | DBBL-32750 | |
| 70 | मो0 शमसुदीन | मो0 हसीम | रजहारा, पण्डवा | 3092/2001 | DBBL-1038 | |
| 71 | चन्द्रामधव सिंह | उदय नारायण सिंह | नौडीहा, पाटन | 194/1983 | DBBL-7256A/4 | |
| 72 | शम्भु शरण तिवारी | सुबंश तिवारी | किशुनपुर, पाटन | 3208/2006 | DBBL-27560 | |
| 73 | मो0 शमसुदीन | मो0 हसीम | रजहारा, पण्डवा | 3092/2001 | DBBL-1038 | |
| 74 | कामेश्वर विश्वकर्मा | रमजान विश्वकर्मा | बिश्रामपुर, पलामू | 42/1956 | | |
| 75 | केदार पाण्डेय | शम्भु पाण्डेय | चेतमा, बिश्रामपुर | 430/1983 | DBBL-13014 | |
| 76 | जयनन्दन सिंह | महावीर सिंह | सिरडीही, बिश्रामपुर | 455/1983 | Rifle-AB831419 | |
| 77 | अशर्फी सिंह | भोला सिंह | झरनाखाड़, बिश्रामपुर | 710/1988 | DBBL-8400796 | |
| 78 | एस0एम0 हसिबर रहमान | एस0एम0 मजीबर रहमान | अबादगंज, डालटनगंज | 896/1963 | DBBl Gun-2225 | |
| 79 | विजेन्द्र नाथ साही | राजा नागेन्द्र नाथ साही | सोनपुरवा स्टेट, अबादगंज, डालटनगंज | 940/1965 | NPB Rifle-8276PAR3/65 | |
| 80 | निरमल कुमार पाण्डेय | मालदेव पाण्डेय | डालटनगंज | 1030/1965 | DBBL Gun-55207 | |
| 81 | गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह | राजेश्वर प्रसाद सिंह | जगतकुटिर, डालटनगंज | 1065/1965 | DBBL Gun-A-51604 | |
| 82 | एस0 के0 मो0 इब्राहीम | ए0के0 अब्दुल हक | कुंड मुहल्ला, डालटनगंज | 1154A/1971 | NPB Rifle -53395045004 | |
| 83 | रविन्द्र प्रसाद सिंह | विरकेश्वर सिंह | स्वास्थ्य विभाग, डालटनगंज | 1179/1972 | DBBL-86829 | |
| 84 | सच्चिदानन्द सिंह | सुदामा सिंह | सूदना, मेदिनीनगर | 1211/1972 | DBBL Gun No-86820 | |
| 85 | विश्वनाथ प्र0 तिवारी | गुप्तेश्वर तिवारी | हमीदगंज, मेदिनीनगर | 1215/1972 | DBBL Gun No-90985 | |
| 86 | बृजमोहन प्रसाद | रामनरेश प्रसाद | कुण्ड मुहल्ला, मेदिनीनगर | 1249/1973 | DBBL Gun No-43445 | |
| 87 | शिवनाथ प्रसाद | जगत नारायण साव | आर्य समाज रोड, मेदिनीनगर | 1264/1973 | DBBL Gun No-90578 | |
| 88 | रामप्रसाद मिश्रा | शिव प्रसाद मिश्रा | जेल कम्पाउण्ड, मेदिनीनगर | 1326/1974 | DBBL Gun No-7702861 | |
| 89 | वेदबरत भरत प्रसाद | चन्द्रिका प्रसाद वर्मा | हमीदगंज, मेदिनीनगर | 1331/1975 | DBBL Gun No-425 | |
| 90 | विजय नारायण उपाध्याय | रजनीकान्त उपाध्याय | चन्दा अरक, जिला भागलपुर | 1367/1978 | DBBL Gun No-845274 | |
| 91 | फील्ड डाइरेक्टर | | प्रोजेक्ट, टाईगर, मेदिनीनगर, पलामू | 1373/1978 | DBBL Gun No-0380E, 7505507,7505677,7505626/NPB Rifle No-75048,750674 | |
| 92 | गौरी शंकर प्रसाद सिंह | राजेन्द्र प्रसाद सिंह | एस0डी0ओ0 बिहार इलेक्ट्रसीटी बोर्ड, मेदिनीनगर | 1381/1976 | DBBL Gun No-7505025 | |
| 93 | फिल्ड डाइरेक्टर | | प्रोजेक्ट, टाईगर, मेदिनीनगर, पलामू | 1390/1976 | DBBL Gun No-7504996, 7505539,750373,7504174,7504644,7504357 | |
| 94 | प्रदीप कुमार जैन | हरखचन्द जैन | मेदिनीनगर, पलामू | 1399/1977 | DBBL Gun No-22574 | |
| 95 | हेमन्त कुमार जैन | प्रकाशचन्द जैन | मेदिनीनगर, पलामू | 1400/1977 | DBBL Gun No-31713 | |
| 96 | विनय कुमार सिंह | रामनारायण सिंह | हरिहरगंज रोड, मेदिनीनगर | 1402/1977 | DBBL Gun No-41453 | |
| 97 | रामदयाल सिंह | स्व0 नारायण सिंह | आबादगंज, मेदिनीनगर | 1405/1976 | DBBL Gun No-7702825 | |
| 98 | मोतीलाल अग्रवाल | स्व0 गोपाल दास अग्रवाल | महावीर मंदिर रोड, मेदिनीनगर | 1409/1977 | DBBL Gun No-7702808 | |
| 99 | गुलबीर सिंह, मैनेजर | | पंजाब एण्ड सिंध बैंक, मेदिनीनगर, पलामू | 1414/1977 | DBBL Gun No-7505620 | |
| 100 | राजेन्द्र प्रसाद सिंह | स्व0 कर्मदेव सिंह | हमीदगंज, मेदिनीनगर | 1415/1977 | DBBL Gun No-7702464 | |
| 101 | रामजी प्रसाद | बृज बिकास प्रसाद | भठी मुहल्ला, मेदिनीनगर, पलामू | 1417/1977 | DBBL Gun No-2644 xpl-187/55 | |
| 102 | भेपेन्द्र नारायण सिंह | केदार नाथ सिंह | आबादगंज, मेदिनीनगर | 1435/1977 | NPB Rifle No-363089 | |
| 103 | उमाकान्त प्रसाद | डॉ0 योगेश्वर प्रसाद | बारालोटा मेदिनीनगर, पलामू | 1470/1977 | DBBL Gun No-294176 | |
| 104 | कुमार गिरीनाथ सिंह | कु0 गोपानाथ सिंह | नावाटोली, मेदिनीनगर, पलामू | 1471/1977 | NPB Rifle No-783625 | |
| 105 | जगदिश्वर प्रसाद सिंह | स्व0 बच्चु नारायण सिंह | हमीदगंज, मेदिनीनगर, पलामू | 1473/1978 | DBBL Gun No-7702304 | |
| 106 | नागेश्वर मिश्रा | रामलखन मिश्रा | अमलाटोली, मेदिनीनगर, पलामू | 1491/1978 | SBBL Gun No-296076 | |
| 107 | रामजन्म सिंह | स्व0 गोपाल नारायण सिंह | बेलवाटीकर, मेदिनीनगर, पलमू | 1505/1977 | DBBL Gun No-86230 | |
| 108 | ललन कुमार | बासुदेव राम | सूदना, मेदिनीनगर, पलामू | 1519/1978 | DBBL Gun No-7801222 | |
| 109 | कमल कुमार सिंह | स्व0 बी0 दूर्गा शंकर सिंह | जेलहाता, मेदिनीनगर, पलामू | 1522/1978 | DBBL Gun No-2732 | |
| 110 | जगदीश प्रसाद अग्रवाल | स्व0 बंशी राम अग्रवाल | अमलाटोली, मेदिनीनगर, पलामू | 1534/1978 | DBBL Gun No-4033 | |
| 111 | शिवपुजन तिवारी | रामकिशन तिवारी | मधुशालारा रोड, मेदिनीनगर, पलामू | 1538/1978 | DBBL Gun No-9701593 | |
| 112 | श्रीपति सिंह | नयन सिंह | बेलवाटीकर, मेदिनीनगर, पलामू | 1542/1978 | NPB Rifle No-771063 | |
| 113 | मो0 इकबाल सफी | | कश्यप मुहल्ला, मेदिनीनगर, पलामू | 1552/1979 | SBBL Gun No-8855 | |
| 114 | रामानुज तिवारी | स्व0 राजेश्वर तिवारी | सरजा, मेदिनीनगर, पलामू | 1555/1978 | DBBL Gun No-8001590 | |
| 115 | महेन्द्र सिंह | सुबेदार सिंह | सर्वे सेटलमेंट ऑफिस, मेदिनीनगर, पलामू | 1567/1979 | DBBL Gun No-4874 | |
| 116 | कन्हैया प्रसाद सिन्हा | राजकुमार लाल | सिविल कोर्ट, मेदिनीनगर, पलामू | 1579/1979 | SBBL Gun No-16340 | |
| 117 | सुरेन्द्र कुमार जयसवाल | स्व0 श्याम सुन्दर जयसवाल | रेड़मा, मेदिनीनगर, पलामू | 1587/1979 | NPB Rifle No-783786 | |
| 118 | सुबेदार प्रसाद | नागेश्वर विश्वकर्मा | बारालोटा मेदिनीनगर, पलामू | 1601/1978 | SBBL Gun No-67717 | |
| 119 | रमेन्द्र लाल भगत | स्व0 रमेश्वर लाल भगत | अमलाटोली, मेदिनीनगर, पलामू | 1603/1979 | SBBL Gun No-12364 | |
| 120 | काशीनाथ गुप्ता | केदारनाथ गुप्ता | मेदिनीनगर, पलामू | 1620/1979 | NPB Rifle No-801990 | |
| 121 | आनन्दी देवी | स्व0 शिव नारायण प्रसाद | नई मुहल्ला, मेदिनीनगर, पलामू | 1631/1980 | DBBL Gun No-100215 | |
| 122 | कुशेश्वर सिंह | मुनेश्वर सिंह | पुलिस केन्द्र मेदिनीनगर, पलामू | 1700/1980 | DBBL Gun No-11100 | |
| 123 | राजेश्वर कुमार | स्व0 महेश प्रसाद | नवकेतन चित्र मंदिर, मेदिनीनगर, पलामू | 1701/1980 | NPB Revolvar No-2427 | |
| 124 | इरफान अहमद खान | सुलतान अहमद खान | कुण्ड मुहल्ला, मेदिनीनगर,पलामू | 1708/1980 | DBBL Gun No-8003398 | |
| 125 | सतार अली | स्व0 न्यूम अहमद | छोटी मस्जिद, मेदिनीनगर, पलामू | 1718/1981 | DBBL Gun No-3077 | |
| 126 | लखन सिंह | रामकमल सिंह | के0जी0गर्ल उच्च विद्यालय रोड, मेदिनीनगर, पलामू | 1720/1981 | DBBL Gun No-8000258 | |
| 127 | विजय भाई पटेल | मानो भाई पटेल | चर्च रोड, मेदिनीनगर, पलामू | 1733/1981 | NPB Rifle No-935645 | |
| 128 | राधेश्याम प्रसाद | स्व0 प्रभुदयाल पसाद | भठी मुहल्ला, मेदिनीनगर, पलामू | 1741/1981 | SBBL Gun No-863 | |
| 129 | ओमप्रकाश साहु | स्व0 रामस्वरुप साहु | नावाटोली, मेदिनीनगर, पलामू | 1753/1981 | DBBL Gun No-35496 | |
| 130 | रघुनाथ सिंह | स्व0 केमलेश प्रसाद सिंह | शांतिपूरी, मेदिनीनगर,पलामू | 1763/1981 | NPB Rifle No-86037 | |
| 131 | गुरमुख सिंह | इन्दर सिंह ठकलाल | बेलवाटीकर, मेदिनीनगर,पलामू | 1787/1981 | NPB Rifle No-AB2943 | |
| 132 | विनोद कुमार साहानी | हरबंश लाल साहनी | बेलवाटीकर, मेदिनीनगर,पलामू | 1789/1981 | NPB Rifle No-1153869 | |
| 133 | अजीत सिंह नामधारी | स्व0 योध सिंह नामधारी | नावाटोली, मेदिनीनगर, पलामू | 1794/1981 | NPB Rifle No-1003142 | |
| 134 | गिरीराज रमन सिंह | गोपी नाथ सिंह | नई मुहल्ला, डलटनगंज | 1806/1982 | DBBL Gun No-44282 | |
| 135 | शिव नारायण सिंह | ब्रह्मदेव सिंह | टेलीफोन एक्सचेंज, डालटनगंज | 1824/1982 | DBBL Gun No-8102948 | |
| 136 | विजय कान्त शुक्ला | स्व0 भोला शुक्ला | रेड़मा, मेदिनीनगर, पलामू | 1866/1981 | NPB Rifle No-830211 | |
| 137 | पंकज कुमार | रामजी प्रसाद | नवकेतन चित्र मंदिर, मेदिनीनगर | 1883/1981 | NPB Rifle No-81-3010 | |
| 138 | गंजनफर इकबाल सिद्धकी | स्व0 जहीर अहमद सिद्धकी | कुण्ड मुहल्ला, मेदिनीनगर, पलामू | 1889/1982 | NPB Rifle No-14893 | |
| 139 | विकास कुमार जैन | स्व0 प्रकाश चन्द्र जैन | रतनलाल प्रकाशचन्द, मेदिनीनगर | 1933/1982 | NPB Rifle No-21906 | |
| 140 | भुपेन्द्र नारायण सिंह | केदार नाथ सिंह | आबादगंज, मेदिनीनगर, पलामू | 1946/1982 | DBBL Gun No-3135 | |
| 141 | ललन प्रसाद जैसवाल | मथुरा प्रसाद जैसवाल | धोबी मुहल्ला, मेदिनीनगर | 1952/1982 | DBBL Gun No-5601xpl 3005/57 | |
| 142 | रामकेश्वर सिंह | स्व0 महातम सिंह | कुण्ड मुहल्ला, मेदिनीनगर, पलामू | 1971/1982 | NPB Rifle No-850834 | |
| 143 | सुरेन्द्र कुमार शुक्ला | कैलाश शुक्ला | नामधारी होटल, मेदिनीनग, पलामू | 2060/1983 | DBBL Gun No-8400994 | |
| 144 | शमीम खान | स्व0 अलीमुदीन खान | इंजीनियरिंग रोड, मेदिनीनगर | 2071/1983 | DBBL Gun No-3091/2992 | |
| 145 | मो0 हसीम | मो0 हतीम | नावाटोली, डालटनगंज | 2080/1983 | DBBL Gun No-73023 | |
| 146 | मैनेजर दुबे | स्व0 रामदेनी दुबे | हमीदगंज, मेदिनीनगर, पलामू | 2086/1983 | NPB Rifle No-78916 | |
| 147 | निर्मल कुमार केडिया | स्व0 छेदीलाल केडिया | मेन बाजार, मेदिनीनगर | 2091/1983 | DBBL Gun No-512/55 | |
| 148 | हफीजुल रहमान | स्व0 अब्दुल रहीम | भोटिया भठी, मेदिनीनगर, पलामू | 2102/1983 | NPB Rifle No-14099 | |
| 149 | ब्रजमोहन प्रसाद | गुलाब साव | बेलवाटीकर, मेदिनीनगर, पलामू | 2118/1983 | DBBL Gun No-3090 | |
| 150 | कृष्ण नन्द सिंह | स्व0 रंजेश सिंह | जेलहाता मेदिनीनगर, पलामू | 2141/1983 | DBBL Gun No-8539 | |
| 151 | अम्बिका प्रसाद सिंह | राजकिशोर सिंह | नावाटोली, डालटनगंज | 2150/1983 | SBBL Gun No-37664 | |
| 152 | नसीम अख्तर | अली अहमद | मुस्लीम नगर, मेदिनीनगर, पलामू | 2167/1983 | DBBL Gun No-114776 | |
| 153 | मोनी राज गुप्ता | मोतीलाल गुप्ता | अमला टोली, मेदिनीनगर | 2177/1983 | DBBL Gun No-AB8300 | |
| 154 | ओमप्रकाश उदपुरी | चिरंजी लाल उदयपुरी | जैन मंदिर रोड, मेदिनीनर | 2188/1983 | DBBL Gun No-AB8401042 | |
| 155 | जितेन्द्र सिंह | विश्वनाथ सिंह | हमीदगंज, मेदिनीनगर, पलामू | 2200/1983 | DBBL Gun No-144300 | |
| 156 | विजय कुमार गुप्ता | बी0डी0 गुप्ता | आर्य समाज रोड, मेदिनीनगर | 2203/1983 | NPB Rifle No-832189 | |
| 157 | मो0 इशराईल | मो0 इसराईल | कुण्ड मुहल्ला, मेदिनीनगर, पलामू | 2253/1983 | DBBL Gun No-8303840 | |
| 158 | अब्दुल हसन | स्व0 अबु सैयद | कुण्ड मुहल्ला, मेदिनीनगर, पलामू | 2265/1983 | NPB Rifle No-842975 | |
| 159 | दिनेश प्रसाद दिनेश | स्व0 सी0 लाल | थाना रोड, मेदिनीनगर, पलामू | 2282/1983 | DBBL Gun No-26726 | |
| 160 | अशोक राम | बौध मांझी | पुलिस लाईन, मेदिनीनगर | 2284/1983 | SBBL Gun No-26726 | |

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
सह–उपायुक्त, पलामू

PR 324717Palamu(24-25)#D

वैशाख शुक्ल पंचमी के अवसर पर विशेष

## आदिशंकराचार्यः काल निर्धारण एवं कृति

**भारत** वर्ष देवी-देवताओं के अवतारों की भूमि रही है। ईसी सन 2024 से 2531 वर्ष पूर्व युधिष्ठिर शक संवत 2631 वैशाख शुक्ल पंचमी, रविवार तदनुसार ईसा पूर्व 507 में भारत की पवित्र भूमि पर केरल राज्य के एर्नाकुलम जिलांतर्गत काल्टी गांव में एक ऐसी महान विभूति का अवतार हुआ, जिनकी प्रसिद्धि विश्व स्तर पर सार्वभौम धार्मिक गुरु आदिशंकराचार्य के रूप में हुई। उनके पिता शिवगुरु एवं माता आर्याम्बा की कोई संतान नहीं थी। उनकी उपासना से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने स्वयं उन्हें उनके पुत्र के रूप में अवतार लेने का वरदान दिया। इसी कारण इनका नाम शंकर रखा गया था। यह एक विडंबना ही है कि अनेक ग्रंथों तथा घटनाक्रमों के आधार पर शिवावतार भगवत्पाद आदिशंकराचार्य महाभाग का अवतार यद्यपि ईसा पूर्व 507 वर्ष सिद्ध है, तथापि विदेशी षड्यंत्र के अंतर्गत इसे विवादित बना दिया गया। किसी भी देश के इतिहास में उसके पूर्वजों की उपलब्धियों का भी सविस्तार उल्लेख होता है, जो वहां के लोगों के लिए प्रेरणाश्रोत तथा गौरव का आधार बनता है। किंतु भारत में सदियों तक आक्रांता मुगलों तथा अंग्रेजों का शासन रहा। इन शासकों ने यहां की संस्कृति, परंपरा तथा गौरवशाली अतीत को नष्ट करने तथा अपने अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए यहां के गौरवमय इतिहास को नष्ट करते हुए इसे गलत ढंग से तैयार करवाया। शिवावतार भगवत्पाद आदिशंकराचार्य महाभाग के अवतारकाल के साथ भी ऐसा ही हुआ। ईसा मसीह के जन्म के पूर्व किसी सार्वभौम धार्मिक गुरु होने की सच्चाई को अंग्रेज आत्मसात नहीं कर सके। अतः षड्यंत्रपूर्वक आदिशंकराचार्य महाभाग के अवतारकाल को ईसा पूर्व 507 वर्ष की जगह आठवीं शताब्दी प्रचारित-प्रसारित करवा दिया गया। परिणाम यह हुआ कि भारत के तथाकथित शिक्षित महानुभव एवं शिक्षण संस्थाएं भी अंग्रेजों के इस षड्यंत्र को न समझकर आदि शंकराचार्य महाभाग के अवतारकाल को आठवीं शताब्दी मानने के पूर्वाग्रह से ही ग्रस्त हैं। ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्री गोवर्द्धनमठ पुरी के वर्तमान 145वें श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य महाभाग ने लगभग 1,100 पृष्ठों में विरचित 'शिवावतार भगवत्पाद आदिशंकराचार्य' नामक ग्रंथ में आदिशंकराचार्य के अवतारकाल के संबंध में ग्रंथों, घटनाओं एवं मान्यताओं का विस्तृत वर्णन करते हुए आदिशंकराचार्य महाभाग का अवतार ईसा पूर्व 507 वर्ष प्रमाणित किया है। उस सबका उल्लेख तो इस लेख में संभव नहीं है, तथापि पाठकों की जिज्ञासा की शांति एवं तथ्य की प्रामाणिकता के लिए कुछ प्रमाणों को यहां संक्षेप में सूत्रशैली में प्रस्तुत किया जा रहा है। बृहच्छंकरविजय के अनुसार आदिशंकराचार्य के गुरुदेव यतीन्द्र श्रीगोविंदभगवत्पादाचार्य भगवत्पाद का देहावसान युधिष्ठिर शक 2646, प्लवंग संवत्सर, कार्तिक पूर्णिमा, बृहस्पतिवार को हुआ था। अतः आदिशंकराचार्य का अवतार तथा संन्यास ग्रहण युधिष्ठिर शक 2646 के पूर्व ही होना सुनिश्चित है। अतएव उनका अवतार ईसा के बाद होना हास्यास्पद है। श्री वासुदेव अभ्यंकर द्वारा रचित अद्वैतामोद के अनुसार श्रीभगवत्पाद का जन्मकाल युधिष्ठिर संवत 2631 तथा 32 वर्ष की आयु में तिरोधान काल (देहावसान) युधिष्ठिर संवत 2663 है। युधिष्ठिर संवत से कलि संवत 36 से 37 वर्ष बाद आरंभ हुआ था। अभी ईस्वी सन 2024 में कलि संवत 5125 है। अतएव आदिशंकराचार्य भगवान का अवतार अभी से 5125 - 2594 = 2531 वर्ष पहले हुआ, जो ईस्वी सन 2531 - 2024 = 507 वर्ष पूर्व होता है। 'भविष्योत्तर' में भी आदिशंकराचार्य भगवान का जन्म युधिष्ठिर संवत 2631 ही वर्णित है। द्वारका शारदा पीठ के प्रथम शंकराचार्य श्रीमज्जगद्गुरु सुरेश्वराचार्य के साक्षात पट्टशिष्य श्री चित्सुखाचार्य ने भी अपने ग्रंथ 'शंकर विजय' में भगवत्पाद का आविर्भाव युधिष्ठिर संवत 2631 में ही उद्घोषित किया है। जैनों के अभिमत 'जिनविजय' के अनुसार तथा 'पुण्यश्लोकमंजरी' के अनुसार भगवत्पाद का निर्वाण युधिष्ठिर संवत 2662 सिद्ध है। इस प्रकार उससे 31 वर्ष पूर्व युधिष्ठिर संवत 2631 ही उनका जन्मकाल सिद्ध होता है। भगवत्पाद ने युधिष्ठिर संवत 2651 में अर्थात ईसा पूर्व 487 वर्ष में नेपाल की भी यात्रा की थी।

**- चंद्रभूषण पाठक**

# प्रेम का आदि उद्गम स्थल है मातृत्व


ललित गग




**संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। विश्व के विभिन्न भागों में मातृत्व दिवस अलग-अलग दिन एवं अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। जापान में, माताओं को उपहार में दिया गया कार्नेशन प्यार और कृतज्ञता का प्रतीक है, जबकि इथियोपिया के परिवार बड़े उत्सव की दावतों के लिए इकट्ठा होते हैं। नेपाल में माता तीर्थ औंसी नामक एक विशेष धार्मिक त्योहार मनाया जाता है।**

**मातृ** दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का वैश्विक उत्सव है जो माताओं और मातृतुल्य विभूतियों का सम्मान करता है, माताओं के द्वारा अपनी संतान, परिवार और समाज के लिए उनके बलिदान, अमूल्य योगदान और समर्पण को याद करने, सम्मान देने एवं पूजने का पवित्र दिन है। मातृत्व दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस अन्ना जार्विस द्वारा स्थापित किया गया था, जो उनकी अपनी मां के मानवीय कार्यों के प्रति समर्पण को याद करता है, 1914 में राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में नामित किया, जिसे बाद में अन्य देशों ने अपनाया। मां के उपकार इतने बड़े है कि ईसान अगर पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दे तो मां के ऋण से उऋण नहीं हो सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। विश्व के विभिन्न भागों में मातृत्व दिवस अलग-अलग दिन एवं अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। जापान में, माताओं को उपहार में दिया गया कार्नेशन प्यार और कृतज्ञता का प्रतीक है, जबकि इथियोपिया के परिवार बड़े उत्सव की दावतों के लिए इकट्ठा होते हैं। नेपाल में माता तीर्थ औंसी नामक एक विशेष धार्मिक त्योहार मनाया जाता है। मदर्स डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद तीन-चार दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। 'मां' शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है। हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मां की महिमा को उजागर करते हुए कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था मेरे जीवन का जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी।' एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। अब्राहम लिंकन का मां के बारे में मार्मिक कथन है कि जो भी मैं हूँ, या होने की उम्मीद है, मैं उसके लिए अपने प्यारी माँ का कर्जदार हूँ। किसी औलाद के लिए 'माँ' शब्द का मतलब सिर्फ पुकारने या फिर संबोधित करने से ही नहीं होता बल्कि उसके लिए माँ शब्द में ही सारी दुनिया बसती है, दूसरी ओर संतान की खुशी और उसका सुख ही माँ के लिए उसका संसार होता है। क्या कभी आपने सोचा है कि ठोकर लगने पर या मुसीबत की घड़ी में माँ ही क्यों याद आती है क्योंकि वो माँ ही होती है जो हमें तब से जानती है जब हम अजन्में होते हैं। बचपन में हमारा रातों का जागना, जिस वजह से कई रातों तक माँ सो भी नहीं पाती थी। वह गिले में सोती और हमें सूखे में सुलाती। जितना माँ ने हमारे लिए किया है उतना कोई दूसरा कर ही नहीं सकता। जाहिर है माँ के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक दिन नहीं बल्कि एक सदी, कई सदियां भी कम है। माँ अपने आप में पूर्ण संस्कारवान, मनुष्यत्व व सरलता के गुणों का सागर है। माँ जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि पालन-पोषण करने वाली जीवन-निर्मात्री भी है। मां तो ममता की सागर होती है। लेकिन माँ की इस ममता को नहीं समझने वाले कुछ आधुनिक बच्चे यह भूल बैठते हैं कि इनके पालन-पोषण के दौरान इस माँ ने कितनी कठिनाइयां झेली होगी। मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, वरना सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है। किन्तु त्याग की यह चरमता ही मां अर्थात नारी जाति की शत्रु बन गयी। समाज पुरुष प्रधान होता गया और नारी का अवमूल्यन होता गया। धीरे-धीरे वह पुरुष की उपभोग्या, उसके 'चरणों की दासी' बनकर रह गयी। शिक्षा-आत्मसम्मान वंचिता दासी की संतति महान कैसे हो सकती है? उसमें तो दास सुलभ चारित्रिक प्रवृत्तियां आएंगी ही। अतः नारी के अवमूल्यन के साथ-साथ पुरुष जाति का नैतिक अधःपतन होता गया। मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# वक्फ बोर्ड या मुस्लिम तुष्टीकरण : इस घटना ने फिर चिंता में डाला


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***मध्य*** प्रदेश के भोपाल में वक्फ बोर्ड से जुड़ा एक मामला सामने आया है। कहने को यह राजधानी का केंद्र है लेकिन यहां खुले तौर पर इस्लामवादियों ने बीच शहर में सरकारी एवं निजी सम्पत्ति पर जबरन कब्जा, नव बहार सब्जी मंडी की बिल्डिंग के पास कर लिया है और बोर्ड भी चस्पा कर दिया है। जिसमें कि यहां बने हिंदू अनाथालय की भूमि पर कब्जा करने की तैयारी की जा रही है। कुछ लोगों को प्रलोभन दिया जा रहा है और कुछ को डर दिखाया जा रहा है। पता चला है वक्फ के नाम पर वसूली भी चालू है। वस्तुतः इस घटना ने आज एक बार फिर चिंता ने डाल दिया है और यह सोचने के लिए विवश किया है कि न जाने भारत में इस प्रकार के कितने स्थान और संपत्तियां होंगी जहां वक्फ बोर्ड से जुड़े लोग इसी तरह से कब्जा कर उसे आगे हमेशा के लिए वक्फ की संपत्ति घोषित कर देने का काम कर रहे हैं। वास्तव में यह मामला इतना महत्व का है कि केंद्र सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया है कि वक्फ अधिनियम, 1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग 120 याचिकाएं देश भर की विभिन्न अदालतों के समक्ष लंबित हैं। अधिकांश में भारत के विधि आयोग को अनुच्छेद 14 और 15 की भावना में 'ट्रस्ट-ट्रस्टी और चैरिटी-चैरिटेबल संस्थानों के लिए एक समान कानून' का मसौदा तैयार करने के लिए कहा गया है। दरअसल, वक्फ को संसद से मिली शक्तियां आज भारत में एक आम इंसान के मन में यह डर पैदा कर रही हैं कि कहीं कभी उसकी संपत्ति की बारी न आ जाए और वक्फ उस पर अपना दावा न ठोक दे। मध्य प्रदेश के भोपाल में ऐसे ही एक प्रकरण का जिक्र यहां बनी मनोहर डेरी के सामने ईसराणी मार्केट से लगी हुई नगर निगम/ सरकारी 27000 वर्गफीट जमीन का है। पुराने शहर के बीचों बीच अरबों रुपये की इन जमीनों को लेकर वक्फ पर आरोप है कि उसने जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। कहने वाले कह रहे हैं कि अकेले मध्य प्रदेश में इस प्रकार के अनेकों केस हैं, फिर देश में क्या स्थिति होगी। वक्फ बोर्ड की मनमानी को अदालतों में चुनौती देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता दिग्विजयनाथ तिवारी सही कहते हैं, ''वक्फ बोर्ड को मिले अधिकारों में कटौती करने की जरूरत है, क्योंकि वक्फ बोर्ड द्वारा जमीन कब्जाने का षड्यंत्र 2013 के बाद से और तेज हो गया है। इसी साल सोनिया-मनमोहन सरकार ने वक्फ बोर्ड को अपार शक्तियां दे दी थीं। कांग्रेस की इस सरकार ने वक्फ कानून 1995 में संशोधन कर उसे इतना घातक बना दिया कि वह किसी भी संपत्ति पर दावा करने लगा है। यह आप इससे भी समझ सकते हैं कि आज भारत में सशस्त्र बल और रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड तीसरा सबसे बड़ा जमींदार है। वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया के डेटा के अनुसार देश में वक्फ बोर्ड के पास 8 लाख 54 हजार से अधिक संपत्तियां हैं, जोकि आठ लाख एकड़ से ज्यादा है।'' वस्तुतः इस एतिहासिक सत्य को किसी को नहीं भूलना चाहिए कि 1945 में ही बहुत लोगों को लगने लगा था कि अब पाकिस्तान बन कर रहेगा। जिसमें 'मुस्लिम लीग' पूरी तरह से आश्वस्त थी कि चाहे जो भी हो, वह मजहब के आधार पर भारत का विभाजन करा लेगी। इसलिए उस समय के अधिकतर मुस्लिम नवाबों और जमींदारों ने जो पाकिस्तान के पक्ष में थे, अपनी संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए एक चाल चली। इसके तहत हर जमींदार और नवाब ने अपनी संपत्ति का वक्फ बना दिया और भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए। लेकिन यह कोई नहीं जानता था कि जिन लोगों ने पाकिस्तान बनाने में जिन्ना और अली बन्धुओं जैसे तमाम लोगों का साथ दिया, भारत में छूटी उनकी संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित करने के बजाय उसे वक्फ की घोषित कर दिया जाएगा। तत्कालीन कांग्रेस की नेहरू सरकार ने यही किया। एक अनुमान के अनुसार 6-8 लाख वर्ग किलोमीटर जमीन वक्फ बोर्ड के पास गई थी, जबकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत विभाजन के समय पाकिस्तान को 10,32,000 वर्ग किलोमीटर भूमि दी गई थी। यानी मुसलमानों ने पाकिस्तान देश के नाम पर भी जमीन ली और वक्फ के नाम पर भी लाखों वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया। यही नहीं, बाद में सरकारी और गैर-सरकारी जमीन पर भी मजार, मस्जिद और मदरसे बनाकर वक्फ की संपत्ति बढ़ाना इसने अब तक जारी रखा हुआ है। पिछले साल सांसद हरनाथ सिंह ने वक्फ बोर्ड अधिनियम 1995 को खत्म करने के लिए एक निजी विधेयक संसद में पेश किया था । उनकी बताई दो घटनाओं का जिक्र करना यहां पर्याप्त होगा। तमिलनाडु के त्रिचि जिले के गांव में डेढ़ हजार आबादी है, उसमें कुल और मात्र सात-आठ घर मुस्लिमों के हैं और पड़ोस में ही एक भगवान शंकर जी का मंदिर है जो डेढ़ हजार साल पुराना है। वक्फ बोर्ड ने उस गांव की पूरी संपत्ति पर अपना दावा ठोक दिया और सबको खाली करने का नोटिस कलेक्टर के यहां से पहुंचा दिया गया। कागजात से भी संपत्ति खारिज हो गई। इस गांव की अधिकतर आबादी गरीब है, ऐसे में जब इस गांव के हिन्दू लोग थक हार गए तो उन्हें एक ऑप्शन देते हुए मुस्लिम धर्म स्वीकार करने के लिए कहा गया। इस्लामवादियों ने सुझाव दिया, मुस्लिम बनने पर उनकी जमीन बच जाएगी। उनका दिया दूसरा उदाहरण महाराष्ट्र के सोलापुर जिले का है, जहां एक बस्ती में 250 के करीब हिन्दू अनुसूचित जाति वर्ग के लोग रहते हैं, उनके पास एक नोटिस उनकी जमीन को खाली करने का आया कि वो जहां रह रहे हैं वो वक्फ बोर्ड की जमीन है। बस्तीवाले दर-दर भटकते रहे, लेकिन कहीं उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी, तब उनको भी इस्लाम अपनाकर मुसलमान बन जाने का ऑफर दिया गया। वस्तुतः इन दोनों ही मामलों की प्रकृति देखकर समझा जा सकता है कि यह विषय कितना गंभीर है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष

## नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल को नमन


योगेश कुमार गोयल

***दया*** और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है। 12 मई को उनकी 204वीं जयंती है। उनके सम्मान में सारी दुनिया हर साल 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाती है। इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों का सम्मान भी किया जाता है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार ने 1973 में नर्सों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की। यह पुरस्कार हर साल अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटैलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रेंच भाषा सीखी। इतिहास और दर्शन शास्त्र का अध्ययन किया। अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्किये भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटीं, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# भारत में अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक असंतुलन चिंताजनक


हृदयनारायण दीक्षित



***प्रधानमंत्री*** की आर्थिक सलाहकार परिषद ने मुस्लिम संख्या वृद्धि के तथ्य उद्घाटित किए हैं। सलाहकार परिषद स्वतंत्र निकाय है। यह समय-समय पर तथ्य व आंकड़ों के आधार पर भिन्न-भिन्न विषयों पर परामर्श देती है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों के जनसांख्यकीय चरित्र का अध्ययन किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी देश में बहुसंख्यक आबादी की बढ़त नहीं दिखाई पड़ी है लेकिन कई देशों में अल्पसंख्यक आबादी की बढ़त पाई गई है। भारत में मुस्लिम आबादी की संख्या बढ़ी है। मुस्लिम संख्या वृद्धि के ताजा आंकड़ों को लेकर देश में खासी बहस चल रही है। भारत में हिन्दू-मुस्लिम सहअस्तित्व सामाजिक पुनर्गठन की बड़ी चुनौती रहा है। गांधी जी ने हिन्दू-मुस्लिम सहअस्तित्व के लिए आजीवन काम किया और अंत में कहा कि इस प्रश्न पर मेरी हार हुई। मुस्लिम राजनीति अन्य पंथों पर आक्रामक रही है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। गांधी जी ने मोहम्मद अली जिन्ना से पाकिस्तान की मांग न करने और साथ-साथ रहने का आग्रह किया था। इस सम्बंध में उन्होंने जिन्ना को (15 सितंबर 1944) पत्र लिखा था। उन्होंने जिन्ना से पूछा था कि, ''मजहब के अलावा हिन्दू और मुसलमान में क्या कोई और भी भेद है? मुसलमान शेष भारतवासियों से क्यों अलग हैं?'' जिन्ना ने जवाबी पत्र (17 दिसम्बर 1944) में लिखा था, ''हम मानते हैं कि मुसलमान और हिन्दू देश की किसी भी परिभाषा के आधार पर अलग-अलग कौमें हैं। हमारी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, साहित्य, कला, कानून, परम्परा व इतिहास अलग-अलग है। जीवन के प्रति हमारा नजरिया भी अलग है। हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर अलग राष्ट्र हैं।'' यह मुस्लिम लीग और जिन्ना का घोर साम्प्रदायिक दृष्टिकोण था। इस साम्प्रदायिकता के दृष्टिकोण को माने तो हिन्दू-मुसलमान जब मिलकर रहते थे, तब भी मुसलमान अलग राष्ट्र थे। भारत के भीतर दो राष्ट्र थे। यह सोच अलगाववादी थी। वस्तुतः भारत प्राचीन काल से ही एक संस्कृति आधारित राष्ट्र है। साम्प्रदायिक राजनीति स्वयं को अलग राष्ट्र मानती रही है। मजहब आधारित जनसंख्या में बढ़त इसीलिए चिन्ता का विषय है। मजहब के आधार पर अलग राष्ट्र की मांग करना, इसके लिए लाखों लोगों की हत्या हिंसा किसी भी सूरत में उचित नहीं हो सकता। यह मानवता के विरुद्ध अपराध है। जनसंख्या के आधार पर ही मुस्लिम लीग ने अलग देश मांगा। भयंकर रक्तपात हुआ। इसलिए साम्प्रदायिक आबादी की बढ़त की कोई भी सूचना देश को चिन्ता में डाल देती है। आंकड़ों के निष्कर्ष सत्य के उद्घाटन के लिए पर्याप्त हैं। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिन्दू आबादी 84.44 प्रतिशत थी और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों की इस संख्या में आज के पाकिस्तान और बांग्लादेशी मुस्लिम भी सम्मिलित थे। फिर देश का बंटवारा हुआ। भारत स्वतंत्र हुआ। कुल मुस्लिम आबादी की संख्या में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या घट गई। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में हुई। तब पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिन्दू जनसंख्या का अनुपात 87.24 हो गया। मुस्लिम आबादी घटकर 10.43 हो गई। लेकिन 50 वर्ष बाद 2001 की जनगणना में हिन्दू घटकर 84.21 प्रतिशत हो गए। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। आबादी के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने अलग देश की मांग की थी और पाकिस्तान अस्तित्व में आया था। इस तरह की जनसंख्या बढ़त से एक और मजहबी साम्प्रदायिक देश की जनसंख्या तैयार हो गई है। साम्प्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। साम्प्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं, उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है। कट्टरपंथी मजहबी राजनीति की मांगें खतरनाक हैं। वे तुष्टीकरण की साम्प्रदायिक राजनीति को सेकुलर कहते हैं। वस्तुतः सेकुलर विचार में आस्था और अंधविश्वास नहीं होने चाहिए। मजहबी राजनीति सेकुलर हो ही नहीं सकती। इस्लामी विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप के अनुसार, ''दूसरे पंथों के विपरीत इस्लाम में सामाजिक जीवन के परिचालन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है। दूसरे पंथ केवल मौलिक मूल्यों के ही उपदेश देते हैं और भौतिक विषयों पर समय अनुसार विधान और नियम बनाने का काम समाज पर छोड़ देते हैं। इस्लामी राजनैतिक चिन्तन सुस्पष्ट ध्येय निर्धारित करता है। सभी मुसलमानों को इन नियमों का पालन अनिवार्य है। दूसरे पंथों में राजनीतिक क्रियाकलापों के लिए लिखित आदेश नहीं है। मुस्लिम विश्वास में ईश्वर पर विश्वास के साथ ही उनके पवित्र कानून भी हैं। यह कानून 'शरियाह्य कहा जाता है। यह राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। इस्लामी राजनीति में मजहब की प्रचंड प्रेरणा है।'' (प्रोफेसर डेनियल पाइप-'इन द पाथ ऑफ गॉड' पृष्ठ तीन) गांधी जी हिन्दू-मुसलमान की साझा राष्ट्रीयता चाहते थे। वे असफल रहे। डॉक्टर आम्बेडकर हिन्दू-मुसलमान के पक्ष पर गांधी जी से असहमत थे। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है, ''गजनी के मोहम्मद ने भारत पर अपने अनेक हमलों को जेहाद छेड़ने की संज्ञा दी थी।'' मोहम्मद के इतिहासकार अल उतबी ने उसके हमले के बारे में लिखा था, ''उसने मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ा और इस्लाम की स्थापना की। उसने शहरों पर कब्जा किया, नापाक कमीनों को मार डाला। मूर्ति पूजकों को तबाह किया और मुसलमानों को गौरवान्वित किया। तदुपरांत वह घर लौटा और इस्लाम के लिए की गई विजयों का ब्योरा दिया और यह संकल्प व्यक्त किया कि वह हर वर्ष हिन्द के खिलाफ जेहाद करेगा।'' यही स्थिति अन्य हमलों की भी है। हजारों मंदिर तोड़े गए थे। श्रीराम जन्मभूमि, ज्ञानवापी काशी और मथुरा की घटनाओं के प्रसंग इस समय भी ताजा हैं। यूरोप के अनेक देश मुस्लिम आक्रामकता को लेकर चिन्तित हैं। फ्रांस में पैगम्बर का कार्टून बनाने को लेकर भयानक हिंसा हुई। डेनमार्क में भी ऐसी ही साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी। पाकिस्तान में ईश निंदा कानून के अंतर्गत ढेर सारे गैर मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर भी इसी तरह का हमला हुआ था। इसलिए जनसंख्या की बढ़त को लेकर चिन्ता स्वाभाविक है। भारत के लिए यह और भी चिन्ता का विषय है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही देश टूटा था। अपनी इच्छा अनुसार जीवन ध्येय निर्धारित करना प्रत्येक मनुष्य का अधिकार है। विवेक आधारित जीवन रस का आस्वाद प्रत्येक मनुष्य की अभिलाषा है। अपने अनुभव और विश्वास के अनुसार जीने का अधिकार स्वाभाविक है। इसलिए कि प्रत्येक मनुष्य अद्वितीय है। अनूठा भी। किसी की जीवन पद्धति में हस्तक्षेप न करना और सबको अपने ढंग से जीवन जीने का अवसर मिलना प्राकृतिक न्याय है। दुनिया को सुन्दर बनाने की यह न्यूनतम शर्त है, लेकिन साम्प्रदायिक मजहबी राजनीति अपने मत को श्रेष्ठ और बाकी को 'इनकार करने वाला' मानती है और इनकार करने वालों के लिए सजा का औचित्य भी सिद्ध करती है। मुस्लिम जनसंख्या की बढ़त के प्रभाव का विवेचन जरूरी है। यह चिन्ता मुस्लिमों के विरुद्ध नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# देश को तानाशाही से बचाने की जरूरत : केजरीवाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद पहली बार शनिवार को पत्रकार वार्ता की। इसमें उन्होंने देश को तानाशाही से बचाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अपनी राजनीतिक विरासत अमित शाह को सौंप देंगे। राउज एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सांसद संजय सिंह और दिल्ली सरकार के मंत्रियों सहित अन्य नेता मौजूद थे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता में वापसी के साथ एक देश, एक नेता वाली स्थिति बन जाएगी। वे देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल देंगे जैसे उन्हें जेल में डाला गया। उन्होंने ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे और एमके स्टालिन का नाम लेते हुए कहा कि इन्हें जेल में डाला जाएगा। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पार्टी के नेताओं को भी साइडलाइन कर दिया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पद से हटा दिया। वे जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पद से हटा देंगे। उन्होंने भाजपा में 75 वर्ष की आयु के नियम का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 75 साल का होने के बाद अगले साल अपना पद छोड़ देंगे क्या।

## मोदी 2029 तक ही नहीं उससे आगे भी देश का नेतृत्व करते रहेंगे : अमित शाह



**हैदराबाद/नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिटायरमेंट को लेकर अरविंद केजरीवाल के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और इंडी अलायन्स वालों को खुश होने की जरूरत नहीं है। मोदी 2029 तक ही नहीं, उससे आगे भी भाजपा और देश का नेतृत्व करते रहेंगे। अमित शाह लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को हैदराबाद में पत्रकार वार्ता में कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी और पूरे इंडी गठबंधन से यह कहना चाहता हूं कि मोदी 75 साल के हो जाएं, इससे आपको आनंदित होने की जरूरत नहीं है।

## केजरीवाल ने पत्नी और पंजाब सीएम के साथ हनुमान मंदिर में की पूजा अर्चना



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से अंतरिम बेल पर बाहर आने के बाद शनिवार को सबसे पहले परिवार और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधिवत मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान पार्टी नेताओं में पंजाब के सीएम भगवंत मान, सांसद संजय सिंह, मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज और बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक मौजूद थे। इससे पहले मंत्री गोपाल राय भी हनुमान मंदिर पहुंचे थे। मंदिर से निकलने के बाद अरविंद केजरीवाल पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे जहां पर आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ बैठक होगी और उसके बाद एक प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया जाएगा।

## केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट की शर्तों का मखौल उड़ाकर अदालत की अवमानना की : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने अरविंद केजरीवाल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत देते समय कुछ शर्तें लगाई थी, जिन शर्तों का मखौल उड़ाकर दिल्ली के सीएम ने अदालत के निर्णय की अवमानना की है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह अपने आप में अनोखा मामला है कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल पर अपना लाइव लोकेशन भी शेयर करने की शर्त लगाई है। कोर्ट ने यह स्पष्ट कहा था कि यह अंतरिम जमानत केस के मेरिट के ऊपर कोई फैसला नहीं है और केजरीवाल बाहर निकल कर केस के बारे में कोई बयान नहीं देंगे।

# चारधाम यात्रा : बदरीनाथ धाम के कपाट आज श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलेंगे

**देहरादून।** उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई (रविवार) को प्रातः छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। चारधामों में से तीन धाम केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को खुल चुके हैं। मंदिर समिति की ओर से बदरीनाथ के कपाट खुलने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री धाम पहुंच गये हैं। धाम में मौसम सर्द बना हुआ है। कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे योग बदरी पांडुकेश्वर से श्री उद्धव और श्री कुबेर सहित आदि गुरुशंकराचार्य की पवित्र गद्दी और बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा दोपहर को बदरीनाथ धाम पहुंची। लामबगड़, हनुमान चट्टी, बदरीनाथ मंदिर के निकट देवडोलियों का स्वास्तिवाचन और फूल वर्षा से स्वागत हुआ। कपाट खुलने के कार्यक्रम के अनुसार 12 मई सुबह चार बजे से मंदिर समिति पदाधिकारी, धर्माधिकारी वेदपाठी हक हकूक धारी मंदिर परिसर में मंदिर के द्वार पूजन को पहुंचेंगे।



बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से कपाट खुलने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। कपाट खुलने के अवसर के लिए बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश के सहयोग से पुष्पों से सजाया जा रहा है। रात्रि तक मंदिर को सजाने का कार्य चलता रहेगा। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गये हैं और भी तीर्थयात्रियों पहुंचने का क्रम जारी है। दानीदाताओं की ओर से जगह-जगह भंडारे भी आयोजित हो रहे हैं। बदरीनाथ में मौसम सर्द है और दूर पर्वतों पर बर्फ साफ नजर आ रहा है। मंदिर के आसपास और सड़क की बर्फ गल चुकी है, दिन में धूप लगी हुई है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ.हरीश गौड़ के मुताबिक कल सोमवार 12 मई को प्रातःपांच बजे से रावल धर्माधिकारी, वेदपाठी मंदिर द्वार पूजन करेंगे और कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। ठीक छह बजे मंदिर गर्भ गृह के भी द्वार खुलेंगे और मां लक्ष्मी गर्भ गृह से मंदिर परिक्रमा स्थित अपने मंदिर में विराजमान हो जाएंगी। कुबेर जी बामणी गांव से आकर मंदिर परिसर से उद्धव जी के साथ ही मंदिर गर्भगृह में स्थापित हो जाएंगे। प्रातः छह बजे भगवान की चतुर्भुज मूर्ति से घृत कंबल को अलग कर अभिषेक पश्चात भगवान बदरीविशाल के श्रृंगार दर्शन होंगे और संपूर्ण बदरीश पंचायत उद्धव जी, कुबेर जी, नारद जी नर नारायण के दर्शन शुरू हो जाएंगे। बदरीनाथ धाम मंदिर परिक्रमा स्थित गणेश जी, घंटाकर्ण जी आदि केदारेश्वर जी आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर, माता मूर्ति मंदिर और तपोवन सुभाई (जोशीमठ) स्थित भविष्य बदरी मंदिर के भी कपाट इस यात्रा काल के लिए दर्शनार्थ खुल जायेंगे। पांडुकेश्वर में रात्रि प्रवास के पश्चात आज 11 मई को योग बदरी पांडुकेश्वर से उद्धव जी और कुबेर जी सहित आदि गुरु शंकराचार्य जी की पवित्र गद्दी और बदरीनाथ धाम के रावल के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा सायंकाल को बदरीनाथ धाम पहुंच गयी है।

## यमुनोत्री धाम : पहले ही दिन दो श्रद्धालुओं की मौत

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2024 का विधिवत शुभारंभ 10 मई से हो गया। अक्षय तृतीया पर तीन धामों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इस बीच यात्रा के पहले दिन यमुनोत्री धाम में 2 श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत हो गई। यात्रा शुरू हुए अभी एक दिन ही हुआ था कि पहले ही दिन यमुनोत्री धाम में 2 श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। एक श्रद्धालु की पहचान मध्य प्रदेश के सागर जिले के रामगोपाल और दूसरे की उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की विमला देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की शाम अलग अलग स्थानों पर हार्ट अटैक से श्रद्धालुओं की मौत हो गई। एसएचओ संतोष सिंह कुंवर ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है।

## इजरायली सेना का दावा, रफा में नहीं है हमास नेता अल-सिनवार

**तेल अवीव।** इजरायली मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हमास नेता याह्या अल-सिनवार दक्षिणी गाजा के रफा में नहीं है। ताजा खुफिया अनुमान के अनुसार, माना जा रहा था कि हमास नेता रफा से लगभग आठ किलोमीटर उत्तर में खान यूनिस क्षेत्र में सुरंगों में छिपा हुआ है। एक महीने पहले इजरायल की सेना खान यूनिस से हट गई थी। हफ्ते की शुरूआत में, यह रफा के पूर्वी बाहरी इलाके की ओर बढ़ा। इजरायल ने अल-सिनवार और उसके डिप्टी मोहम्मद डेफ को पकड़ने या मारने का मकसद बना लिया है। मार्च में, सेना ने गाजा में तीसरे सबसे वरिष्ठ हमास नेता मारवान इस्सा की हवाई हमले में हत्या की पुष्टि की। हालांकि, हमले के मास्टरमांइड नंबर एक और दो, अल-सिनवार और डेफ नहीं मिले। अल-सिनवार को पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले का प्रमुख योजनाकार माना जाता है। हमलों में फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने लगभग 1,200 इजरायलियों को मार डाला और 200 से ज्यादा लोगों को पकड़ कर गाजा ले आए।

## यूक्रेन ने कहा, रूस के साथ युद्ध अगले दो महीने बहुत भारी

**कीव।** यूक्रेनी ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर अलेक्जेंडर पावलियुक ने कहा है कि अगले दो महीनों में देश को युद्ध की गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने शुक्रवार को कहा कि रूस लुहान्स्क और डोनेट्स्क क्षेत्रों में हमलों पर फोकस कर रहा है, वह खार्किव और सुमी क्षेत्रों के उत्तर पूर्वी जिलों पर भी हमला कर सकता है। पावलियुक ने कहा, रूस जानता है कि अगर हमें एक या दो महीने के भीतर पर्याप्त हथियार मिल गए, तो स्थिति उनके खिलाफ जा सकती है। उन्होंने कहा, यूक्रेन को तत्काल अपनी वायु रक्षा को मजबूत करने की जरूरत है।

## उत्तराखंड में लगे भूकंप के झटके, दहशत



**देहरादून।** उत्तराखंड में शनिवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का केंद्र बागेश्वर जिला रहा। इसकी तीव्रता 2.8 रिक्टेयर मापी गई है। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में जोशीमठ से 40 किलोमीटर के रेंज में शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजकर 14 मिनट 20 सेकेंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई है। हालांकि तीव्रता कम होने से अधिकांश लोगों को इसका पता नहीं चल पाया, लेकिन जिस किसी ने भी भूकंप के झटके महसूस किए, वह दहशत के चलते घरों से बाहर निकल आया। भूकंप का अक्षांश 29.96 व देशांतर 79.82 दर्ज किया गया है। इससे पहले एक मई को पिथौरागढ़ व सात मई को उत्तरकाशी में तो गत 13 अप्रैल को पिथौरागढ़ में व 16 अप्रैल को हरिद्वार में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

## केरल के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा के बारे में अनभिज्ञता जताई

**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के तीन सप्ताह के विदेश दौरे पर रवाना होने के चंद दिनों बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इस बारे में अनभिज्ञता जताई है। राज्यपाल ने शनिवार को मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा के बारे में सूचित नहीं किए जाने और मीडिया द्वारा इस बारे में पूछे जाने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि यह जानकारी उन्हें मीडिया से मिली है। कोच्चि के अलुवा में शनिवार को जब मीडियाकर्मियों ने केरल के राज्यपाल से मुख्यमंत्री और उनके परिवार की विदेश यात्रा के बारे में प्रतिक्रिया जाननी चाही, तब उन्होंने व्यंग्यात्मक रूप से मीडिया को धन्यवाद दिया और कहा कि कम से कम उन्होंने इसके बारे में सूचित किया। उपराज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि इसके पहले भी विदेश यात्राओं के बारे में राजभवन को सूचना नहीं दी गई, जिसके बाद ही उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र लिखा था। इस बार उन्होंने पत्र नहीं लिखा, क्योंकि वास्तव में उन्हें सीएम की विदेश यात्राओं की जानकारी नहीं हैं।

**राम मंदिर के शुद्धिकरण के बयान पर भड़की भाजपा, कहा-**

## कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी समाज का किया अपमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा राम मंदिर का शुद्धीकरण करवाने को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस एक तरफ पाकिस्तान के सम्मान की बात करती है और दूसरी तरफ राम मंदिर का अपमान करती है।

भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के बयान को एससी, एसटी और ओबीसी समाज का घोर अपमान बताते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस नेता का यह बयान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा रामलला के दर्शन करने के तुरंत



बाद आया है, इसलिए उनका यह बयान एसटी समाज का घनघोर अपमान है। उन्होंने कहा कि दलित समाज से आने वाले कामेश्वर चौपाल ने राम मंदिर की आधारशिला रखी, कांग्रेस ने उनका भी विरोध किया। ओबीसी समाज से आने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी कांग्रेस ने विरोध किया और अब जब आदिवासी समाज से आने वाली राष्ट्रपति ने रामलला का दर्शन किया तो कांग्रेस उनका भी विरोध कर रही है।

## प्रख्यात पंजाबी कवि और पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुरजीत पातर का निधन

**चंडीगढ़।** प्रसिद्ध पंजाबी लेखक और कवि सुरजीत पातर का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उन्होंने 79 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। लोकप्रिय कविता 'लफ्जन दी दरगाह' लिखने वाले पातर को 2012 में साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 60 के दशक के मध्य में कविता लिखना शुरू किया। उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए, दो बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे अमरिंदर सिंह ने कहा, आज एक युग का अंत हो गया... प्रसिद्ध पंजाबी लेखक और कवि पद्मश्री सुरजीत पातर साहब का आज निधन हो गया। उनके परिवार और दुनिया भर में लाखों प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

# नेपाल : राष्ट्रपति के अभिभाषण व बजट का भी विरोध करेगा विपक्ष



**एजेंसी। काठमांडू**

प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस बजट सत्र के दौरान होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट को पेश करने के दौरान अवरोध उत्पन्न करेगा। उसने सदन में सरकार के खिलाफ और अधिक सख्त लहजे में विरोध जताने का संकेत दिया है। शनिवार को नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा के निवास पर पार्टी के पदाधिकारियों, पूर्व पदाधिकारियों और शीर्ष नेताओं की अनौपचारिक बैठक में सदन में सरकार के खिलाफ कड़ा प्रतिवाद करने की रणनीति बनाई गई है। इस बैठक के बाद पार्टी के महामंत्री गगन थापा ने बताया कि सरकार के रवैये से यह स्पष्ट है कि वो ना तो गृहमंत्री का इस्तीफा मांग सकती है और ना ही सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति का ही गठन करने को लेकर गम्भीर है। थापा ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की मांग को गम्भीरता से नहीं ले रही है, जिसके कारण से हम सदन में और अधिक सख्त रुख अपनाएंगे।

इस बैठक में शामिल पार्टी संसदीय दल के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि मंगलवार को होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण और उसके दो दिन बाद आने वाले बजट का भी विरोध करने की रणनीति बन रही है। बैठक के दौरान अपना विचार रखने वाले अधिकांश नेताओं ने राष्ट्रपति द्वारा किए जाने वाले अभिभाषण में अवरोध करने की बात कही है। इन नेताओं का कहना है कि प्रमाण सहित जांच समिति में गृहमंत्री रवि लामिछाने की संलग्नता की पुष्टि होने के बाद भी प्रधानमंत्री द्वारा संसदीय जांच समिति से इनकार करना सरकार के अहंकारपूर्ण शैली को दशार्ता है। प्रमुख सचेतक लेखक ने बताया कि सोमवार को होने वाली संसदीय दल की बैठक में विरोध के स्वरूप पर निर्णय लिया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच तय करेगी तीन प्रदेश सरकारों का भविष्य

**काठमांडू।** नेपाल की तीन प्रदेश सरकारों के भविष्य का फैसला सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच करेगी। कोर्ट की अलग अलग बेंच में सुनवाई के बाद इन सभी मसलों को संवैधानिक बेंच में भेजने का फैसला किया गया है। कोशी प्रदेश में दो मुख्यमंत्रियों में से किसे आधिकारिकता प्रदान करने, गण्डकी प्रदेश में बहुमत साबित करने के दौरान स्पीकर द्वारा सरकार के पक्ष में वोट कर बहुमत की संख्या पहुंचाए जाने और सुदूर पश्चिम प्रदेश में मुख्यमंत्री की नियुक्ति में राज्यपाल की भूमिका को लेकर अब संवैधानिक बेंच फैसला करेगी।

इन तीनों मुकदमों की सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों ने बताया कि चूंकि ये सभी मसला संविधान की व्याख्या से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी सुनवाई संवैधानिक बेंच में ही की जाएगी।

## आज का राशिफल

- **मेष:** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।
- **वृषभ:** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।
- **मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।
- **कर्क:** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें।
- **सिंह:** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।
- **कन्या:** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।
- **तुला:** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9
- **वृश्चिक:** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी।
- **धनु:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।
- **मकर:** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।
- **कुम्भ:** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।
- **मीन:** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

# न्यूज बॉक्स

## ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में तीन पत्रकार गिरफ्तार



**डिब्रूगढ़।** डिब्रूगढ़ जिले के नाहरकटिया इलाके में पुलिस की टीम ने अभियान चला कर धन उगाही करने के आरोप में तीन पत्रकारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र के जरिए ऑयल इंडिया लि. में मेकनिकल विभाग में नौकरी करने का आरोप लगाकर एक सैटेलाइट और दो पोर्टल चैनल के पत्रकार उपेन दास, पवन गोगोई और सुब्रत लोधन ने नाहरकटिया के बलीघाट निवासी जय कुमार दास को आनन्द होटल के एक कमरे में बंद कर ब्लैकमेलिंग कर 4 लाख 50 हजार रुपए की मांग की। तीनों पत्रकारों को जय कुमार दास ने पहले किस्त के तौर पर एक लाख रुपये गूगल पे के जरिए और 50 हजार नगद दिया। दूसरी किस्त देने के लिए जय कुमार दास ने कनाड़ा बैंक अकाउंट से तीन लाख रुपए निकला। इसकी जानकारी जय कुमार दास की पत्नी को लगी। जिसके बाद उसने स्थानीय थाने में प्राथमिक की दर्ज करायी। जय कुमार दास की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिक के आधार पर पुलिस ने तीनों पत्रकारों को ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दर्ज प्राथमिक की आधार पर तीनों पत्रकारों से सघन पूछताछ कर रही है।

## पेड़ पर मिला नाबालिग लड़की का कटा हुआ सिर

**कोडागु।** कर्नाटक से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पुलिस को शनिवार को कोडागु जिले में एक आम के पेड़ पर नाबालिग लड़की का कटा हुआ सिर मिला। सगाई टूटने के बाद गुरुवार को आरोपी प्रकाश उर्फ ओमकारप्पा (32) ने 16 वर्षीय मीणा की हत्या कर दी। यह दिल दहला देने वाली घटना जिले के कुमाबारागडिगे गांव के पास सुरलाब्बी की है। आरोपी ने पीड़िता का सिर चाकू से काट दिया और कटे हुए सिर को लेकर जंगल में चला गया। पहले ऐसी खबरें सामने आई थीं कि आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली है। हालांकि, पुलिस ने कहा कि आरोपी ने आत्महत्या नहीं की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जंगल में छिपा हुआ था। शुरूआती जांच के बाद आरोपी खुद ही पुलिस को उस स्थान पर ले गया जहां उसने लड़की का कटा हुआ सिर रखा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि पीड़िता के साथ उसकी सगाई टूट गई थी, जिसके बाद से वह परेशान था। उसने अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया कि जिस जगह उसने लड़की की हत्या की, वहां से 300 मीटर दूर स्थित एक आम के पेड़ पर सिर रख दिया। शुक्रवार को पूरे दिन डॉग स्क्वायड और पुलिस कर्मियों ने सर्च अभियान चलाया लेकिन कटा हुआ सिर नहीं मिला।

## शोपियां में आतंकवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। पुलिस ने बताया, पुलिस ने सेना (44 आरआर) और सीआरपीएफ (14वीं बटालियन) के साथ मलिक चक क्रॉसिंग पर स्थित एक चेकपॉइंट पर दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सहयोगियों की पहचान शोपियां के बाबा मोहल्ला निवासी सुहैब इकबाल मलिक और तुफैल यूसुफ मलिक के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दामाद ने पत्नी एवं सास सहित चार को मौत के घाट उतारा

**पटना।** बिहार में मधुबनी जिले के झंझारपुर में एक सनकी दामाद ने अपने ही परिवार के 4 लोगों की हत्या ससुराल में कर दी। सनकी दामाद ने अपनी सास, पत्नी और बच्चों को मौत के घाट उतार दिया है। इस हत्याकांड के बाद शनिवार सुबह से ही इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच मे जुटी है। सनकी युवक ने सास और पत्नी के साथ अपने 6 माह के नवजात बच्चे और 4 साल की मासूम बेटी को मौत के घाट उतार दिया है। घटना के बाद युवक फरार है। घटना गोधनपुर गांव की है। दरभंगा निवासी अवाम गांव के पवन महतो की पत्नी पिछले कुछ माह से अपने मायके झंझारपुर के सूखैत में अपने दो बच्चों के साथ रह रही थी। उसका पति के साथ कोई विवाद चल रहा था। शुक्रवार की रात पवन महतो अपने एक साथी के साथ आया और उसने सो रही अपनी सास प्रमिला देवी (60), पत्नी पिंकी देवी (26), 4 साल की बेटी प्रिया और छह माह की बेटी प्रीति को जांता (अनाज पीसने का पत्थर का बना सामान) और उसके लकड़ी के हैंडल से मार डाला। घटना की जानकारी होते ही लोग घटनास्थल में पहुंचने लगे। भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सड़क जाम की स्थिति हो गई थी। एसडीडीपीओ पवन कुमार के अलावा 112 की गाड़ी, झंझारपुर, आरएस एवं लखनौर के एसएचओ दल बल के साथ पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित करने में लगी हुई।

## पुणे में बम मिलने से दहशत, बीडीडीएस ने डिफ्यूज किया




**मुंबई।** पुणे के एनडीए इलाके में शुक्रवार शाम बम मिलने से दहशत फैल गई। बीडीडीएस ने शनिवार तड़के इसे डिफ्यूज कर दिया। बावजूद इसके लोग अभी दहशत से उबर नहीं पाए हैं। पुणे पुलिस बम रखने वालों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, एनडीए इलाके के उत्तम नगर क्षेत्र में कमला देवी मंदिर के पीछे एक पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। यहीं पर मजदूरों ने बम जैसी वस्तु देखी । मजदूरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाते ही उत्तम नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वाई एन शेख टीम के साथ पहुंचे। बाद में इसकी सूचना बीडीडीएस को दी। इसके बाद बीडीडीएस और पुलिस ने पूरे क्षेत्र को खाली करवा लिया। आज तड़के बम को डिफ्यूज करने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

## सांबा जिले में पाकिस्तान का ड्रोन दिखा बीएसएफ के जवानों ने की गोलीबारी



**सांबा।** जम्मू संभाग के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तान का ड्रोन देखे जाने के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों ने शुक्रवार रात गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने देररात पाकिस्तान की ओर से ड्रोन की आवाजाही का पता लगाया और लगभग दो दर्जन राउंड फायरिंग की। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि ड्रोन को वापस पाकिस्तानी सीमा में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि शनिवार सुबह रामगढ़ सेक्टर के नारायणपुर में सीमा चौकी क्षेत्र में ड्रोन से हथियार या फिर नशीले पदार्थ गिराए जाने की आशंका के चलते तलाशी अभियान शुरू किया गया है।



# एक दिवसीय सुनेश्वरी देवी योग प्रतियोगिता संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** शनिवार को हेल्पिंग एंड कैयरिंग हैंड संस्था कि ओर से लालपुर न्यूक्लियस मॉल के समीप नटराज योग संस्थान में एक दिवसीय स्व सुनेश्वरी देवी मेमोरियल योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में हेल्पिंग एंड कैयरिंग हैंड फाऊंडेशन के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी श्री शंकर दुबे जी ने अपनी ओर से सभी विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक गिफ्ट एव पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, निरंजन शर्मा, संतोषी साहू ,बिट्ठू दिव्या, रितेश कुमार, बिट्ठू कुमार,सहित कई लोग उपस्थित थे। इस योग प्रतियोगिता में सैंकड़ो योग खिलाडियों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को योग के प्रति जागरूक कर उनको प्रोत्साहित करना था।

### प्रतियोगिता के परिणाम

**अंडर 09 वर्ग सब जूनियर बालिका वर्ग में**
प्रथम अनीशा नाग
प्रीता साहू

**जूनियर बालिका वर्ग में**
प्रथम अपर्णा चौधरी

**सीनियर ( अ)बालिका वर्ग में**
प्रथम माही कुमारी
द्वितीय सुलेखा कुमारी
तृतीय अंजली कुमारी

**सीनियर ग्रुप ( अ) बालिका वर्ग में**
प्रथम प्रियंका रानी
द्वितीय मनी चौधरी
तृतीय सुगंधी रंजन

**सीनियर बालक वर्ग में**
प्रथम पिंटू चौधरी
द्वितीय रितेश कुमार
तृतीय गौरव कुमार रहे।
यह जानकारी संतोषी साहू ने दी।

# आरसीबी के लिए दिल्ली के खिलाफ करो या मरो की स्थिति

**एजेंसी। बेंगलुरु**

लगातार चार मैच जीतकर प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाए रखने के लिए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा जबकि दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत निलंबन के कारण इस मैच से बाहर रहेंगे। पंत को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात मई को दिल्ली कैपिटल्स की 20 रन की जीत के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पंत पर 30 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया था।

पंत की गैर मौजूदगी से आरसीबी को फायदा मिलेगा जबकि दिल्ली के लिये यह बड़ा झटका है। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू : विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विल जैक्स, रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, यश दयाल, मोहम्मद सिराज
दिल्ली कैपिटल्स : जेक फ्रेजर-मैकगर्क, पृथ्वी शॉ, डेविड वार्नर (कप्तान), रिकी भुई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, खलील अहमद, लिजाद विलियम्स

# प्लेऑफ की उम्मीदों को मजबूत करने उतरेगा चेन्नई

**एजेंसी। चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब बाकी बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत है।

दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली।



चेन्नई सुपर किंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, मोइन अली, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, सिमरजीत सिंह
राजस्थान रॉयल्स : जोस बटलर, यशस्वी जयसवाल, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, अवेश खान, संदीप शर्मा, युजवेंद्र चहल।

## धीमी ओवर गति पर निलंबन के कारण आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे पंत

**एजेंसी। बेंगलुरु**

दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह एक बड़ा झटका है, कप्तान और बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल 2024 टूनार्मेंट में तीसरी बार धीमी ओवर गति के अपराध के लिए मैच निलंबन के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम के आगामी मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल ने शनिवार को अपने बयान में कहा कि डीसी ने 7 मई को अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स पर 21 रन की जीत के दौरान सीजन की तीसरी धीमी ओवर गति का अपराध दर्ज किया। आरआर की पारी के आखिरी ओवर से पहले, डीसी के पारी के टाइमर पर दस मिनट कम पाए गए, जिसका मतलब था कि वे इन-गेम धीमी ओवर गति के दंड के अनुसार 30-यार्ड सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को मैदान में रख सकते थे। ओवर-रेट अपराधों के लिए आईपीएल आचार संहिता के तहत, पंत पर 30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया और एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया। जिसका मतलब है कि पूरी संभावना है कि वह रविवार को आरसीबी के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले महत्वपूर्ण मैच में नहीं खेल पाएंगे, यह मैच आईपीएल 2024 प्लेऑफ में प्रवेश की दौड़ के संदर्भ में दिल्ली के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## ओजस महलावत-अधिराज ठाकुर ने आईटीएफ जे 30 भुवनेश्वर टूर्नामेंट में युगल खिताब जीता



**मोहाली।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी (आरजीटीए) के एथलीट प्रणील शर्मा ने एकल स्पर्धा में जीत हासिल की, जबकि ओजस महलावत और अधिराज ठाकुर की जोड़ी जे30 भुवनेश्वर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस जूनियर टूर 2024 के युगल वर्ग में विजयी हुई, जो भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। तीसरी वरीयता प्राप्त प्रणील ने शीर्ष वरीयता प्राप्त देबासिस साहू को सीधे सेटों में 6-4, 7-5 से हराकर खिताब का बचाव किया। सेमीफाइनल में उन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त शंकर हेइसनाम को तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 3-6, 6-2, 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनकी मुलाकात अपने युगल जोड़ीदार आदित्य मोर से हुई और जिसमें उन्होंने आदित्य को 7-6, 6-1 से हराया। इस बीच एक अन्य राउंडग्लास एथलीट, आश्रव्य मेहरा सेमीफाइनल चरण में लड़खड़ा गए, वह देबासिस साहू से तीन सेटों (6-7, 6-1, 3-6) में हार गए। युगल वर्ग में, ओजस महलावत और अधिराज ठाकुर की गैरवरीय जोड़ी रोहित गोबिनाथ और थिरुमुरुगन विश्वनाथन को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर विजयी हुई। ओजस और अधिराज ने सेमीफाइनल में उलटफेर करते हुए टॉप सीड और अकादमी साथी आदित्य मोर और प्रणील शर्मा को टाई-ब्रेकर में 7-6, 6-7 (10-5) से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने को तैयार जेम्स एंडरसन



**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन इस इंग्लिश समर के बाद संन्यास ले लेंगे। द गॉर्डियन की एक रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम ने न्यूजीलैंड से इंग्लैंड का दौरा किया और एक गोल्फ मैच खेलने के दौरान एंडरसन को बताया कि वह अब भविष्य की ओर देख रहे हैं और 2025-26 एशेज की टीम तैयार करना चाहते हैं।

एंडरसन इस साल की शुरूआत में भारत दौरे पर गए थे और वहां 700 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज बने थे। हालांकि उन्होंने सात पारियों में सिर्फ. 110 ओवर गेंदबाजी की थी। पिछले इंग्लिश समर के दौरान वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी संघर्ष करते दिखाई दिए थे और चार टेस्ट मैचों में उन्हें 85.40 के खराब औसत से सिर्फ. पांच विकेट मिले थे। जुलाई में होने वाले वेस्टइंडीज घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान एंडरसन 42 साल के हो जाएंगे। वह इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के दौरान संन्यास ले सकते हैं, जिसका पहला मैच अगस्त के आखिरी में एंडरसन के घरेलू मैदान ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। शनिवार को इंग्लैंड-पाकिस्तान महिला टी20 मैच के दौरान एंडरसन अपने भविष्य के बारे में जानकारी दे सकते हैं।

## व्यापार/लाइफ व

# ब्लड प्रेशर चेक करने में माहिर हो रहें हैं स्मार्ट वॉच

**एजेंसी। नई दिल्ली**



स्मार्ट वॉच खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो हम कुछ फीचर्स बताने जा रहे हैं। इसकी मदद से आप आसानी से ब्लड प्रेशर चेक कर सकते हैं। आपको कुछ करने की जरूरत नहीं होती है। कलाई पर पहनने के बाद ये आपको हर जानकारी देती रहती है तो चलिये बताते हैं कि आखिर इन्हें खरीदने के लिए आपको कितने पैसे खर्च करने होंगे और इसके कुछ खास फीचर्स क्या है।

Samsung Wastch 6-

लेटेस्ट वॉच में इसका नाम शुमार है। इस स्मार्ट वॉच की सबसे बड़ी खासियत है कि ये ब्लड प्रेशर भी आसानी से चेक कर लेती है। इसके लिए आपको कुछ अलग से करने की जरूरत नहीं होती है। चा मदद से आपको ये करने में काफी आसानी होगी। यहीं पर आपको ब्लड प्रेशर ऑप्शन दिया जाता है। यहां पर जाने के बाद आपको सभी ऑप्शन नजर आते हैं और कलाई पर पहनने के बाद ये ब्लड प्रेशर चेक कर लेती है।

## सेल्फ-ड्राइविंग टेक कंपनी ने अमेरिका में 550 कर्मचारियों को बर्खास्त किया



**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

ऑटोनॉमस व्हीकल टेक्नोलॉजी कंपनी मोशनल ने अमेरिका में लगभग 550 कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, वर्कर एडजस्टमेंट एंड रिट्रेनिंग नोटिफिकेशन के अनुसार, बर्खास्त कर्मचारियों में से लगभग 145 कर्मचारी पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग शहर में काम करते थे। टेकक्रंच की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी कमर्शियल संचालन रोक रही है और रोबोटैक्सी सेवा शुरू करने की योजना में देरी कर रही है।

मोशनल की हर एक टीम प्रभावित हुई है, जिसमें मुख्य परिचालन अधिकारी आबे घेबरा भी शामिल हैं। मोशनल के रिमोट वाहन सहायता प्लेटफॉर्म पर काम करने वाली टीम में 'भारी कटौती' की गई है। मोशनल हुंडई मोटर ग्रुप और ऑटो पार्ट्स सप्लायर एप्टिव के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

## औंधे मुंह गिरी इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की बिक्री

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स बनाने वालीं कंपनियों के लिए वित्त वर्ष 2024-25 का पहला महीना काफी खराब रहा। बीते महीने के 30 दिनों में ज्यादातर कंपनियों की इलेक्ट्रिक स्कूटर या बाइक की बिक्री में भारी गिरावट देखने को मिली है। आपको जानकर हैरानी होगी कि जिस ओला इलेक्ट्रिक ने बीते मार्च में 50 हजार से ज्यादा स्कूटर बेचे, वो अप्रैल में 33,963 हजार स्कूटर भी नहीं बेच पाई। वहीं ऐथर एनर्जी के इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की मंथली सेल तो 76 पर्सेंट तक गिर गई। टीवीएस मोटर कंपनी के आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर को पिछले महीने 7675 ग्राहकों ने खरीदा और यह 71 पर्सेंट की मंथली गिरावट के साथ है। इस साल मार्च में टीवीएस आईक्यूब को 26 हजार से ज्यादा ग्राहकों ने खरीदा था। इस तरह इलेक्टिक स्कूटर्स की मांग में आई कमी को लेकर निर्माता चिंतित हैं, और वे इसका कारण तलाशने में जुटे हैं।

## भारत-चीन के बीच जमकर हो रहा कारोबार

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024 में फरवरी तक चीन और भारत के बीच 9 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ है। वहीं अमेरिका और भारत का द्विपक्षीय व्यापार 8 लाख 91 हजार करोड़ रुपये के करीब रहा है। कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज मिनिस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, 23 में 10 लाख 38 हजार 772 करोड़ रुपये के द्विपक्षीय व्यापार के साथ अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर था। 9 लाख 13 हजार 705 करोड़ रुपये के ट्रेड के साथ चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। वित्त वर्ष 2024 में फरवरी तक भारत से चीन को 1 लाख 25 हजार 47 करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट हुआ। वहीं चीन से 7 लाख 78 हजार 161 करोड़ रुपये का इंपोर्ट हुआ। इस तरह सबसे ज्यादा आयात चीन से किया गया। हालांकि भारत से सबसे ज्यादा निर्यात अमेरिका को हुआ है। अप्रैल-फरवरी के दौरान अमेरिका का निर्यात 5 लाख 79 हजार 401 करोड़ रुपये का रहा। वहीं अमेरिका से 3 लाख 11 हजार 464 करोड़ रुपये का आयात किया गया।

## आईसीआईसीआई बैंक के कार्ड और भुगतान प्रमुख बिजिथ भास्कर ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी में कार्ड, डिजिटल भुगतान, प्रीपेड समाधान, उपभोक्ता वित्त और ई-कॉमर्स और मर्चेंट इकोसिस्टम के प्रमुख बिजिथ भास्कर ने इस्तीफा दे दिया है, जो 18 मई से प्रभावी होगा। एक्सचेंज फाइलिंग में आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि भास्कर वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक समूह का हिस्सा थे और उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। भास्कर ने अपने त्यागपत्र में कहा कि उनका निर्णय बैंक के बाहर अवसरों को आगे बढ़ाने के व्यक्तिगत कारणों पर आधारित था। भास्कर 21 साल से बैंक के साथ हैं। देश के दूसरे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता का शुद्ध लाभ पिछले वित्तवर्ष की चौथी तिमाही में 17.38 फीसदी बढ़कर 10,707 करोड़ रुपये हो गया।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024
सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

आम सूचना
कोई मतदाता न छूटे
लोकसभा आम निर्वाचन - 2024
चतुर्थ चरण
मतदान की तिथि - 13 मई, 2024

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु **10-सिंहभूम, 11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13-पलामू** संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक की विवरणी निम्न प्रकार से है :-

| क्रम सं0 | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | सामान्य प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | व्यय प्रेक्षक क नाम एवं मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 10 - सिंहभूम (अ0ज0जा0) | G. Christ Kishore Kumar Mob.: 9263559550 | Sanjay Dnyanadeo Kharat Mob.: 9341222170 | Sunil V. Mob.: 9142315257 |
| 2. | 11 - खूंटी (अ0ज0जा0) | Dorje Chhering Negi Mob.: 7367822951 | Dr. Manoj Kumar Mob.: 7765057225 | S.R. Nedumaran Mob.: 7762998225 |
| 3. | 12 - लोहरदगा (अ0ज0जा0) | K.D. Kunjam Mob.: 9431970361 | Dr. Manoj Kumar Mob.: 7765057225 | Rejoy Krishnan Mob.: 9431970350 |
| 4. | 13 - पलामू (अ0जा0) | R.M. Moothadath Mob.: 8797766081 | Rohit Malpani Mob.: 8797765909 | G. Kannan Mob.: 7367938131 |

10-सिंहभूम, 11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13-पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाता, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत/सुझाव के संबंध में आवश्यकतानुसार संबंधित प्रेक्षकों से संपर्क कर सकते हैं।

वोटर्स हेल्पलाईन (टॉलफ्री) - 1950 / 1800-331-1950

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें
Voter Helpline
cVIGIL
Saksham-ECI
KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड
इस बार दिन भर मतदान
PR No. 324730 (Election) 2024-25






# नक्सल प्रभावित इलाकों में पोलिंग पार्टियों की हेलीकॉप्टर से रवानगी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षित तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियों को हेलीकॉप्टर के जरिए बूथों पर पहुंचाया जाएगा। राज्य में 13 मई को चार लोकसभा सीटों पर चुनाव होने हैं और इनमें से कई बूथों पर पोलिंग पार्टियों की हेलीकॉप्टर से रवानगी शनिवार से शुरू हो गई। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के 11 संवेदनशील बूथों के लिए मतदान कर्मियों को शनिवार को गुमला स्थित एरोड्रम से सेना के हेलीकॉप्टर के जरिए भेजा गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से दो दिन पहले ही मतदान कर्मियों को कड़ी सुरक्षा के बीच क्लस्टरों पर पहुंचाया गया है। पोलिंग पार्टियां आज और कल कलस्टरों पर रुकेंगी और 13 मई को अहले सुबह मतदान केंद्रों पर पहुंच कर



सुबह सात बजे से मतदान कराएंगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पांच जिलों लोहरदगा, गुमला, पश्चिम सिंहभूम, लातेहार और हजारीबाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में 381 पोलिंग पार्टियों को बूथों पर ले जाया जायेगा। इसके लिए हेलीकॉप्टरों को 63 बार उड़ान भरनी होगी। इसके लिए कुल 42 हेलीपैड बनाए गए हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में 13 जिलों लोहरदगा, गुमला, पश्चिम सिंहभूम, पलामू, लातेहार, गढ़वा, बोकारो, हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, रामगढ़, कोडरमा, दुमका व पाकुड़ जिले में 366 पोलिंग पार्टियों को पहुंचाने के लिए 65 हेलीपैड बनाये गये थे। पोलिंग पार्टी को बूथों पर पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टरों को 106 बार उड़ान भरनी पड़ी थी।

# झारखंड भाजपा की देन, राज्य का विकास भी पार्टी ही करेगी : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू की मौजूदगी में शिवलाल महतो भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। साहू ने सभी को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र ने मोदी पिछले 10 वर्षों में गरीबों के लिए काम किया है। किसानों के लिए काम किया है। मां-बहनों के लिए काम किया है। गांव के लिए काम किया। आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया। गरीबों को चार करोड़ घर देने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि फिर से सत्ता में आने पर बेघर गरीबों को घर दिया जाएगा। गरीबों को घर ही नहीं गैस कनेक्शन-चूल्हा भी देने का काम किया है। गरीब भूखे नहीं सोए, इसकी चिंता भी मोदी ने की। हर महीने गरीबों को मुक्त अनाज दिया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि कोई गरीब यदि बीमार हो जाए तो अपना इलाज अच्छे अस्पताल में करा सके, इसके लिए प्रधानमंत्री ने उनका पांच लाख रुपये का बीमा किया लेकिन इंडी गठबंधन के लोग विकास और झारखंड के विरोधी हैं। झारखंडियों के विरोधी हैं। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन देश की आजादी के समय से चल रहा था लेकिन कांग्रेस ने झारखंड अलग राज्य नहीं दिया। झारखंडियों की भावना और सम्मान का ख्याल नहीं रखा। केंद्र में सरकार बनते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड अलग राज्य का गठन किया। अलग राज्य भाजपा की देन है। झारखंड का विकास भी भारतीय जनता पार्टी ही करेगी। मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग राज्य को लूट रहे हैं। कांग्रेस के एक सांसद के यहां से 350 सौ करोड रुपये मिले थे। भ्रष्ट अधिकारी और उनके सिंडिकेट से 22 करोड़ रुपये मिले थे। अभी मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये मिले हैं। ये पैसे लूट के हैं। इन लोगों ने नदी के बालू को नहीं छोड़ा। पहाड़ को काटकर बेच दिया। जमीन के फर्जी कागजात बनाकर उसे बेच दिया। मरांडी ने कहा कि शिवलाल महतो कई सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने झारखंड आंदोलन को भी गति देने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा के सदस्य ग्रहण कर रहे हैं। पार्टी उन्हें जो भी काम देगी, उसका इमानदारी से निर्वहन करेंगे। झारखंड में एनडीए को 14 में से सभी 14 सीट दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

# अल्पसंख्यकों का पूरा समर्थन मिल रहा है अर्जुन मुंडा को : कमाल खान

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**



झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सभी समुदायों के विकास के लिए काम कर रही है, वाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो, ईसाई हो अथवा कोई अन्य समुदाय का हो, भाजपा की सरकार सबको साथ और सबका विश्वसस लेकर काम कर रही है। अल्पसंख्यक समुदाय खासकर मुसलमानों में इसका काफी प्रभाव है और इस बार केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। कामल खान शनिवार को राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, भाजपा अल्पसंख्य मोर्चा के खूंटी जिलाध्यक्ष मो शफीक खान और मंडल अध्यक्ष कलीम खान के साथ तोरपा में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कमाल खान और रामचंद्र केसरी ने दावा किया कि खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा फिर विजयी होंगे और उनका केंद्र में मंत्री बनना तय है। कमाल खान ने कहा कि एक समय था, जब भाजपा के नाम पर मुसलमानो और ईसाइयों का डराया जाता था, लेकिन अब सभी कोई सच्चाई को समझ गये और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी भाजपा के साथ जुड़ रह हैं। उन्होंने कहा कि रांची में मुसलमानों के लिए हज हाउस बनाया जा रहा था, लेकिन वह भी महागठबंधन के नेताओं की भेंट चढ़ गया था। राज्य मं जब रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो जर्जर हज हाउस को तोड़ कर फिर से विशाल और मजबूत हज हाउस का निर्माण कराया गया। यह देन भाजपा सरकार की ही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से खूंटी संसदीय क्षेत्र का खासकर अल्पसंख्य बहुल गांवों का दौरा कर रहे हैं और उन्होंने देखा कि मुस्लिम समुदाय का पूरा वोट इस बार भाजपा को मिलेगा। कलाम खान ने कहा कि जब अर्जुन मुडा राज्य के कल्याण मंत्री और बाद में मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने अल्पसंख्यकों के किकास के लिए काफी काम किया।

# राज्य में पहले चरण के चार सीटों पर मतदान कल

**– चुनाव प्रचार समाप्त, तीन पर एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला**

**– लोहरदगा में त्रिकोणीय मुकाबला, झामुमो के बागी चमरा लिंडा भी दे रहे चुनौती**

**उपेंद्र गुप्ता**

**रांची।** देश के चौथे चरण और राज्य के पहले चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा। राज्य की चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू के लिए सोमवार को वोट डाले जाएंगे। इसको लेकर शनिवार शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। चारों सीटों आरक्षित हैं, जिसमें तीन सीट सिंहभूम, खूंटी,और लोहरदगा अनुसूचित जनजाति के लिए और एक पलामू अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन चार सीटों में से तीन पर अभी भाजपा का कब्जा है, एक सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। लेकिन 2019 के मुकाबले समीकरण और प्रत्याशी बदल गए हैं। सभी सीटों पर भाजपा और इंडी गठबंधन के बीच ही सीधा मुकाबला है। लेकिन खूंटी और लोहरदगा में त्रिकोणीय मुकाबले के पूरे आसार हैं।

**अर्जुन और काली के बीच सीधी टक्कर :** खूंटी लोकसभा में इस बार कुल सात प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन पिछली बार की तरह ही इस बार भी भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा के बीच ही सीधा मुकाबला है। वहीं पत्थलगड़ी आंदोलन का नेतृत्व करने वाली बबीता कच्छप निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटी है। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पीएम मोदी के नाम पर ही वोट मांग रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा के नाम का भी सहारा लिया जा रहा है। वहीं कांग्रेस स्थानीय मुद्दों पर फोकस कर रही है। साथ ही कांग्रेस के मेनिफेस्टो से मिलने वाले फायदे लोगों को गिनाए जा रहे हैं।

**दो आदिवासी महिलाओं के बीच रोचक मुकाबला :** सिंहभूम लोकसभा सीट पर पहली बार दो आदिवासी महिलाओं के बीच मुकाबला बेहद रोचक होने वाला है। सिंहभूम हो आदिवासियों का इलाका माना जाता है, लेकिन संथाली, उरांव, मुंडा और गौड़ आदिवासी भी रहते हैं। 2019 में कांग्रेस की टिकट पर सिंहभूम सीट से विजयी गीता कोड़ा इस बार भाजपा के टिकट पर मैदान में है, तो इंडी गठबंधन की ओर से झामुमो की प्रत्याशी विधायक जोबा मांझी गीता कोड़ा को टक्कर देने में जुटी है। गीता कोड़ा जहां हो आदिवासी समाज से आती हैं, वहीं जोबा मांझी संथाली समाज से आती हैं। इसलिए दोनों के बीच होने वाले मुकाबले पर सबकी नजर है।

**बागी झामुमो विधायक ने बनाया त्रिकोणीय मुकाबला :** लोहरदगा सीट पर भाजपा का कब्जा है,लेकिन भाजपा ने इस बार प्रत्याशी बदल कर समीर उरावं को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने पिछली बार की तरह ही सुखदेव भगत पर ही दांव खेला है। लेकिन इस बार झामुमो के बागी विधायक चमरा लिंडा ने चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। वैसे सीधे तौर पर देखें तो मुकाबला कांग्रेस के सुखदेव भगत और भाजपा के समीर उरांव के बीच है। यहां 59 प्रतिशत आदिवासी हैं। भाजपा मोदी की गारंटी का जिक्र हो रहा है। समीर उरांव कह रहे हैं गुमला को रेलवे से जोड़ने की कोशिश होगी। सुखदेव भगत पलायन, सरना धर्म कोड जैसे मुद्दे उठा रहे हैं, तो चमरा लिंडा का कहना है कि आदिवासी और आदिवासियत को बचाना है तो हमें जीतना होगा।

## वीडी राम और ममता भुइयां के बीच मुकाबला



पलामू लोकसभा क्षेत्र में भी सीधा मुकाबला भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच ही है। भाजपा ने तीसरी बार वीडी राम को भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है, वहीं इंडी गठबंधन की ओर से राजद ने ममता भुइयां को दांव खेला है। ममता पहले भाजपा में ही थी लेकिन टिकट मिलने पर राजद में शामिल हो गईं। राजद ने पलायन और सुखाड़ को मुद्दा बनाया है। इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। वहीं, भाजपा प्रत्याशी वीडी राम भरोसा दिला रहा हैं कि इस बार पलायन खत्म करने के लिए पलामू में उद्योग स्थापित किया जाएगा ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके।

# कोरोना में जनता के जीवन से पीएम ने किया खिलवाड़ : ठाकुर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अपने निश्चित हर को देखकर प्रधानमंत्री बौखला गए हैं और पहले से भी ज्यादा झूठ बोलना शुरू कर दिए। याद रहे कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है बल्कि देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का चुनाव है। राजेश ठाकुर शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें लगता था कि प्रधानमंत्री झारखंड में आने से पहले अडानी- अंबानी के यहां छापे मरवा कर आएंगे, लेकिन वह सिर्फ इधर-उधर की बात करने ही झारखंड आए थे। बेरोजगारी, भय, भूख, भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री बात नहीं करते हैं। प्रधानमंत्री जिन क्षेत्रों में चुनावी सभा करने आए थे, वहां के सांसदों ने 10 वर्षों में कोई कार्य नहीं किया, जिसमें चतरा के सांसद को उन्होंने जनता के भय से बाहर का रास्ता दिखा दिया, लेकिन पलामू के सांसद में क्या दिखाई दिया कि उन्होंने उन्हें फिर से मौका दिया। मोदी जी अपने सांसदों द्वारा किए गए कार्यों को नहीं बता सकते क्योंकि उन्होंने अपने सांसदों को रिजेक्ट कर दिया और यह मान लिया कि उनके सांसदों ने कोई कार्य नहीं किया है मोदी जी को इलेक्ट्रॉल बांड पर बातें करनी चाहिए कोविशील्ड पर बातें करनी चाहिए, सिर्फ चंद रूपयों के लिए मोदी जी ने देश की जनता के जीवन से खिलवाड़ किया है। जब राहुल गांधी इस मामले में बोलते थे तब मोदी जी उनका मजाक उड़ाते थे आज वह बातें सच साबित हो रही है। जब झारखंड की हमारी सरकार कोविड में जीवन भी और जीविका भी पर कार्य कर रही थी तब मोदी जी वैक्सीन लगवा कर इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से चंदा ले रहे थे।

## न्यूज | बॉक्स

### झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी : सीपी



**रांची।** रांची लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को पदयात्रा चलाया गया। पदयात्रा में रांची के विधायक सीपी सिंह ने पिस्का मोड, जतरा मैदान, देवी मंडप, सुखदेव नगर के अखिल मेमोरियल गली और रातू रोड तक शामिल हुए। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। झामुमो, कांग्रेस की भ्रष्टाचार और लूट के विरोध में पूरी झारखंड की जनता मोदी के साथ है। इस दौरान कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार और रांची जीतेंगे पांच लाख के पार का नारा लग रहे थे। पदयात्रा में मुख्य रूप से संजय कुमार जायसवाल, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ,मुकेश कुमार, नीरज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झामुमो ने पूर्व विधायक जेपी वर्मा को पार्टी से किया निलम्बित



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा से बगावत कर कोडरमा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक प्रो. जयप्रकाश वर्मा को झामुमो केन्द्रीय कमेटी ने सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी से निलम्बित कर दिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने शनिवार को यह जानकारी दी। झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने पार्टी लीक से हटकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। झामुमो इसे सहन नहीं करने वाली है। कोडरमा से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी भाकपा माले के विधायक बिनोद सिंह को झामुमो का पूरा समर्थन है। इसलिए शिबू सोरेन के निर्देश पर ही पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को पार्टी के हर पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कोडरमा लोस सीट से टिकट मिलने के आश्वासन पर दो साल पहले प्रो. वर्मा ने भाजपा से इस्तीफा देकर जेएमएम की सदस्यता ग्रहण की थी लेकिन महागठबंधन में कोडरमा सीट चले जाने के कारण जेएमएम नेता चाहकर भी कुछ नहीं कर सके।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनोज पुनमिया की याचिका पर मांगी निचली अदालत के ट्रायल की स्थिति

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की डिस्चार्ज पिटीशन की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट ने निचली अदालत से इस मामले के ट्रायल की वर्तमान स्थिति मांगी है। अगली सुनवाई 21 जून को होगी। मनोज पुनमिया की डिस्चार्ज पिटीशन को पीएमएलए की विशेष अदालत ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मधु कोड़ा के अलावा अरविंद व्यास, मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया, अनिल बस्तावडे, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा आदि सात आरोपितों के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 2/2009 दर्ज कराया था। मधु कोड़ा एवं अन्य पर करीब 3600 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। फिलहाल इस मामले में पीएमएलए कोर्ट में गवाही चल रही है।

### युवा अपने विचारों व ज्ञान के साथ नए कौशल ग्रहण करें : सुदेश महतो




**रांची।** सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज में रीसेंट ट्रेंड्स इन कम्प्यूटेशनल एंड मैथमेटिकल एनालिसिस इन इंजीनियरिंग एंड साइंस विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल हुए । कांफ्रेंस में छात्रों को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पढ़ाई के प्रति समर्पित होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परिश्रम ही एक मात्र विकल्प है। सिल्ली विधानसभा को शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। आजसू नेता ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिले इसी सोच और संकल्प के साथ हमने सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज की शुरूआत की थी। आज इस संस्थान से पढ़ाई पूरी कर चुके कई छात्र-छात्राएं देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस नए विचारों व अनुसंधानों को साझा करने और शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तथ्यों एवं नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आप सभी के लिए एक सशक्त मंच बनेगा। इस कार्यक्रम में मिला बहुमूल्य ज्ञान पढ़ाई के बाद जब हम किसी संस्थान के साथ जुड़कर कार्य करेंगे तभी उपयोगी साबित होगा। मौके पर उन्होंने इस कॉन्फ्रेंस के आयोजन की सफलता के लिए कॉलेज प्रबंधन, छात्र-छात्राओं और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

## पृष्ठ एक के शेष

**लोकसभा चुनाव को लेकर...**

पर जिस वाहन से जायेंगे। उन सभी में जीपीएस भी लगाया गया है। सभी वाहनों पर निगरानी जिला कंट्रोल रूम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कहीं भी कोई सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन लोकेशन पहचान कर कार्रवाई प्रारंभ कर देगा। पोलिंग पार्टियों के साथ 70 मजिस्ट्रेट और पुलिस को टैग किया गया है। उन्होंने बताया कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में 105 इंटरमीडिएट स्ट्रॉंग रूम में बनाये गए हैं। जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र में है। उपायुक्त ने बताया कि पलामू ( अनुसूचित जाति ) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर ,हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र है। जबकि गढ़वा और भवनथपुर गढ़वा जिला में पड़ता है। उन्होंने बताया कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में 2427 मतदान केन्द्र बनाये गए हैं। जबकि मतदाताओं की सख्यां 2243034 है। इनमें 1162899 पुरूष और 1080134 महिला मतदाताओं की संख्या है। इस बार चुनाव में 18 से 20 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 85096 है। वहीं 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 13130 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 46541 है। उपायुक्त ने बताया कि मतदान के दिन कंट्रोल रूम से ऑन लाइन जानकारी भी मुहैया करायी जायेगी। सभी विधान सभा के लिए अलग-अलग कोषांग बने हैं। जहां किसी भी सूचना पर प्रशासन त्वरित कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि 9 बजे तक की वोटिंग प्रतिशत साढ़े 9 बजे बताया जायेगा। हर घंटे मतदान की स्थिति के बारे में जानकारी मुहैया करायी जायेगी।

**पुलिस फोर्स का डिप्लामेंट कर दिया गया है : एसपी**

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि प्रशासन चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। हम सुरक्षा के सारे प्रबंध दुरूस्त कर लिए हैं। चुनाव के हर मूवमेंट पर हमारी नजर रहेगी। हर बूथ पर जवानों को प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। 90 प्रतिशत जगहों पर पुलिस पहुंच चुकी है। बिहार के गया और औरंगाबाद सीमा क्षेत्र पर विशेष चेकिंग अभियान दोनों राज्यों की पुलिस चला रही है। उन्होंने आगे बताया कि बोर्डर इलाको से कोई मूवमेंट न हो इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

**मतदान करने की कि अपील :** पलामू उपायुक्त सह निर्वाची पदाधिकारी शशि रंजन ने संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से 13 मई को हर हाल में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

**शहजादे को अपनी उम्र से भी...**

पुरुषोत्तम बने। हम राम की भक्ति करते हैं, उन्हें प्रभु राम बनाने वाले आदिवासियों को भी नमन, पूजा करते हैं। इसके विपरीत झामुमो, कांग्रेस जैसे दलों का आदिवासियों के अतीत, गौरव से जुड़ाव नहीं है। इस राज्य में राज्यपाल रह चुकी आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को भाजपा ने आपके वोट से मिली ताकत से राष्ट्रपति बनाया। वे पिछले दिनों रामलला के पूजन, दर्शन को अयोध्या गयीं। इस पर कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस कर मंदिर को गंगाजल से शुद्ध करने की बात कही। झारखंड में घुसपैठिए यहां की आदिवासी बहनों से शादी कर उनकी जमीन लूटी रहे हैं। कांग्रेस और झामुमो इनके वोट के लिए झारखंड और भारत की पहचान को ही बदल देना चाहते हैं।

**कांग्रेस की सरकार आई तो वे संपत्ति की जांच कराएंगे :** मोदी ने कहा कि कांग्रेस का पंजा दलितों, ओबीसी, एसटी और एससी आरक्षण को छीनने में लगा हुआ है। वे संविधान के खिलाफ धर्म के नाम पर आरक्षण देना चाहते हैं। भाजपा ऐसा कभी होने नहीं देगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल नया फॉमूर्ला लेकर आ रहे हैं। वे आपकी संपत्ति की जांच कराएंगे। कितनी जमीन है, इसकी भी जांच की जाएगी। फिर वे आपकी आधी संपत्ति लेकर घुसपैठियों में बांट देंगे। वे ऐसा कानून लाने वाले हैं। मतलब आपकी अपनी कमाई संपति को भी वे आपको अपने ही संतान को पूरी तरह नहीं देने देंगे। गांव और शहर में आपका एक- एक घर है तो एक घर ले लेंगे। ये दलित, आदिवासी, ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। आंध्रप्रदेश, कर्नाटक में ये ऐसा कर चुके हैं।

**जेएमएम-कांग्रेस का एक ही एजेंडा, ना करेंगे, ना करने देंगे :** मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले विकास में रोड़ा हैं। झामुमो और कांग्रेस का एक ही एजेंडा है, ना कुछ करेंगे और ना ही करने देंगे। उन्होंने कहा कि ये भ्रष्टाचार के अलावा कुछ करते भी नहीं है। मोदी जो काम करता है, उसे भी ये करने नहीं देते हैं। साथियों, मैं गरीब परिवार में पैदा हुआ हूं। गरीबी क्या होती है मैं जानता हूं। इसीलिए मैं चाहता हूं कि मेरे देश के गरीब का चूल्हा जलता रहना चाहिए लेकिन ये लोग चाहते है कि मोदी का भेजा राशन आपको मिले ही नहीं।

**झारखंड में अफीम का उद्योग लगा :** मोदी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि आदिवासियों के बच्चे भी इंजीनियर डॉक्टर बने। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार की ओर से स्थानीय भाषाओं में हायर स्टडी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है लेकिन ये लोग विरोध कर रहे हैं। झारखंड में एक ही उद्योग लगा, अफीम का उद्योग। ये आपके बच्चों को नशे की दलदल में ढकेलना चाहते हैं।

**हेमंत के विकास कार्य से घबराकर...**

कि भाजपा की चाल कदम-कदम पर बदलते रहती है। भाजपा झूठे सपने दिखलाकर सत्ता में बने रहना चाहती है। कहा, दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने जिन उद्देश्यों के साथ झारखंड राज्य को अलग कराया था, उनके सपनों को हेमंत सोरेन पूरा कर रहे थे। उन्होंने केंद्र से अपने राज्य का बकाया पैसा एक लाख 36 हजार करोड़ मांगा तो केंद्र सरकार को तकलीफ हो गई। उस पैसे से पूरे झारखंड का, राज्य की एक-एक जनता का विकास होता। झारखंड की धरती के नीचे अथाह खजाना भरा हुआ है। इसी खजाने पर केंद्र की गिद्ध नजर लगी हुई है। केंद्र सरकार इसे लूटने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। कल्पना ने कहा कि अभी वक्त है सभी लोग एकजुट होकर केंद्र सरकार को सबक सिखायें। 13 तारीख को लालटेन छाप पर वोट देकर ममता भुईया को विजयी बनाएं। आज हेमंत सोरेन के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए उनकी धर्मपत्नी घर की दहलीज लांघकर निकली है। आपका आशीर्वाद हमें ताकत देगा।

**पीएम मोदी का कोई...**

13 मई को होने वाले चुनाव का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक है लेकिन उन्होंने लोगों को 7 बजे से पहले मतदान के लिए कतार में खड़े होने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यदि 5 बजे शाम तक कोई व्यक्ति कतार में खड़ा हो जाता है तो उसको मतदान देने से रोका नहीं जा सकता चाहे कितनी भी देर क्यों ना हो जाए। सांसद राम ने कहा कि मोदी सरकार का कहना है 'न खाया है, न खाने देंगे' राम ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मोदी का कोई विकल्प नहीं है। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे,प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, अमलेश्वर दुबे, भीष्म चौरसिया, ईश्वरी पाण्डेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मनोज चौधरी, विवेक सिंह, आनंद सिंह, रामप्रवेश चौरसिया, मुनी चौधरी, जय चौधरी, आदि समेत सकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

**बालू को लेकर बवाल, मामला...**

बालू निकाल रहा था तो सीओ साहब ने भेजा कि कहीं यह चैनपुर क्षेत्र के अधीन तो नहीं है। हम इसको लेकर वहां गए थे। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि यह पुलिस का मामला नहीं है। दोनों सीओ साहब आपस में बात की,इसके बाद उसे छोड़ा गया। वैध चालान के बाद संबंधित ट्रैक्टर पकड़े जाने के बाद एक पक्ष में काफी आक्रोश व्याप्त है। बहरहाल यह तो वहीं बात हो गई हसुआ के बियाह में खूरपी के गीत गाया जा रहा है।

**एनएचएआईकर्मी लोगों को...**

के आठ बजे उचित मुआवजा की मांग को लेकर रैयतों की एक बैठक बुलाई गई थी। उचित मुआवजा की मांग को लेकर रैयत एसी मेदिनीनगर में केस किए हैं,जिसका केस नंबर 44 / 2024 है। एनएचआई कर्मियों के द्वारा लोगों को डरा धमकाकर कागज लिया जा रहा है। विधवा महिला के घर में जबरन घुस जा रहे हैं। इसी का हम लोगों ने विरोध किया। सुभाष चंद्र बोस ने कहा कि डीसी पलामू से भी रैयत मिले थे। डीसी ने एन एच कर्मी व रैयतों को मिलकर इसका समाधान निकालने की बात कही थी, परंतु इसका एक प्रतिशत भी एन एच कर्मी पालन नहीं कर रहे हैं।




## चुनाव के रंग



अनुराग ठाकुर ने शनिवार को हमीरपुर में रोड शो किया। हिप्र के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर भी इसमें शामिल हुए।



गुलाम नबी आजाद श्रीनगर में रोड शो के दौरान पार्टी के मध्य कश्मीर के उम्मीदवार अमीर भट्ट के साथ।



टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा शनिवार को नादिया जिले में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करती हुईं।

नाना पटोले के बयान पर पीएम मोदी का वार, कहा

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन तो कांग्रेस ने की शुद्धिकरण की बात

■ आदिवासी व महिलाओं का अपमान कांग्रेस की सोच में रचा-बसा ■ 4 जून को एनडीए 400 का आंकड़ा पार करेगा





**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुद्दों को लपकने और उसे भावनात्मक मोड़ देने में माहिर प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को ओडिशा के बरगढ़ में कांग्रेसी नेता नाना पटोले के राम मंदिर का शुद्धिकरण करने वाले बयान पर करारा जवाब दिया। मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज का अपमान कांग्रेस की सोच में रचा-बसा है। अभी कुछ दिन पहले ओडिशा के आदिवासी समाज की बेटी हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या में रामलला का दर्शन करके आई तो दूसरे ही दिन एक बड़े कांग्रेसी नेता ने राम मंदिर को गंगाजल से धोने और उसके शुद्धिकरण की घोषणा कर दी। कहा, आदिवासी समाज का और माताओं-बहनों का अपमान करने वाले ऐसे लोगों को भारत की राजनीति में रहने का हक नहीं है। मैं चाहता हूं कि राष्ट्रपति का अपमान करने वाली कांग्रेस की लोकसभा या विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर जमानत जब्त होनी चाहिए। मालूम हो कि महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी तो राम मंदिर का शुद्धिकरण किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा जनता जर्नादन ने जो आशीर्वाद दिया है, उस आशीर्वाद के भरोसे कह रहा हूं कि 4 जून को एनडीए का 400 पार करना पक्का हो चुका है। इतना ही नहीं कांग्रेस पार्टी इस बार विपक्ष भी बन नहीं पाएगी। उसके लिए उनके शहजादे की उम्र से भी कम सीटें मिलने वाली हैं।

**कहां है श्री रत्न भंडार की चाबी :** उन्होंने राज्य की बीजेडी सरकार पर आगे कहा, आज सुबह ही मैंने श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रबंधन से जुड़ा एक संवेदनशील विषय देश और ओडिशा के सामने रखा है। जगन्नाथ जी मंदिर के श्री रत्न भंडार की चाबियां पिछले 6 साल से गायब हैं। श्री रत्न भंडार में अकूत धन-दौलत है। लेकिन, उसकी सही स्थिति सामने नहीं आ रही है। ओडिशा सरकार श्री रत्न भंडार की जांच रिपोर्ट को सामने नहीं आने दे रही है।

### मोदी ने सीएम पटनायक को दिया चैलेंज

**बलांगीर।** ओडिशा के बलांगीर में प्रधानमंत्री मोदी ने बीजेडी प्रमुख और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर तीखा हमला बोला। मोदी ने सीएम पटनायक को मंच से ओडिशा के बिना कागज लिए 10 गांवों के नाम बताने का चैलेंज दिया। पीएम मोदी ने कहा कि जब दिल्ली में जी-20 सम्मेलन हुआ, पूरी दुनिया के बड़े-बड़े नेता आए, तो मैंने वहां कोणार्क सूर्य मंदिर के चक्र के सामने उनकी तस्वीरें खिंचवाई। हमारी सरकार ने ही ओड़िया वीरता के प्रतीक पाइका संग्राम के मेमोरियल को स्वीकृति दी। ये भाजपा सरकार ही है, जिसने पहली बार एक आदिवासी बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया। आज ओडिशा की बेटी देश की तीनों सेनाओं को कमांड करती है।



ओडिशा के कंधमाल में पद्मश्री पुरस्कार विजेता पूर्णमासी जानी का चरणस्पर्श करते पीएम मोदी।

## इस बार 400 सीट मिली तो देश में लव-जिहाद करने की कोई हिम्मत नहीं करेगा : हिमंता बिस्वा



**एजेंसी। बेगूसराय**

बेगूसराय में भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। सरमा ने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 सीट मिली तो देश में लव-जिहाद करने की कोई हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने माना कि वो हिन्दी ठीक से नहीं बोल पाते हैं और कहा, लेकिन मैं दिल से बोलता हूं, इस कारण लोग समझ भी पाते हैं।

उन्होंने कहा कि पहले पाकिस्तान के लोग भारत में बम फेंकते थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 2 बार पाकिस्तान में बम फेंका, उसके बाद कोई आने की हिम्मत नहीं करता। इसलिए हमें मोदी जी की सरकार लानी है। उन्होंने अयोध्या राम मंदिर निर्माण की चर्चा करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब कांग्रेस वाले और लालू यादव मंदिर उद्घाटन की तारीख नहीं पूछते हैं।

लोग कहते हैं कि राहुल गांधी और लालू प्रसाद राम मंदिर दर्शन नहीं करने गए। मैं कहता हूं कि वे जाएंगे ही नहीं, क्योंकि उन्होंने इतना पाप किया है कि वो गए भी तो रामलला उन्हें दर्शन नहीं देंगे। इस जीवन में वे रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि इनको रिकॉर्ड मतों से जीताइए। बिहार ही नहीं देश को इनकी जरूरत है।

इनको बेगूसराय की जनता के अलावा देश के गरीबों का भी आशीर्वाद प्राप्त है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को बेगूसराय में मतदान होना है। बेगूसराय से भाजपा के गिरिराज सिंह का मुकाबला महागठबंधन के प्रत्याशी अवधेश राय से है।

## फिर लिखेंगे चुनाव आयोग को पत्र : मल्लिकार्जुन खरगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एक बार फिर से चुनाव आयोग को पत्र लिखेंगे। इस बार उनके पत्र लिखने का आशय पिछली बार उनके द्वारा भेजे गए पत्र को अस्वीकृत किए जाने का कारण जानना है। चुनाव आयोग ने मौजूदा लोक सभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में विसंगति के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 6 मई के पत्र में उठाए गए सवालों को आरोप बताते हुए शुक्रवार को खारिज कर दिया है। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए खरगे ने कहा, मैं एक बार फिर पत्र लिखकर चुनाव आयोग से अस्वीकृति का कारण पूछूंगा लेकिन मैं इसे वहां (चुनाव आयोग) पहुंचने से पहले प्रेस को जारी नहीं करूंगा। खरगे ने आयोग को लिखे पत्र में छह सवाल उठाए थे और उस पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर डाल दिया था। भारत निर्वाचन आयोग ने पत्र मिलने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे को लोकसभा चुनाव में बाधा डालने के लिए फटकार लगाई। आयोग ने उनके बयानों को आक्रामक कहा। आयोग ने यह भी कहा कि मतदाता मतदान डेटा जारी करने के संबंध में उनके (खरगे) निराधार आरोप स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन में भ्रम, गलत दिशा और बाधाएं पैदा करने के लिए लगाए गए हैं। आयोग ने आशंका भी जताई कि उनके बयान से मतदाताओं की भागीदारी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।




### कांग्रेस को झटका, प्रवक्ता विनोद शर्मा ने छोड़ी पार्टी



**पटना।** लोकसभा चुनाव के बीच बिहार कांग्रेस को झटका लगा है। पार्टी के प्रवक्ता विनोद शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस संबंध में एक पत्र पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी भेजा है, जिसमें पार्टी छोड़ने के कई कारण गिनाए हैं। शर्मा ने खड़गे को लिखे पत्र में कहा है, कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता तथा प्रवक्ता एवं सह संयोजक मीडिया भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पद से इस्तीफा देता हूं। पत्र में उन्होंने आगे कारणों का जिक्र करते हुए लिखा कि बिहार में कांग्रेस पार्टी ने जंगलराज पार्ट-2 की शुरूआत के लिए राजद के सामने घुटने टेक दिए तथा भारत तेरे सौ-सौ टुकड़े होंगे का नारा लगाने वाले को दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी बनाया, इनकी मंशा स्पष्ट है।

### खरगे बोले- सरकार बनी तो सीबीआई और ईडी के मामले लिए जाएंगे वापस

**पटना।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए तमाम सियासी मुद्दों पर खुलकर अपनी राय जाहिर की। इस दौरान महागठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता उपस्थित रहे। इंडिया गठबंधन के पीएम चेहरे के सवाल के जवाब में खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर कोई परेशानी नहीं है। गठबंधन के लोग बैठकर विचार करेंगे और जिनका नाम तय होगा, वह इंडिया गठबंधन की तरफ से देश का प्रधानमंत्री बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि पहले भी हम लोगों ने गठबंधन की सरकार सफलतापूर्वक चलाई है और कई अच्छी योजनाएं भी लाई है। उन्होंने आगे कहा कि अगर देश में गठबंधन की सरकार बनती है तो सीबीआई और ईडी की ओर से जो मामले दर्ज किए गए हैं, उन्हें वापस लिए जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो मामले कानून सम्मत दर्ज किए गए हैं, वो चलेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनको झूठ बोलने का अधिकार प्राप्त है और बोलते रहते हैं। वे बेरोजगारी और महंगाई तथा किए गए वादों को लेकर कुछ नहीं बोल रहे, केवल धर्म और हिन्दू-मुसलमान की बात कर रहे हैं। जनता उनके बांटने की नीति को समझ गई है।

अखिलेश यादव का औरैया में रोड शो, कहा-

## भाजपा ने हर वर्ग को किया अपमानित



**एजेंसी। औरैया**

चौथे चरण का चुनाव प्रचार थम गया है। उससे पहले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने औरैया की बिधूना विधानसभा में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग को अपमानित किया है। रोड शो में भगत सिंह चौराहे से लेकर ऐरवाकटरा तक 16 किलोमीटर की दूरी तय की गई। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने का है, जिस तरीके से समुद्र मंथन हुआ था, उसी तरीके से संविधान मंथन होने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जो भाजपा सत्ता में रही, उसने महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाई, किसानों को लूटा। यह हमारे भविष्य और आने वाली पीढ़ियों का चुनाव है। एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान के भक्षक हैं, जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं, वहीं दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो संविधान को बचाना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने बेरोजगारी और महंगाई देकर जनता के साथ अन्याय किया। कोई वर्ग नहीं बचा, जिसे इस सरकार ने अपमानित न किया हो। इन लोगों ने भेदभाव के साथ जितना अन्याय कर सकते हैं उतना किया। आज खुशी है कि इस बार बिधूना और आसपास के लोगों ने कन्नौज और इटावा लोकसभा सीट को भी जीतने का मन बना लिया है।

## बंगाल में चुनाव की निष्पक्षता के लिए 'प्रारंभिक कार्रवाई फॉमूर्ला' अपनाएगा चुनाव आयोग

**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पश्चिम बंगाल में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आगामी चार चरणों के लोकसभा चुनावों में 'प्रारंभिक कार्रवाई फॉमूर्ला' अपनाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक सूत्र ने 'प्रारंभिक कार्रवाई फॉमूर्ले' को समझाते हुए शनिवार को कहा कि यह रणनीति बहुआयामी होगी। सबसे पहले, मतदान शुरू होने के पहले घंटे से ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान मतदान केंद्रों के आसपास राजनीतिक दलों के समर्थकों को इकट्ठा होने से रोकेंगे। सूत्र ने कहा, संभावित उपद्रवियों व अपराधियों के मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी। दूसरा, चिन्हित किए गए 'प्रभावशाली' स्थानीय नेताओं की लगातार निगरानी की जाएगी। उन्हें मतदान केंद्रों के पास अपने सहयोगियों के साथ लंबे समय तक इकट्ठा होने से रोका जाएगा। इसे मतदान शुरू होने के पहले घंटे से ही लागू कर दिया जाएगा। तीसरा, आदतन अपराधियों को दिन भर के लिए हिरासत में लिया जाएगा और मतदान बंद होने के एक घंटे पहले रिहा किया जाएगा, ताकि वे मतदान कर सकें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि 'प्रारंभिक कार्रवाई फॉमूर्ला' को सात मई को चुनाव के तीसरे चरण में एक सीमित सीमा तक लागू किया गया था। सूत्रों ने कहा, चौथे चरण से यह फॉमूर्ला अधिक विस्तृत और सख्ती से लागू किया जाएगा।

### जम्मू-कश्मीर : पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने की आयोग के नोटिस की निंदा




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी) ने पार्टी अध्यक्ष सज्जाद लोन द्वारा एक्स पर शेयर एक गाने के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा नोटिस जारी करने पर उसकी आलोचना की है। पार्टी प्रवक्ता अदनान अशरफ मीर ने कहा, यह गीत पार्टी ने नहीं, बल्कि कश्मीरी युवाओं ने तैयार किया है। यह कश्मीरियों की भावनाओं का प्रतीक है। यह उनकी पीड़ा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि इस गाने को चुनावी मानदंडों के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने चुनाव आयोग से नियमों को समान रूप से लागू करने का आग्रह किया। प्रवक्ता ने कहा, यह निराशाजनक है कि चुनाव आयोग दूसरों के प्रति उदारता दिखाते हुए हमारी पार्टी को जांच के लिए चुनता है। उन्होंने कहा, बिना किसी पूर्वाग्रह के सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिए।"

## महबूबा मुफ्ती का प्रशासन पर चुनाव में बेइमानी की कोशिश का आरोप



**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन चुनाव में बेइमानी की कोशिश कर रहा है। शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने पुलवामा में धारा 144 के तहत शनिवार शाम 6:30 बजे से 48 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। यह इलाका सोमवार को होने वाले श्रीनगर लोकसभा सीट का हिस्सा है। उन्होंने कहा, शनिवार शाम 6:30 बजे से पुलवामा जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि जहां चुनाव होने हों, वहां पाबंदियां लगाई जाएं और वह भी चुनाव खत्म होने तक। प्रशासनिक मशीनरी लोग को परेशान करने की कोशिश कर रही है, ताकि वे मतदान के लिए बाहर न निकलें। महबूबा ने कहा कि चुनाव में फजीर्वाड़ा की तैयारी की जा रही है। चुनाव फिक्स प्रतीत होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। कुछ दिन पहले सुरनकोट (जम्मू के पुंछ जिले में) में हमला हुआ और हमले के बाद हमारे 50 से 60 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आयोग को 1987 के चुनाव दोहराने हैं, तो कश्मीर में चुनाव का नाटक क्यों किया जा रहा है?

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

